हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

## टी20 सीरीज : जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान, वैभव-रिंकू...

Page 09



देश

## अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने किया आवेदन, पतंजलि के 50 सन्यासी भी देंगे इंटरव्यू


कृष्ण पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 08 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 216 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,33,150 | ₹ 2,45,000 |



### आज का इतिहास

**1965 : भारतीय सिनेमा की पहली फिल्म 'दो बीघा जमीन' जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वाहवाही बटोरी, इसके फिल्मकार बिमल रॉय का निधन हुआ।**

**1984 : पहली भारतीय महिला पायलट सुषमा मुखोपाध्याय का निधन हुआ।**

### 30 जुलाई से शुरू होगी बिहार मुक्त विद्यालयी बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा

**पटना (नि.सं.)** । बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबीओएसई) ने माध्यमिक (मैट्रिक) जून-2026 परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अररिया में आयोजित जन सहयोग शिविर एवं जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# बिहार में घुसपैठ और आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं : सीएम

निज संवाददाता | अररिया

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड की हरिपुर पंचायत में आयोजित जन सहयोग शिविर एवं जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठ और आतंकवाद के लिए बिहार में कोई जगह नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार अपराध, आतंकवाद और अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सहयोग शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने बताया कि राज्यभर में अब तक 4 लाख 53 हजार 62 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से केवल 27 हजार आवेदन लंबित हैं। अधिकांश मामलों का निपटारा किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने हरिपुर क्षेत्र में संचालित मीट फैक्ट्री को बंद कराने की मांग को लेकर पोस्टर और तख्तियां दिखाईं। लोगों का आरोप था कि फैक्ट्री से निकलने वाली दुर्गंध और प्रदूषण के कारण आसपास के ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा



है। इस दौरान अररिया सांसद प्रदीप सिंह ने भी मंच से कहा कि फैक्ट्री के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है और इसकी जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जांच में फैक्ट्री अवैध पाई जाती है तो उसे तत्काल बंद कराया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि फैक्ट्री से प्रदूषण फैल रहा है तो प्रदूषण नियंत्रण विभाग इसकी जांच करे। साथ ही जिला पदाधिकारी (डीएम) को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया। जन सहयोग शिविर में राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, राशन कार्ड तथा लोक शिकायत निवारण से जुड़े आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। स्वास्थ्य विभाग, बैंक, जीविका, आपूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का तत्काल समाधान किया।

### मीट फैक्ट्री विवाद की जांच का दिया आदेश

उन्होंने कहा कि अपराधियों को बिहार छोड़ना होगा और सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार सीमा क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं, प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मीट फैक्ट्री से प्रदूषण फैलने के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में मवेशी चोरी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा अवैध फैक्ट्री को बंद कराने की मांग की।


## बिहार के स्टेट हाईवे पर निजी वाहनों से नहीं वसूला जाएगा टोल : सम्राट

बिहार के स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा ऐलान करते हुए स्पष्ट किया है कि निजी कार, जीप और अन्य व्यक्तिगत उपयोग के वाहनों से कोई टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। टोल शुल्क केवल व्यावसायिक (कमर्शियल) वाहनों से ही वसूला जाएगा। मंगलवार को अररिया जिले के हरिपुर में आयोजित सहयोग शिविर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि टोल टैक्स को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप व्यवस्था लागू की जाएगी, लेकिन बिहार सरकार ने आम नागरिकों को राहत देते हुए निजी वाहनों को टोल शुल्क से मुक्त रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के साथ निजी वाहन से यात्रा करने वाले लोगों से किसी प्रकार का टोल नहीं लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले सप्ताह उनकी अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पथ उपयोगकर्ता शुल्क (दरों का निर्धारण एवं संग्रहण) नियमावली, 2026 को मंजूरी दी गई थी। इसी नियमावली के तहत पहली बार बिहार के स्टेट हाईवे पर टोल वसूली का प्रावधान किया गया है। अब तक राज्य में केवल राष्ट्रीय राजमार्गों (नेशनल हाईवे) पर ही टोल लिया जाता था।

नई नियमावली के अनुसार टैक्सी, कमर्शियल कार और जीप से 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर, बस और ट्रक से 6.65 रुपये प्रति किलोमीटर तथा बड़े वाहन एवं ट्रेलर से 8.10 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से टोल शुल्क लिया जाएगा।

# दक्षिण बिहार के सात जिलों में मिले खनिजों का बड़ा भंडार


### जल्द शुरू होगी नीलामी की प्रक्रिया



- **ईवी बैटरी, सौर ऊर्जा, रक्षा उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, केंद्र के साथ आगे की रणनीति पर होगी बैठक**

निज संवाददाता | पटना

बिहार अब देश में क्रिटिकल मिनरल (महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिज) के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य के दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के सात जिलों में ऐसे बहुमूल्य खनिजों के भंडार मिले हैं, जिनका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), बैटरी, सौर ऊर्जा, रक्षा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य आधुनिक उद्योगों में किया जाता है। इन खनिजों की उपलब्धता से राज्य में खनन, उद्योग और बड़े निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं। खनन एवं भू-तत्व विभाग के अनुसार, इन खनिज क्षेत्रों की नीलामी और खनन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार जल्द ही केंद्र सरकार के साथ बैठक करेगी। खान एवं भू-तत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार अधिकारियों के दल के साथ केंद्र से समन्वय कर आवश्यक प्रक्रियाओं को गति देने की तैयारी में हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गया, औरंगाबाद तथा रोहतास समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में क्रिटिकल मिनरल्स के महत्वपूर्ण संकेत मिले हैं। इसके अलावा अन्य जिलों में भी विभिन्न दुर्लभ खनिजों की संभावनाओं की पहचान की गई है, जिससे बिहार की खनिज संपदा को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन खनिजों के व्यावसायिक दोहन से बिहार में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, औद्योगिक निवेश बढ़ेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। साथ ही, भारत की इलेक्ट्रिक वाहन, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### कौआकोल में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, तीन माह की मासूम को छोड़ गई मां

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के कौआकोल कोनी पर मोहल्ला में सोमवार-मंगलवार की रात एक 21 वर्षीय नवविवाहिता ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। मृतका की पहचान कोनी पर मोहल्ला निवासी अर्जुन राम एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका बच्ची कुमारी के छोटे पुत्र आशुतोष कुमार उर्फ कुंदन कुमार की पत्नी सोनी कुमारी (21 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देर रात सोनी कुमारी अपनी तीन माह की पुत्री को सोई हुई अवस्था में पति के पास छोड़कर दूसरे कमरे में चली गईं,जहां उन्होंने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना का पता चलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सोनी कुमारी का मायका शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के कुठौत (प्यारेपुर) गांव में है। वह गौतम राम की पुत्री थीं। उनकी शादी 25 मई 2025 को आशुतोष उर्फ कुंदन के साथ हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूछताछ के लिए मृतका के पति को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है और पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मचा कोहराम

**नारदीगंज (नवादा)।** राजगीर-बोधगया राजमार्ग पर गोपी पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क हादसे में 21 वर्षीय प्रियांशु राज की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक बलवापर निवासी स्वर्गीय बाल्मीकि प्रसाद का पुत्र था। घायलों में उसका 22 वर्षीय बड़ा भाई निरंजन कुमार और पैक्स अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार का पुत्र सोनू कुमार उर्फ बंटी शामिल हैं। दोनों घायलों का नवादा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा मंगलवार दोपहर करीब दो बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, प्रियांशु और सोनू बाइक से हिसुआ की ओर जा रहे थे। रास्ते में प्रियांशु के बड़े भाई निरंजन से मुलाकात होने पर तीनों सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत करने लगे। इसी दौरान नारदीगंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है , स्वजन ने कहा फिलहाल दोनों जख्मी का इलाज नवादा में निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रियांशु की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पिता के निधन के बाद वह परिवार का सहारा था। पूर्व मुखिया संजय कुमार और पैक्स अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, गुड्डू कुमार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के लिए आपदा प्रबंधन कोष से उचित मुआवजे की मांग की है।

### लाइन स्ट्रिंगिंग को लेकर माया बीघा एवं ओढ़नपुर फीडर की बिजली आपूर्ति होगी बाधित

**वारिसलीगंजः** नगर परिषद क्षेत्र स्थित बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में 33केवी ओढ़नपुर एवं 33 केवी गंगावाटर फीडर में 8 जुलाई बुधवार को सुबह 11:00 से 2:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध की जानकारी देते हुए वारिसलीगंज के बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 08 जुलाई को वारिसलीगंज में 132/33 केवी अंबुजा सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के लाइन में स्ट्रिंगिंग का कार्य होनी है। इस बीच उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली संबंधित उपभोक्ता अपने आवश्यक कार्य को पहले निबटा लें। ताकि कोई परेशानी न हो सके। सहायक कार्यपालक अभियंता ने बिजली बाधित होने को लेकर खेद प्रकट किया है।

### कौआकोल प्रखण्ड के छबैल पंचायत में लगाया गया सहयोग शिविर



**कौआकोल।** राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड के छबैल पंचायत अंतर्गत पैक्स गोदाम भवन में सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सदर एसडीओ अमित अनुराग,बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार एवं स्थानीय मुखिया भोला प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों पर विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं,शिकायतों और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। शिविर में मौजूद एसडीओ के द्वारा कई समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को एक ही स्थान पर सभी जरूरी सेवाएं और योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। बीडीओ एवं सीओ ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विभिन्न विभागों के सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### टीकाकरण सत्र स्थल पर होगी हाई-रिस्क गर्भवतियों की पहचान, समय पर रेफरल से घटेगी मातृ मृत्यु



**नरहट (नवादा)।** मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने तथा हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नरहट में एएनएम, सीएचओ और आशा फैसिलिटेटरों के लिए प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने की। प्रशिक्षण में टीकाकरण एवं वीएचएसएनडी सत्रों में आने वाली गर्भवती महिलाओं की हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान, जोखिम के अनुसार वर्गीकरण, आवश्यक जांच और उच्च स्वास्थ्य संस्थान में समय पर रेफरल की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंतोष कुमार व राकेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार, बीएम एंड ई सुनील कुमार तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा सहित स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के अधिकारी मौजूद रहे। मंतोष कुमार ने कहा कि टीकाकरण सत्र स्थल पर ही हाई-रिस्क गर्भवतियों की पहचान कर समय पर रेफरल सुनिश्चित करने से गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव होगा और मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी आएगी। डॉ. ओम प्रकाश ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को प्रत्येक टीकाकरण एवं वीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य स्क्रीनिंग, हाई-रिस्क मामलों का तत्काल रेफरल और नियमित फॉलो-अप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र में शत-प्रतिशत पहचान एवं समय पर रेफरल का संकल्प लिया।

# ग्रामीण कार्य विभाग की 'न्यू टेक्नोलॉजी' बनी मुसीबत चिरैला स्कूल मार्ग पर फैला कीचड़, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- ठेकेदार के प्रतिनिधियों द्वारा शराब के नशे में रहकर काम करवाने के आरोप
- मुख्य मार्ग पर कीचड़ का साम्राज्य, हादसे की आशंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कथित 'न्यू टेक्नोलॉजी' के तहत बनाई जा रही सड़क अब ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बन चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग 20 से सेक्टर सी और सेक्टर बी के चिरैला स्कूल होते हुए पुनः एनएच-20 को जोड़ने वाली इस सड़क पर इन दिनों कीचड़ का साम्राज्य फैला हुआ है। सड़क के बीचोबीच मिट्टी की अनियंत्रित भराई कर दी गई है, जिससे पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। इस लापरवाही के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सुबह की सैर पर निकलने वाले लोगों से लेकर स्कूली बच्चों और आम राहगीरों तक का इस मार्ग पर चलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क विकास के नाम पर विनाश का जीता-जाता उदाहरण बन गई है।

**लाखों के बजट और रखरखाव मद की मोटी राशि के बाद भी बदहाली :-** योजना के आधिकारिक तौर लगाए गए सूचना पट्ट के अनुसार, इस 1.100 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए कुल 52.54439 लाख रुपये की भारी-भरकम प्राक्कलित राशि स्वीकृत की गई है। इसमें मूल निर्माण कार्य के लिए 35.15460 लाख रुपये निर्धारित हैं, जबकि सड़क को भविष्य में दुरुस्त रखने के लिए संचालन, प्रबंधन और रखरखाव मद में भी लाखों रुपये का वार्षिक प्रावधान अलग से किया गया है। इतना ही नहीं, सड़क के पांचवें साल में बिटुमिनस भाग पर कालीकरण के लिए भी 2.00356 लाख रुपये की राशि तय है। संवेदक संजय कुमार द्वारा 12 जून 2025 से शुरू किए गए इस काम को 11 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन लाखों के इस बड़े बजट और रखरखाव की अग्रिम व्यवस्था के बावजूद धरातल पर पसरा कीचड़ और बदहाली कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल रजौली की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

**सरपंच संतोष कुमार के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों का तीखा विरोध :-** ठेकेदार की इस मनमानी और विभागीय अनदेखी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। ग्राम कचहरी हरदिया के सरपंच संतोष कुमार के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विरोध जताने वालों में अनुज कुमार, करण कुमार, राधाकांत मिश्रा, किशोर साव, भगवान साव, राजू कुमार, दिनेश कुमार, विक्रम कुमार, सनोज कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं शामिल हैं। सरपंच संतोष कुमार ने बताया कि लगभग 6 महीने पहले इस सड़क पर सीमेंट का कार्य हुआ था, जिसके बाद अब बारिश के मौसम में अचानक मिट्टी भराई का काम शुरू कर दिया गया, जिसने स्थिति को बदतर बना दिया है।

**ठेकेदार के प्रतिनिधियों द्वारा एफआईआर की धमकी, जबरन कराया गया काम:-** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस गुणवत्ताहीन और खतरनाक कार्य को रोकने का प्रयास किया, तो ठेकेदार के प्रतिनिधियों ने उनके साथ सहयोगात्मक रुख अपनाने के बजाय उन्हें डराना-धमकाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों को पुलिस केस और एफआईआर दर्ज कराने की सीधी धमकी दी गई। इसी भय और प्रशासनिक दबाव का फायदा उठाकर ठेकेदार के कर्मियों ने ग्रामीणों की मर्जी के खिलाफ जबरन काम को अंजाम दिया। स्थानीय महिलाओं रीना देवी, चिंता देवी, सीमा देवी, सुदमिया देवी, सोनी देवी, रेणु देवी और रंजू देवी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी पूर्व जानकारी के उनके घरों के सामने इस तरह कीचड़ फैला दिया गया है, जिससे उनका दैनिक जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।



पीसीसी सड़क पर मिट्टी की परत

**शराब के नशे में रहकर काम करने के आरोप :-** ग्रामीण भगवान दास ने आरोप लगाया है कि संवेदक घर में सोए रहते हैं और उनके मुंशी-मैनेजर शराब के नशे में धुत्त होकर काम करवा रहे हैं। बारिश के मौसम में सड़क पर बने मिट्टी गीली होने से निजी व सरकारी स्कूल जाने वाले बच्चे और उनके परिजन गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

**प्रशासनिक अधिकारियों से जांच और सड़क सुधार की मांग :-** विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि चिरैला स्कूल के समीप होने के कारण रोजाना सैकड़ों बच्चे इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं, जो आए दिन इस कीचड़ में फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, ग्रामीणों को धमकी देने वाले ठेकेदार के प्रतिनिधियों पर कार्रवाई हो और सड़क को जल्द से जल्द साफ-सुथरा कर चलने योग्य बनाया जाए ताकि क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

**क्या कहते हैं ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी :-** इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग रजौली प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि उनकी पदस्थापना नई है। इसलिए उन्होंने क्षेत्र के कनीय अभियंता से आवश्यक जानकारी लेने की बात कही। वहीं कनीय अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने जांच कर अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही है।

## वैज्ञानिक तरीके से डेयरी फार्मिंग अपनाकर ग्रामीण युवा संवारें अपना भविष्यः- अरविंद

### केवीके नवादा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, 30 युवाओं को मिला प्रमाण पत्र



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में 'ग्रामीण आजीविका हेतु वैज्ञानिक विधि से डेयरी फार्म प्रबंधन' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने 30 सफल प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से डेयरी फार्मिंग अपनाकर ग्रामीण युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से गौ पालन को लाभदायक व्यवसाय में बदला जा सकता है,जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण के कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं पशु विज्ञान विषय विशेषज्ञ रजत रंजन ने बताया कि पांच दिनों तक प्रतिभागियों को उन्नत नस्ल चयन, प्रजनन प्रबंधन,संतुलित पशु आहार, वैज्ञानिक शेड निर्माण,बछड़ों की देखभाल, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, पशु रोग प्रबंधन तथा डेयरी व्यवसाय के आर्थिक एवं अभिलेख प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, मनोज कुमार एवं राजेश कुमार सहित केंद्र के वैज्ञानिक व कर्मी उपस्थित रहे।

## अंधरवारी में आयोजित शिविर में पहुंचे 67 मामले, 28 पदाधिकारियों द्वारा मात्र तीन मामले का निष्पादन

- ग्रामीणों का आरोप : सहयोग शिविर के नाम पर खानापूर्ति,पदाधिकारी उपस्थिति बनाकर गायब, कई तो पहुंचे भी नहीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के अंधरवारी पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 67 आवेदनों में मात्र 3 का निष्पादन किया गया। इस दौरान पंचायत सरकार भवन को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था एवं भवन के अंदर हॉल समेत प्रत्येक कमरों में मेज और कुर्सी पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर और उनके प्रतिनिधित्व करते अधीनस्थ कर्मी,तो दिखाई दिए। किंतु प्रखंड स्तरीय अधिकांश पदाधिकारी अपनी उपस्थिति बनाकर शिविर से वापस लौट आए थे। पदाधिकारियों के इस रवैए से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और वे पदाधिकारियों पर सहयोग शिविर के नाम पर खानापूर्ति करने और मौजूदा सरकार को बदनाम करने का गम्भीर आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि इससे पूर्व हरदिया,रजौली पश्चिमी एवं अमावां पूर्वी पंचायत में सहयोग शिविर में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे थे,क्योंकि जिला एवं पटना मुख्यालय से वरीय पदाधिकारी का निरीक्षण था।



परिजनों के साथ शिविर में शामिल होते पैरालाइसिस वृद्ध

**पदाधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में रोष :-** अंधरवारी निवासी बिपिन सिंह,विशेश्वर मिस्त्री व रामबिलास प्रसाद,सलेमपुर निवासी अरविंद कुमार सिंह,बृजनन्दन प्रसाद व मुसाफिर यादव,करहरा निवासी पिंकी देवी,अनिता देवी,पूनम कुमारी व गुड़िया देवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि सहयोग शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक था। किंतु पदाधिकारी अपना अपना हस्ताक्षर कर महज़ कुछ मिनटों में ही लौट गए,जो शिविर में पुनः वापस नहीं आए। पदाधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीण खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। ग्रामीणों को विश्वास था कि उनकी समस्याओं को सुनने के लिए पदाधिकारी मिलेंगे,किंतु ग्रामीण अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के प्रतिनिधित्व कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों आदि को लिखित शिकायत देकर बैरंग वापस लौट गए। वहीं शिविर में कुछ कर्मी 3 बजे ही वापस लौट आए। अंधरवारी निवासी अल्तो राम का वृद्धा पेंशन के लिए पैरालाइसिस रोग से ग्रसित हैं और अपने परिजनों के साथ सहयोग शिविर में पहुंचे थे,किंतु पदाधिकारी के नहीं रहने पर निराश दिखाई दिए।

**नोडल पदाधिकारी ने किया बचाव :-** अंधरवारी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में नोडल पदाधिकारी सह बीपीआरओ हरिमोहन कुमार ने बताया कि शिविर में प्रतिनियुक्त प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी अपने ऑपरेटरों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर वापस लौट गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है,उनकी समस्याओं का निष्पादन 30 दिनों के अंदर कर लिया जाएगा। शिविर के दौरान वे ग्रामीणों की समस्याओं पर बातचीत करते नजर आए।

**क्या कहते हैं बीडीओ :-** बीडीओ संजीव झा ने बताया कि शिविर से पूर्व ग्रामीणों द्वारा कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए थे,जिनमें तीन का निष्पादन शिविर में किया गया। वहीं शिविर में पहुंचे 43 आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को सुपुर्द किया गया है। पदाधिकारियों के हस्ताक्षर कर शिविर से चले जाने एवं अनुपस्थित रहने को लेकर कहा कि नगर पंचायत में भी सहयोग शिविर का आयोजन हो रहा था। इसलिए कुछ पदाधिकारी दोनों जगह व्यस्त रह गए होंगे।

## डुमरांवां पंचायत सरकार भवन में ग्राम विकास सह सहयोग शिविर आयोजित, योजनाओं की दी गई जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पकरीबरावां (नवादा)।** प्रखंड के डुमरांवां ग्राम पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को ग्राम विकास सह सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार तथा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी की देखरेख में हुआ। शिविर में मनरेगा, जीविका, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, गली-नाली, स्वच्छता अभियान, आवास योजना समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विचार-विमर्श किया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव-गांव तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में ऐसे सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

शिविर में मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि मंटू कुमार, बीपीआरओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार, मनरेगा के जेई राकेश कुमार, पीआरएस संगीता कुमारी, आवास पर्यवेक्षक विमलेश कुमार सुमन, आवास सहायक शिल्पी वर्णवाल, जीविका की बीपीएम पूनम कुमारी प्रजापति, सुपरवाइजर लक्ष्मी कुमारी, पीएचईडी के जेई आश्विनी आनंद, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. किशोर कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर आशीष कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अलका कुमारी, पशुपालन विभाग के डॉ. अजय कुमार, डॉ. पप्पू अमरनाथ, योगेश कुमार शर्मा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अनुराधा किरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सहयोग शिविरों के माध्यम से आमजनों को मिली सरकारी योजनाओं का लाभ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान ने नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत महुली पंचायत तथा नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत इचुआकरना पंचायत में आयोजित "सहयोग शिविर" का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित "सहयोग शिविर" आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा "सहयोग पोर्टल" भी प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ आमजनों की समस्याओं का समाधान करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुंच सके।



शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लाभुकों के बीच राशन कार्ड, शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के स्वीकृति पत्र तथा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र का वितरण किया। साथ ही इचुआकरना पंचायत के सैदपुर गांव में जिला पदाधिकारी ने स्कूली बच्चों के बीच विद्यालयी बैग भी वितरित किए। इसी क्रम में जिले के अन्य प्रखंडों एवं नगर निकायों में भी सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। सिरदला प्रखंड के चौवे, गोविंदपुर प्रखंड के विशुनपुर, पकरीबरावां प्रखंड के डुमरावां, कौआकोल प्रखंड के छबैल, अकबरपुर प्रखंड के लेदहा, वारिसलीगंज प्रखंड के मकनपुर, रजौली प्रखंड के अंधरवारी, नरहट प्रखंड के जमुआरा, हिसुआ प्रखंड के तुंगी, मेसकौर प्रखंड के विसियाइत, रोह प्रखंड के मड़रा तथा काशीचक प्रखंड के बेलड़ पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त नगर परिषद नवादा के वार्ड संख्या-43, नगर परिषद वारिसलीगंज के वार्ड संख्या-03, नगर परिषद हिसुआ के वार्ड संख्या-06 तथा नगर पंचायत रजौली के वार्ड संख्या-10 में भी सहयोग शिविर लगाए गए। सभी शिविरों में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों के स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मकनपुर सहयोग शिविर में 90 आवेदन प्राप्त, 39 का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

### *जीविका के माध्यम से दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ, 12 लाभुकों को मिला राशन कार्ड



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज।** प्रखंड के मकनपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मसूदा में मंगलवार को "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत सात निश्चय-3 योजना के अंतर्गत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 39 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। मुखिया रेखा देवी के नेतृत्व तथा बीडीओ अमित कुमार और जिला भूमि उपसमाहर्ता गौरव शंकर की देखरेख में आयोजित शिविर में रिमझिम बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। सबसे अधिक आवेदन आपूर्ति विभाग और सामाजिक सुरक्षा कोषांग से संबंधित रहे, जिनके निष्पादन में अधिकारी व कर्मी पूरे दिन जुटे रहे। शिविर में बीडीओ अमित कुमार, सीओ राजेश कुमार, एमओ गुंजन भारती, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुणाल किशोर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिलदेव प्रसाद, सहायक विद्युत अभियंता राजीव रंजन कुमार, मनरेगा के पीआरएस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने काउंटर पर लोगों की समस्याओं का समाधान करते रहे। कार्यक्रम के समापन पर जीविका के प्रखंड समन्वयक धर्मेंद्र कुमार ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं ग्रामीणों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाते हुए शराब का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। वहीं जीविका दीदियों ने स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी तथा कुछ महिलाओं ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बीडीओ को आवेदन भी सौंपा। चिकित्सा विभाग के काउंटर पर महिला मरीजों की अच्छी-खासी भीड़ रही। आशा कार्यकर्ताओं और नर्सों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। भूमि विवाद से जुड़े आवेदनों पर सीओ राजेश कुमार ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। आपूर्ति विभाग को ऑफलाइन 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 12 लाभुकों के राशन कार्ड तैयार किए गए। शिविर में उपस्थित आठ लाभुकों को मौके पर ही राशन कार्ड वितरित किया गया, जबकि शेष कार्ड मुखिया को सौंपते हुए संबंधित लाभुकों तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों की भागीदारी रही। मुखिया प्रतिनिधि नवलेश कुमार आगंतुक अधिकारियों के स्वागत-सत्कार में सक्रिय दिखे। इस अवसर पर प्रखंड स्तर के अधिकांश विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कदवा के भर्री में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भव्यता से मनाया

**कटिहार**। जिले के कदवा विधानसभा के भर्री पंचायत के बूथ संख्या 247 एवं 248 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भव्यता के साथ मनाया गया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह का अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता सह ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मंडल के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तौल्य चित्र पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मंडल ने पुष्प अर्पित कर जन्म महोत्सव मनाया।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मंडल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान दार्शनिक अर्थशास्त्री और भारतीय संविधान के संस्थापक नेता थे। वह एक आप मानववाद और अंत्योदय जैसी विचारधाराओं के प्रणेता थे। जो भारतीय राजनीति का अहम हिस्सा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मंडल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी अपने विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने राष्ट्र धर्म मासिक पत्रिका पांचजन्य साप्ताहिक और स्वदेशी दैनिक समाचार पत्र निकाल एकात्म अनुवाद उन्होंने पूजावाद और साम्यवाद दोनों को नकती हुई एक ऐसा स्वदेशी दर्शन दिया जो मनुष्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ प्राकृतिक और समाज के बीच समन्वय पर जोर देता है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मंडल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने कश्मीर में अनुच्छेद-370 को हटाने और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए बहुत संघर्ष किया। भाजपा नेता श्री मंडल ने कहा कि डॉक्टर श्याम श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद,प्रखर राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी के संस्थापक और भारतीय जनसंख्या संस्थापक थे। स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किये हैं। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए 1953 में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। भाजपा नेता श्री मंडल ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी 33 वर्ष के अल्प आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति भी बने थे। इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मेंद्र नाथ ठाकुर,मनोज पाठक,मुक्तिनाथ मंडल, प्रमोद झा, महेश्वर मंडल झा,मोदानंद झा, मंगला नंद झा,कदवा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख मंटू रविदास सहित दर्जनों भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### बिहार राज्य श्रमिक आयोग के अध्यक्ष ने पंचायत सरकार भवन में बाल श्रमिकों को किया संबोधित

#### बच्चों से काम करवाना जघन्य अपराध हैः अशोक बादल

**कटिहार**। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार बादल ने प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन बड़झल्ला के सभागार एवं वीणा पानी पुस्तकालय परसा में बाल श्रमिकों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बड़झल्ला पंचायत बाल श्रम मुक्त होगा। पंचायत में प्रवासी मजदूरों की सूची बनाया जाएगा। गरीब गुरुबों एवं मजदूरों की मदद करने वाला मेरा विभाग है। उन्होंने कहा कि बच्चों से काम नहीं करवायें। यह जघन्य अपराध है। बच्चों को स्कूल भेजें। सरकार द्वारा संचालित बाल श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाओं को विस्तार से चर्चा की।उन्होंने कहा कि आवास,खाना-पीना की व्यवस्था, बीमार पड़ने पर इलाज करवाया जाता है। बेटी की शादी करवाया जाता है। ऑनलाइन लेबर कार्ड बनाने की सुविधा है।किसी के बहकावे में नहीं आना है।लेबर कार्ड बनाने हेतु सहयोग शिविर भी सरकार द्वारा संचालित है। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी किशोर कुमार मंडल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशांत कुमार बबलू ने पंचायत में मजदूरों का लेबर कार्ड बनाने में हो रही परेशानियों का जिक्र किया तथा समाधान की मांग की। इस मौके पर श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा कहा कि सामान निधन पर 50000 की राशि विभाग द्वारा दिया जाता है। 18 से 65 वर्ष के लोगों का दुर्घटना में मौत होने पर 2 लाख का राशि एवं प्रवासी मजदूरों का निधन पर चार लाख की राशि का प्रावधान है। कार्यक्रम को जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, प्रखंड प्रमुख अमित साह,लेबर इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, समाजसेवी संजय कुमार, प्रभात मिश्रा, मुखिया रोशन कुमार, डॉक्टर आशीष कुमार, सरपंच रामबिलास,प्रभात कुमार ने अपने संबोधन में बाल श्रमिकों की समस्याओं को उजागर किया। परसा गांव में शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर ग्रामीणों ने भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़झल्ला पंचायत के सभी वार्ड के ग्रामीण उपस्थित थे। जिसमें खासकर महिलाओं की संख्या अत्यधिक थी।

### धरहन पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय धरहन दिघोंच में लगा सहयोग शिविर



**कटिहार**। प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत धरहन पंचायत अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय धरहन दिघोंच में मंगलवार को पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में जन शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर बीडीओ अभिजीत कुमार,अंचलाधिकारी शिखा कुमारी,स्थानीय मुखिया कृष्ण मोहन शर्मा एवं राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में ही आवेदनों के निष्पादन का प्रमाण पत्र लाभुकों को दिया गया। इस मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ ने सरकार की इस पहल को सराहनीय बताया तथा कहा कि जन शिकायतों का निष्पादन शिविर में ही हर हाल होना है।आयोजित शिविर हेतु 30 दिनों से प्राप्त ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कुल आवेदनों की संख्या 41 है। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 41 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। कुल 37 विभागों का शिकायत लिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। जन शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर के लिए पंचायत वार तिथि का निर्धारण किया गया है। निर्धारित तिथि के अनुरूप बारी-बारी से पंचायत वार सहयोग शिविर लगेगा। आयोजित शिविर में सभी विभागों के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# बिहार पुलिस के जवानों ने परिवार को थमाई सरकारी राइफल

## कॉन्स्टेबल पासिंग परेड के बाद एसएलआर के साथ रील्स बनाई, कहा- कोई दिक्कत नहीं





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


**नालंदा**। बिहार पुलिस में आज मंगलवार को 162 नए जांबाज सिपाही आधिकारिक रूप से शामिल हो गए हैं। 6 महीने की ट्रेनिंग के बाद नालंदा पुलिस लाइन में आयोजित 'दीक्षांत परेड' (पासिंग आउट परेड) में जवानों ने देश सेवा की शपथ ली। आईजी जितेंद्र राणा ने परेड की सलामी ली। आईजी जितेंद्र राणा ने नए सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा, वर्दी की गरिमा और कड़े अनुशासन को बनाए रखने का पाठ पढ़ाया। सिपाहियों को देश सेवा और सत्य निष्ठा की बड़ी-बड़ी कसमें भी खिलाई गईं। लेकिन जैसे ही परेड खत्म हुई और आईजी का काफिला पुलिस लाइन से निकला, वैसे ही मंच से दी गई सारी सीख हवा-हवाई हो गई। बिहार के नए जवानों ने सरकारी हथियार परिवार वालों को थमा दिया। परिवार के लोग SLR बंदूक के साथ फोटो खिंचवाने लगे। कई लोग तो रील्स बनाते भी दिखे। बिहार पुलिस में शामिल जवानों को जो SLR राइफलें सूबे की सुरक्षा के लिए सौंपी गई हैं, वे पल भर में परिजन और दोस्तों के मनोरंजन का साधन बन गईं। ड्यूटी के पहले ही दिन नए नवेले सिपाहियों ने सरकारी हथियार अपने भाई, बहन, दोस्तों और रिश्तेदारों के हाथों में सौंप दिए।

**कंधे पर राइफल लेकर धौंस जमाते दिखेः** वीडियो और तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि कोई युवक एक साथ चार-चार SLR राइफलें थामकर धौंस जमाने वाले अंदाज में फोटो खिंचवा रहा है, तो कोई महिला और बच्चे इन घातक सर्विस हथियारों को हाथों में लेकर पोज दे रहे हैं।

**संवेदनशील एरिया में रील्स की शूटिंगः** पुलिस लाइन का परेड मैदान किसी संवेदनशील सुरक्षा इकाई का हिस्सा कम और किसी मेले या रील्स शूटिंग का स्टूडियो ज्यादा नजर आने लगा। पहले ही दिन ड्यूटी में दिखाई गई इस अजीबोगरीब लापरवाही ने पुलिस मुख्यालय की छह महीने की उस 'कठोर ट्रेनिंग' की पोल खोलकर रख दी है, जिसकी तारीफ अधिकारी मंच से कर रहे थे।

# मॉर्निंग वॉक से घर लौट रही महिला से छिनतई

## बाइक सवार बदमाशों ने गले से 2 लाख की चेन झपटी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। गयाजी में एक महिला से छिनतई हुई है। मॉर्निंग वॉक से घर लौटते समय बाइक सवार 2 बदमाशों ने गले से सोने की चेन झपट ली। छीना-झपटी के दौरान महिला सड़क पर गिर गई। उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पीड़िता की पहचान कोतवाली के ढोलकिया गली निवासी मनोज कुमार की पत्नी रीना साह के तौर पर हुई है। घटना काशीनाथ स्थित कृष्णा ज्वेलर्स के पास की है।

**बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजामः** पीड़िता ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह गांधी मैदान में मॉर्निंग वॉक के लिए गई थी। वहां से एक अन्य महिला के साथ अपने घर लौट रही थी। बाटा मोड़ की ओर से आई तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए हैं।

**सुनसान जगह पर वारदातः** सिविल लाइन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पुलिस का मानना है कि बदमाश पहले से इलाके की रेकी कर रहे थे। सुनसान जगह का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इसके अलावा इलाके में सक्रिय झपटमार गिरोहों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की जल्द पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रियल-टाइम ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा शुरू

## राजगीर जू सफारी आने वाले पर्यटकों को राहत, अब घर बैठे बुक करें 'सेम-डे' टिकट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नालंदा**। बिहार के प्रमुख पर्यटन केंद्र राजगीर जू सफारी जाने वाले पर्यटकों के लिए राहत की खबर है। जू सफारी प्रशासन ने अब 'रियल-टाइम ऑनलाइन टिकट बुकिंग' सुविधा शुरू कर दी है, जिससे पर्यटक अब तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे।

**खत्म हुआ लंबी लाइनों का झंझटः** अब तक पर्यटकों को भ्रमण के लिए कम-से-कम एक दिन पहले ऑनलाइन बुकिंग करनी पड़ती थी या फिर उसी दिन के लिए जू सफारी की पार्किंग संख्या-05 स्थित काउंटर पर जाकर लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ता था। नई रियल-टाइम प्रणाली लागू होने से यह बाध्यता पूरी तरह समाप्त हो गई है।

**क्या है नई व्यवस्थाः** नई डिजिटल व्यवस्था के तहत, पर्यटक ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर संबंधित स्लॉट में सीटों की उपलब्धता की वास्तविक जानकारी देख सकते हैं। यदि सीट उपलब्ध है, तो उसी समय टिकट बुक कर वे सीधे जू सफारी का आनंद ले सकते हैं।

**पर्यटन को मिलेगी नई गतिः** इस नई पहल पर राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने कहा कि यह प्रणाली पूरी तरह से पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल है। इससे पर्यटकों की अनिश्चितता और समय की बर्बादी समाप्त होगी, जिससे सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान आने वाले बड़ी संख्या में पर्यटकों को विशेष लाभ मिलेगा।

**राजगीर चिड़ियाघर सफारीः** बिहार का पहला आधुनिक जंगल सफारी पार्क है। यहां 472 एकड़ के विशाल प्राकृतिक जंगल में जानवर खुले में घूमते हैं। पर्यटक विशेष बंद शीशे वाली एसी बसों में बैठकर सुरक्षित तरीके से बाघ, शेर, तेंदुआ, भालू और हिरण जैसे जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में बहुत करीब से देखते हैं।

# बोरे में बंद मिली महिला की लाश नदी किनारे मिला सड़ा-गला शव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ **हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए फेंके जाने की आशंका**

**नालंदा**। नालन्दा में मंगलवार को एक बोरे में बंद महिला का शव मिला है। शव पूरी तरह से सड़-गल चुका है, जिससे उसकी पहचान करना फिलहाल मुश्किल हो रही है। घटना रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत बसानपुर गांव के पास गोईठवा नदी के किनारे की है। मंगलवार को जब कुछ चरवाहे और स्थानीय लोग गोईठवा नदी के किनारे से गुजर रहे थे, तो उन्हें एक बोरे से भयंकर दुर्गंध महसूस हुई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब बोरे को खोलकर देखा, तो उसके भीतर साड़ी में लिपटी एक महिला का शव बरामद हुआ।

**प्रथम दृष्टया में हत्या की आशंकाः** थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि शव की स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या कहीं और की गई है और सबूत छुपाने की नीयत से शव को बोरे में भरकर यहां लाकर फेंका गया है। शव के अधिकांश हिस्से गल चुके हैं, केवल कमर के ऊपर और गर्दन के नीचे के कुछ हिस्सों में ही मांस बचा है, जिससे मृतका की उम्र या पहचान का सटीक अंदाजा लगा पाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

**पुलिस कर रही हर पहलू से जांचः** घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।

पुलिस न केवल आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी मृतका की पहचान उजागर करने का प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस हर संभावित पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही इस गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा।

# गांजा-हथियार के साथ 2 तस्कर अरेस्ट, लोडेड पिस्टल सहित कारतूस बरामद, प्लास्टिक के छोटे पाउच में पैक कर बेचते थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया**। गयाजी की डेल्हा थाना पुलिस ने गांजा की खरीद-बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के पास से 930 ग्राम गांजा, एक लोडेड पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस अब इस धंधे से जुड़े दो अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। इस बात की पुष्टि डीएसपी 2 धर्मेंद्र भारती ने की है। खास बात यह कि पकड़े गए दोनों युवक सगे भाई हैं।

दोनों भाई मिलकर अवैध धंधे में लिप्त थे। दोपहर करीब 2:15 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डेल्हा थाना क्षेत्र के खरखुरा इलाके में दो युवक अपने घर से गांजा की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि दोनों हथियार से लैस हैं। इसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डेल्हा थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई।

**लोडेड पिस्टल-कारतूस भी जब्तः** टीम ने बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की। मौके से नितील कुमार उर्फ नटवर व सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों 64 नंबर गुमटी, खरखुरा के रहने वाले हैं। तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 930 ग्राम गांजा, एक 7.65 बोर की लोडेड पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे खरखुरा चमरटोली निवासी करण पासवान और बुटा पासवान से गांजा खरीदकर लाए थे। इसके बाद इलाके में बेचने की तैयारी थी। गंजे को दोनों भाई प्लास्टिक की छोटे पाउच में गांजे को पैक कर बेचते थे। पुलिस ने दोनों के बयान के आधार पर करण पासवान व बुटा पासवान की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुके हैं। इनके खिलाफ डेल्हा थाना में पहले से भी आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस इनके पूरे आपराधिक रिकॉर्ड और नेटवर्क की जांच कर रही है।

डीएसपी ने बताया कि पकड़े गए लड़के बीते दिनों गिरफ्तार एक युवक के गैंग से जुड़े हैं। जिन्हें पुलिस ने गोलीबारी के आरोप में पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। डीएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई में डेल्हा थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा, पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार दुबे, सुधीर कुमार पांडेय, बाबूलाल मरांडी और डेल्हा थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि गांजा की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है।

# कीचड़ में फंसी डीएम की गाड़ी, खेत में खड़ी इंतजार करती रहीं उदिता सिंह

## गांव के लोगों ने धक्का मारकर कार को निकाला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में मंगलवार को डीएम उदिता सिंह की गाड़ी कींचड़ में फंस गई। भारी बारिश के बीच स्थानीय लोगों ने मशक्कत के बाद धक्का देकर कार को बाहर निकाला। इस दौरान नालंदा डीएम खेत में अकेली खड़ी होकर कार के कींचड़ में से निकलने का इंतजार करती रहीं। पूरे मामले का वीडियो भी सामने आया है।

दरअसल, नूरसराय प्रखंड के बड़ारा और डोईया पंचायत में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया था, जिसमें नालंदा की डीएम उदिता सिंह शामिल हुईं। डीएम के अलावा, सहयोग शिविर में नालंदा के एसपी भरत सोनी भी शामिल हुए। सहयोग शिविर का उद्देश्य नूरसराय प्रखंड में सरकारी योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

**कार के कींचड़ में फंसते ही निकली उदिता सिंहः** कार्यक्रम के बाद जैसे ही डीएम की इनोवा गाड़ी वहां से निकलने लगी, कच्ची सड़क पर जमा भारी कीचड़ और बारिश के कारण गाड़ी का पहिया उसमें धंस गया। गाड़ी फंसते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वाहन को बाहर निकालने की कोशिश की गई, लेकिन पहिए कीचड़ में और अधिक धंसते चले गए। अंततः वहां मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और पूरी ताकत लगाकर गाड़ी को धक्का दिया। काफी मशक्कत के बाद गाड़ी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस पूरी घटना का किसी ग्रामीण ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।


**क्या रहा शिविर का परिणाम?ः** गाड़ी फंसने की घटना से इतर, प्रशासन ने इस शिविर को बेहद सफल बताया। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को पारदर्शी और सुगम बनाना है। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर भागीदारी निभाई। शिविर में राजस्व, आपूर्ति, कृषि, समाज कल्याण और पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने बताया कि मौके पर ही इन सभी 113 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया।

# डीबीटी समर्थित एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में एडमिशन शुरू, 12 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया**। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डीबीटी समर्थित एमएससी बायोटेक्नोलॉजी कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने गेट-बी 2026 पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। आवेदन की जमा करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई तय की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. शांति गोपाल पाइन ने बताया कि इस कोर्स में कुल 10 सीटें उपलब्ध हैं। इनमें 4 अनारक्षित, 3 ओबीसी, 1 एससी, 1 एसटी और 1 ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए है। यह पाठ्यक्रम जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के सहयोग से संचालित किया जाता है और इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शोध के अवसर भी मिलते हैं।

**'12 जुलाई के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा'ः** दाखिला राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) की ओर से आयोजित गेट-बी 2026 की मेरिट के आधार पर होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को



सीयूएसबी के समर्थ पोर्टल पर 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**'बीएससी-बीएड वाले भी आवेदन कर सकते हैं'ः** विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी मुदस्सीर आलम ने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, बायोलॉजिकल साइंस, एनवायरमेंटल साइंस, बायोमेडिकल साइंस समेत संबंधित विषयों में स्नातक करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा जूलॉजी, बॉटनी और केमिस्ट्री से बीएससी ऑनर्स या तीन वर्षीय बीएससी में निर्धारित विषय संयोजन वाले छात्र भी पात्र हैं। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएससी-बीएड करने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

**दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंकः** सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। आवेदन से पहले अभ्यर्थियों को अपनी पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर लेने की सलाह दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के ई-मेल dbtbtn@cusb.ac.in या dvsingh@cusb.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सासाराम नगर निगम को मिली एंटी स्मॉग गन, सड़क की धूल और प्रदूषण पर लगेगी लगाम

**सासाराम।** नगर आयुक्त के प्रयास से सासाराम नगर निगम को एक नई एंटी स्मॉग गन मशीन उपलब्ध हुई है। यह आधुनिक मशीन शहर की सड़कों पर पानी की अत्यंत बारीक फुहार छोड़कर हवा में मौजूद धूल (डस्ट) और सूक्ष्म कणों को नीचे बैठाने का कार्य करती है, जिससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। नगर निगम के अनुसार, इस मशीन का उपयोग मुख्य सड़कों, निर्माण स्थलों तथा अधिक धूल वाले क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे सड़क पर उड़ने वाली धूल कम होगी, वातावरण अधिक स्वच्छ रहेगा और आम लोगों को राहत मिलेगी। नगर आयुक्त की इस पहल को शहर की स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि मशीन के नियमित उपयोग से सासाराम की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### मायके में विवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान, दो मासूम बच्चों का छिना मां का साया

**करगहर (रोहतास)।** करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में एक विवाहिता द्वारा फंदे से लटककर आत्महत्या किए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय पूनम देवी के रूप में हुई है, जो कैमूर जिले के पड़री गांव निवासी रमून पासवान की पत्नी थी। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार पूनम देवी अपने मायके डुमरा गांव आई हुई थी। सोमवार देर रात उसने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। एक बच्चा करीब दो वर्ष का है, जबकि दूसरी छह माह की दुधमुंही बच्ची है। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों का भविष्य परिवार के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है। पति रमून पासवान ने बताया कि घटना के समय वह किसी आवश्यक कार्य से बाहर गए थे। वापस लौटने पर पत्नी को फंदे से लटका देखा। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं था और यह घटना उनके लिए भी बेहद दुखद व अप्रत्याशित है। सूचना मिलने पर करगहर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ राज सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण फांसी लगना पाया गया है तथा शरीर पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। करगहर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार बनी काल, दो सड़क हादसों में दो युवक गंभीर, पावापुरी रेफर

**वारिसलीगंजः** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) वारिसलीगंज में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स रेफर कर दिया गया। पहली घटना वारिसलीगंज-बरबीघा एसएच-83 पर अपसढ़ गांव के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अपसढ़ निवासी महेंद्र चौधरी के पुत्र राकेश कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राकेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया। दूसरी घटना वारिसलीगंज-खरांठ मार्ग पर पावरग्रिड के समीप हुई। यहां गोड़ापर निवासी कमल महतो के 30 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बिट्टू कुमार काफी देर तक सड़क पर लहूलुहान अवस्था में तड़पता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर मौजूद कई लोग उसकी मदद करने के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना अपने पति डॉ. रामकुमार के साथ उस मार्ग से गुजर रही थीं। उनकी नजर घायल युवक पर पड़ते ही उन्होंने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए एक निजी वाहन की व्यवस्था कर घायल को अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भी बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया। दोनों मामलों की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया तथा संबंधित वाहनों की पहचान कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डीएम आशुतोष द्विवेदी ने स्कूली बच्चों के साथ जमीन पर बैठ कर किया वार्तालाप

**डीएम ने बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन**

**कटिहार।** मनिहारी प्रखंड के मध्य विद्यालय कांटाकोश का डीएम आशुतोष द्विवेदी ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम आशुतोष द्विवेदी ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं शैक्षणिक व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से पढ़ाई-लिखाई और विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त किया।

डीएम ने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि भोजन स्वादिष्ट एवं संतोषजनक है। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं रसोइयों के कार्य की प्रशंसा करते हुए गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए उन्हें बधाई दी। भोजन के दौरान डीएम आशुतोष द्विवेदी ने बच्चों से पाठ्यक्रम, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं को लेकर बातचीत किया। डीएम ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने,मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही भविष्य में भी विद्यालय आकर बच्चों से मिलने का आश्वासन दिया। डीएम आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा, स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया।

# नोखा रोड़ में नाली जाम, जल जमाव व कीचड़ से लोग परेशान

**जल जमाव रोकने हेतु करोड़ों की लागत से पीडब्लूडी ने किया है सड़क किनारे नाली निर्माण**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** राजपुर बाजार के नोखा नासरिगंज एवं डिहरी रोड स्थित नाला बुरी तरह जाम है.जिस कारण उसमें पानी बहाव अवरूद्ध है. फलस्वरूप चौक एरिया अन्तर्गत दो सौ मीटर दूरी में पीडब्ल्यूडी की सड़क पर सालों दिन जल जमाव बना हुआ है.हल्का सा बारिश होते हीं सड़क झील में तब्दील हो जाता है.जिससे आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है. प्रखंड मुख्यालय होने के नाते प्रतिदिन छोटे बड़े सैकड़ो वाहन व हजारों लोग सड़क से गुजरते हैं.जल जमाव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे भी प्रतिदिन प्रभावित होते हैं.सड़क के दोनों छोर स्थित दुकानदार भी परेशान हैं.यह सब देखते हुए भी प्रशासन व पथ निर्माण विभाग मुक दर्शक बना



हुआ है.

**कहते हैं समाजसेवी-** क्षेत्र के समाजसेवी सनी वर्मा,अतुल चौबे, सुनिल चौबे, संजय कुमार गुप्ता,उमेश गुप्ता,राजेश कुशवाहा,श्री भगवान तिवारी,दिनेश तिवारी,डा रामाकान्त दुबे समेत अन्य ने बताया कि राजपुर चौक नोखा रोड के उतरी छोर पर काव नदी तक लगभग छः सौ मीटर दुरी में पूर्व प्रमुख रजिन्द्र सिंह द्वारा बीडीसी मद से नाला निर्माण कराया गया है. वहीं नोखा रोड के दक्षिणी छोर समेत नासरिगंज एवं डिहरी रोड में पथ निर्माण विभाग पीडबल्यूडी ने सड़क पर जल जमाव रोकने के लिए करोड़ खर्च कर काव नदी तक चौड़ा नाला निर्माण किया है.जिसकी साफ सफाई साल भर में एक बार भी नहीं होता.सफाई के अभाव में कचरा इकट्ठा हो नाला पुरी तरह जाम है.जिस कारण पानी बहाव अवरूद्ध हो सड़क पर जल जमाव व कीचड़ बना हुआ है. जन प्रतिनिधि अधिकारी सब प्रतिदिन सड़क से गुजरते हैं, लेकिन किसी कोई फर्क नहीं पड़ता.

**कहते हैं बीडीओ-** बीडीओ ने बताया कि साफ-सफाई के लिए जन प्रतिनिधियों को प्रशासन से मिलकर काम कराना चाहिये. पीडब्लूडी विभाग के इंजीनियर व अधिकारियों को निरीक्षण करना चाहिये.

### बिहार में केरला के युवक की मौत हो गयी. रोहतास के पायलट बाबा धाम में उसका शव फंदे से लटका मिला.



**पायलट बाबा धाम के बाहर युवक की मौत, केरल का रहने वाला था अभिजीत केडी**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम /रोहतासः** बिहार के रोहतास जिले में स्थित प्रसिद्ध पायलट बाबा धाम के मुख्य प्रवेश द्वार पर उस वक्त अचानक हड़कंप मच गया, जब वहां एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ.इस सनसनीखेज घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तुरंत मुफ़स्सिल थाना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फौरन शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया.

केरल का रहने वाला था मृतकः पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में मृतक युवक की शिनाख्त केरल राज्य के एर्नाकुलम जिले के निवासी अभिजीत केडी (30), पिता मोहन केडी के रूप में की गई है. मुफ़स्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह और एसडीपीओ-2 संजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह पूरा मामला खुदकुशी का लग रहा है. धाम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला है कि युवक सोमवार रात वहां पहुंचा था.सोमवार रात करीब 10 बजे पायलट बाबा धाम के पास एक दुकान के बाहर बांस के सहारे फंदा लगाकर युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है

## रोहतास जिला परिषद इंजिनियर टीम ने किया राजपुर शौचालय की जांच

**शौचालय सफलतापूर्वक संचालन के लिए कोई टेंडर नहीं है**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर--** प्रखंड मुख्यालय राजपुर चौक पर जिला परिषद भूमि में बने सामुदायिक शौचालय का सोमवार को जिला परिषद रोहतास सासाराम के इंजिनियर टीम द्वारा जांच किया गया. मौके पर मौजूद सहायक अभियंता राधारमण तिवारी कनीय अभियंता राकेश कुमार एवं अमीन श्री भगवान गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र चन्द्रवंशी द्वारा कार्यालय को लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है कि राजपुर चौक स्थित शौचालय बन्द है.स्थानिय लोगो ने उसके भवन में बने रूम को अवैध कब्जा कर लिया है.अतिक्रमण की स्थिति कायम है.शौचालय के सफलतापूर्वक संचालन के लिए कोई टेंडर नहीं है.



उन्होंने कहा कि विधायक के पत्र में वर्णित सभी शिकायतों का विन्दुवार जांच किया गया.पाया गया कि इसका कोई टेंडर जिला से नहीं हो पाया है.जिस कारण निर्माण के बाद चार सालों तक बन्द था.विगत कुछ दिन पहले आम जनता के प्रेशर में राजपुर जिला परिषद द्वारा पहल करते हुए एक स्थानिय सफाई कर्मी को सफाई का जिम्मा करते हुए ताला खोल दिया गया है.स्थानिय लोगों ने बताया कि शौचालय का संचालन जैसे तैसे होता है.शौचालय भवन में बने तीन चार रूम को अवैध दखल कब्जा रखते हुए उसमें समान रख अतिक्रमण किया हुआ है.सफल संचालन के लिए टेंडर करने हेतु डीडीसी को पत्र प्रदान किया जायेगा. मौके पर सैकड़ो स्थानिय लोग मौजूद रहे.

## पंचायत भवन में पंचायत सहयोग शिविर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** प्रखंड के मोहनी पंचायत भवन में पंचायत सहयोग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी जन प्रतिनिधि सहायक निदेशक समाज कल्याण विभाग अफताब करीम बी सी ओ राजकुमार बिक्रमगंज जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह मुखिया नीतू कुमारी बीडीसी शारदा देवी ने दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से किया। जनप्रतिनिधियों एवं वरीय पदाधिकारी का स्वागत मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र राम के द्वारा अंग वस्त्र से किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने शिविर के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी उपस्थित जनों को दी। लाभुकों एवं आवेदकों को उत्पादन प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। जनप्रतिनिधि शारदा देवी एवं नीतू कुमारी ने तन मन धन से जनता का सेवा करने का संकल्प लिया तथा





जनता से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। सहायक निदेशक समाज कल्याण ने शिविर की विशेषताओं को बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत की। बिहार गीत संपन्न होने के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर घुसिया खुर्द पंचायत के मुखिया विनय प्रकाश चौधरी खैर भूधर पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता पंचायत सचिव गुंजन कुमार राजस्व कर्मचारी राजीव रंजन इत्यादि उपस्थित थे नवीन चंद्र शाह ने पंचायत विकास दिवस की चर्चा करते हुए सहयोग से समाधान की बात बताइ।

## लापरवाही : सहयोग शिविर में मकनपुर के अर्धनिर्मित पंचायत सरकार भवन को पूरा करने की उठी मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज-** वारिसलीगंज प्रखण्ड के मकनपुर पंचायत की मकनपुर गांव में पंचायत सरकार भवन का निर्माण आठ वर्षो से लंबित चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की सुस्ती के कारण निर्माण अधूरा है। जब भी ग्रामीण सक्षम अधिकारी से शिकायत करते हैं तब चार पांच दिनों के लिए कार्य शुरू कर दिया जाता है। कुछ इसी प्रकार का खेल आठ वर्षों से चल रहा है। जबकि प्रखण्ड के अन्य कई पंचायतो में एक वर्ष पहले शिलान्यास हुआ पंचायत सरकार भवन लगभग पूर्ण हो चुका है। कुछ तो उदघाटन भी किया जा चुका है। मंगलवार को मकनपुर पंचायत का मसुदा विद्यालय में आयोजित सहयोग शिविर में कई। ग्रामीणों ने प्रखण्ड पंचायतीराज पदाधिकारी एवं बीडीओ अमित कुमार से पंचायत सरकार भवन के निर्माण को शीघ्र पूरी करवाने की मांग रखी। कहा गया कि आठ वर्षों से निर्माण कच्छप गति से की जा रही है। जबकि अन्य पंचायतो में महज कुछ महीनों में चकाचक पंचायत सरकार भवन बनकर उदघाटन की प्रतीक्षा में है। बता दें कि मकनपुर गांव स्थित भैरो स्थान के समीप करीब डेढ़ करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का अधूरा होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। इस दिशा में दैनिक जागरण लगातार खबरें प्रकाशित कर प्रशासन की कुम्भकर्णी निद्रा भंग करने का प्रयास कर रही है। खबर लिखने के बाद कार्य शुरू भी होता है लेकिन महज एक सप्ताह चलने के बाद बन्द कर दिया जाता है। करीब चार माह पहले भवन के द्वितीय तल के छत निर्माण किया गया तब से कार्य बन्द है। अधूरे भवन पड़ बड़े बड़े लतर उग आए है। जिससे ग्रामीणों में निराशा बन रही है। मकनपुर ग्रामीण सुबोध कुमार, मिथिलेश कुमार, दिलीप कुमार, फंटूश कुमार, सूरज कुमार, पपु सिंह आदि ने कहा कि संबंधित प्रतिनिधि ही नहीं चाहते हैं कि मकनपुर पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूरा हो सके, तभी तो संवेदक लापरवाही बरत रहे हैं।



**क्या कहते हैं अधिकारीः**

मकनपुर पंचायत सरकार भवन के निर्माण का कार्य को पुनः शुरू करवाने का निर्देश संबंधित संवेदक को दिया गया है।

**-शकील अहमद, वीपीआरओ, वारिसलीगंज (नवादा)।**

## डीएवी पब्लिक स्कूल, बिक्रमगंज में 'वन महोत्सव' पर 'ग्रीन डे' का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बिक्रमगंज / रोहतास।स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल, बिक्रमगंज में आज 'वन महोत्सव' को 'ग्रीन डे' के रूप में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमारी प्रिया ने विद्यालय परिसर में स्थित एक वृक्ष को रक्षासूत्र (राखी) बांधकर किया। उन्होंने वृक्ष को अपना मित्र और रक्षक बताते हुए सभी को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने पूरी ऊर्जा के साथ परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का जिम्मा भी लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित भावपूर्ण कविताएँ



सुनाईं और प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से यह संदेश दिया कि पेड़-पौधे ही हमारी धरती के असली जीवनदाता हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विद्यालय परिसर में कई पौधे रोपित किए।

# सहयोग शिविर में प्राप्त 190 मामलों के आवेदन में 35का ऑन स्पॉट निष्पादन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित किया गया। डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने पीएम आवास के पांच लाभकों को स्वीकृति पत्र, 13 लाभकों को वृद्धजन पेंशन,11 लाभकों को राशन कार्ड,11 छात्रों को स्कुली बैग और दो लाभकों को कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का उदघाटन डीएम रवि प्रकाश, एसपी अभिनव धीमान,प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता प्रिंस कुमार,बीडीओ सोनिया ढनढ़ननिया समेत अन्य पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।



संचालन आवास पर्यवेक्षक मनीष कुमार ने की। मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश कुमार ने सभी आगत अतिथि को शाल और फलदार पौधे देकर सम्मानित किया। कहा कि अधिकारी आपके द्वार समस्याओं को सुनने के लिए आये हैं, आप सभी बेहिचक अपनी बात को रखें। समाधान होगा। वही अधिकारी ने कहा सभी मामलों को निष्पादित किया जायेगा। उसके बाद डीएम समेत अन्य पदाधिकारी ने विभाग के द्वारा लगाए गए सभी काउंटर का जायजा लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, राशन,पशुपालन, बिजली समेत 22 विभाग के स्टाल लगाकर लाभकों से आवेदन पत्र लेकर समस्याओं को सुनकर निष्पादित किया गया । आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से 190 मामले आये,जिसमे 35 मामले ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर सीओ रईस आलम, प्रभारी बीपीआरओ पूजा कुमारी, पीओ राजीव कुमार,बीईओ दीपक सक्सेना, बिनोद कुमार अकेला,शंभु यादव, विनय सिंह,पप्पू यादव,गिरिजा शंकर पासवान समेत विभिन्न गांव के काफी संख्या में लोग शरीक हुए।

### "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत पंचायतवार सहयोग शिविर किया गया आयोजित

**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड में मंगलवार को राज्य सरकार के "सबका सम्मान, जीवन आसान" अभियान के तहत पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 231 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 175 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। यह शिविर मानिकपरासी, मुंजी, अमरथा और सकला पंचायत भवनों में आयोजित किए गए थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं और सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन लेकर इन शिविरों में पहुंचे। शिविरों में राजस्व, पंचायत, सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण-पत्र, पेंशन, आवास और भूमि संबंधी मामलों सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों और आवेदनों पर सुनवाई हुई। अधिकारियों ने कई मामलों का तत्काल समाधान किया, जबकि शेष के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को तीन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए।


बिहार सरकार

## कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद

**पुर्नअति अल्पकालिन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2026–27** के शेष 8 माह के लिए निम्नांकित सैरातो की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–17.07.2026 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

1. संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित है:–

| सैरात सं0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क एवं गीतिका होटल के सामने चारपहिया वाहन और कारगिल चौक के पास दो पहिया वाहन, राजा नारायण सिंह पार्क के उत्तर और धरनीधर मोड (गया ज्वेलर्स) के पास बने वाहन पार्किंग से पार्किंग शुल्क की वसूली। | 45,91,000.00 | 4,60,000.00 |

2. वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | यात्री टेम्पो/यात्री टोटो | 20.00 रू0 दैनिक |
| 2. | छोटी बस/Traveller/407/709 | 75.00 रू0 दैनिक |
| 3. | बडी बस | 100.00 रू0 दैनिक |
| 4. | चारपहिया वाहन से पार्किंग शुल्क | 20.00 रू0 |
| 5. | दो पहिया से पार्किंग शुल्क | 5.00 रू0 |

1. अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक–17.07.2026 को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन अगली तिथि दिनांक–21.07.2026 एवं 24.07.2026 को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।
2. डाक/बंदोबस्ती को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार हर समय अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् औरंगाबाद

PR- 007228 (B & C) 2026-27

मुख्य पार्षद नगर परिषद् औरंगाबाद

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### जिला प्रशासन श्रावणी मेला को लेकर अलर्ट

**भागलपुर।** भागलपुर जिला प्रशासन श्रावणी मेला-2026 को लेकर अलर्ट मोड में हैं। लाखों कांवड़ियों की सुरक्षा, सुगम आवागमन और बेहतर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर कांवड़ यात्रा मार्ग, मेला क्षेत्र में भारी वाहनों और डबल डेकर वाहनों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह व्यवस्था पूरे श्रावणी मेला अवधि तक प्रभावी रहेगी। श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए प्रस्थान करते हैं। ऐसे में कांवड़ यात्रा मार्ग पर भारी वाहनों का परिचालन दुर्घटना की आशंका बढ़ा सकता है। इसी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। DM ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रतिबंधित वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से निगरानी रखी जाए और ऐसे वाहनों का परिचालन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से कराया जाए। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ यातायात व्यवस्था की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। श्रावणी मेला के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती है। इसे देखते हुए यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। DM अलंकृता पांडेय ने बताया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति से तत्काल निपटने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आवश्यक मालवाहक एवं अन्य बड़े वाहनों का परिचालन प्रभावित न हो और आम लोगों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी यातायात निर्देशों का पूरी तरह पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।

### एसएसबी ने 378 लीटर नेपाली शराब और तीन बाइक के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं बटालियन की डी समवाय बेला बीओपी की टीम ने मंगलवार को भैरोगंज के समीप नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे 378 लीटर नेपाली शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। एसएसबी ने यह कार्रवाई भैरोगंज के पास सीमा स्तंभ संख्या 196/4 के नजदीक भारत की तरफ लगभग 10 मीटर की दूरी पर की।मामले में एसएसबी ने सुपौल जिला के कोशिकापुर वार्ड संख्या 11 निवासी 23 वर्षीय गजेंद्र कुमार पासवान पिता रामी पासवान को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया।इनके पास से दो हजार 650 रूपये और एक मोबाइल भी बरामद किया।वहीं एसएसबी द्वारा किए गए पूछताछ में दो अन्य बाइक पर सवार फरार तस्कर के बारे में भी जानकारी दी।एसएसबी को देखकर दो बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर नेपाल सीमा में भागकर प्रवेश कर लिया था।आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद जब्त शराब और मोटरसाइकिल सहित तस्कर को बसमतिया थाना के सुपुर्द कर दिया गया।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग

**भागलपुर।** भागलपुर में सोमवार देर रात शादी समारोह में हर्ष फायरिंग हुई है। गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट में बुलेट लगी है। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना नवगछिया थाना क्षेत्र के पकड़ा गांव की है। घायल की पहचान अनिल सिंह के पुत्र सुधांशु सिंह(24) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बारात पक्ष की ओर से किसी ने अचानक फायरिंग कर दी। जो पास में खड़े सुधांशु के पेट में जा लगी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया। पीड़ित के चचेरे भाई पंकज सिंह ने बताया कि हम लोग घर पर सोए हुए थे। गोली लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा। बारात में शामिल कुछ लोग देसी कट्टा में गोली लोड कर रहे थे, इसी दौरान फायरिंग हुई है। वहीं, देर रात होने के कारण मामला पुलिस तक नहीं पहुंच पाया। नवगछिया थानाध्यक्ष से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी टक्कर

**भागलपुर।** बांका में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों चचेरे बहन के तिलक समारोह में जा रहे थे। घटना अमरपुर थाना क्षेत्र के चपरा कोला गांव के पास की है। राहगीर से जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद परिजन को सूचना दी गई। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया। पीड़ित की पहचान विक्की कुमार(18) और सोहन कुमार(20) के तौर पर हुई है। सोहन की मां सुनीता देवी ने बताया कि चचेरी बहन मोना कुमारी उर्फ मुन्नी के तिलक में शामिल होने के लिए दोनों बाइक से जा रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। पुलिस से जानकारी मिलने के बाद हमलोग मौके पर पहुंचे। इधर, पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### डबल मर्डर केस का भागलपुर कनेक्शन

**भागलपुर।** बांका डबल मर्डर केस का भागलपुर कनेक्शन सामने आया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड से जुड़े आरोपियों का ठिकाना भागलपुर में है। इसी कड़ी में अमरपुर थाना पुलिस ने हबीबपुर इलाके में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कजरैली थाना क्षेत्र के गौराचक्की गांव से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। रविवार शाम बांका के बलिया गांव में बाइक सवार दो लोगों की ताबड़तोड़ गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। घटनास्थल पर 10 से ज्यादा खोखे मिले हैं। दो बाइक पर सवार होकर चार युवक नशा करने गांव पहुंचे थे, जहां चारों के बीच आपस में विवाद हो गया। इसी दौरान एक युवक ने गोली चला दी। गोली दोनों युवकों के सीने सीने में लगी और आर-पार हो गई, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सिटू सिंह (35) और गुंजन सिंह (40) के रूप में हुई है।

**सचिन की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी :** पुलिस सूत्रों के अनुसार डबल मर्डर मामले का एक अन्य नामजद आरोपी सचिन कुमार हबीबपुर के अंबे पोखर इलाके में किराए के मकान में रहता है। अमरपुर थाना की टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसके ठिकाने पर पहुंची, लेकिन आरोपी वहां नहीं मिला। इसके बाद पुलिस टीम वापस लौट गई। फिलहाल सचिन की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। हिरासत में लिए गए संदिग्ध से पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या के पीछे की साजिश से जुड़े कई पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद है। हालांकि पुलिस ने जांच प्रभावित होने का हवाला देते हुए फिलहाल हिरासत में लिए गए युवक की पहचान सार्वजनिक नहीं की है।

**आपसी रंजिश में हत्या की आशंका :** इस बीच बांका पुलिस की टीम लगातार तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के बीच मृतक गुंजन कुमार की पहचान नशेबाज के रूप में थी। दोनों के मोबाइल फोन की जांच से भी हत्या के महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।

# बरौनी रिफाइनरी के 1000 मजदूरों पर सीआईएसएफ का लाठीचार्ज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय के बरौनी रिफाइनरी विस्तारीकरण परियोजना में काम करने वाले कंपनी में कार्यरत मजदूर पर आज सीआईएसएफ ने लाठीचार्ज कर दिया। दरअसल, मजदूर एक की मौत 15 दिन पहले हो गई थी। इसके 15 दिन बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। आज 1000 मजदूर प्रदर्शन कर रहे थे। सीआईएसएफ ने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों पर लाठी चार्ज कर दिया। जिससे मजदूर काफी आक्रोशित हो गए और जमकर तोड़फोड़ मचाया। इन्होंने सीआईएसएफ के एक बोलेरो को भी पलट दिया। सीआईएसएफ की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। बाद में सदर एसडीओ, सदर-वन और टू डीएसपी और आसपास के थानों की पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया। लेकिन, मृतक के परिजन और कुछ मजदूर अभी भी आंदोलन पर डटे हुए हैं। इन लोगों का कहना है कि अपने हक के लिए हम लड़ते रहेंगे। विस्तारीकरण परियोजना में कार्यरत कंपनी साउथ ट्विन (South Twin Company) में सबौरा के रहने वाले श्यामसुंदर पाठक काम करते थे। 29 मई को काम करने के दौरान ही शरीर पर वे लोहे का पाइप गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की ओर से अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा था। लेकिन 22 जून को श्याम सुंदर पाठक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन जब लाश को लेकर रिफाइनरी गेट पर पहुंचे, तो काम करवाने वाली कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि 17 लाख रुपया मुआवजा का भुगतान 48 घंटे के अंदर कर दिया जाएगा। लेकिन श्राद्ध कर्म समाप्त होने के बावजूद पैसा नहीं मिला। मुआवजा नहीं मिलने से परिजन निराश हो गए, जानकारी मिलते ही मजदूर भी काफी आक्रोशित हो गए और सोमवार को मृतक श्याम सुंदर पाठक के परिजनों और मजदूरों ने रिफाइनरी गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मंगलवार को धरना पर बड़ी संख्या में अन्य मजदूर भी पहुंच गए और काम बंद कर दिया। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। लोगों का आक्रोश बढ़ता देख सीआईएसफ को स्थिति नियंत्रण करने के लिए भेजा गया। लेकिन स्थिति नियंत्रण नहीं हुई, तो सीआईएसएफ ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठी चार्ज होते ही सभी मजदूर भागने लगे और रोड़ेबाजी कर दी। सीआईएसएफ की बोलेरो गाड़ी गई, तो मजदूरों ने उसे भी पलट दिया गया। स्थिति गंभीर होने के बाद जिला मुख्यालय से डीएसपी और एसडीओ सहित बड़ी संख्या में पुलिस पहुंचे और मामले को शांत कराया गया। डीएसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लेकिन कुछ मजदूरों के साथ परिजन धरना पर बैठे हैं।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आमिर खान का किया पुतला दहन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** फारबिसगंज स्टेशन चौक पर बॉलीवुड के सीने स्टार अमीर खान का मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की।आमिर खान द्वारा तीन हिंदू में किए गए शादी से बजरंग दल के कार्यकर्ता आक्रोशित थे। पुतला दहन का अध्यक्षता कर रहे बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने कहा फिल्म स्टार आमिर खान के द्वारा खुलेआम देश में लव जिहाद किया जा रहा है। लगातार हिंदू बहन बेटियों को अपने जिहाद के चंगुल में फंसाकर उससे शादी रचा रहा है और दो-तीन बच्चे पैदा करके उन्हें मुसलमान बनाने के बाद पत्नी को तलाक देकर फिर दूसरी हिंदू बहन बेटी को फसाने की षड्यंत्र रची जाती है। सोनी ने कहा आमिर खान ने तीन हिंदू बेटियों से शादी करके हिंदू समाज को चैलेंज किया है। हिंदू विरोधी कार्य के द्वारा आमिर खान ने संविधान को चुनौती दिया है।कानून को चुनौती दिया है।बीएनएस को चुनौती दिया है।इस देश के सरकार और अदालत को चुनौती दिया है। उन्होंने कहा कि आमिर खान को हिंदू लड़की से ही प्यार क्यों होता है। एक भी मुस्लिम लड़की से उन्हें प्यार क्यों नहीं हो रहा है। कहीं ना कहीं हिंदू समाज को कमजोर करने की बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है।श्री सोनी ने कहा जिस देश ने आमिर खान को सुपरस्टार बनाया है।अब इस देश के समस्त सनातनी समाज उसे भीख मांगने पर मजबूर कर देगा और भारत से विदेश भगाया जाएगा। मौके पर बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी, बबलू साह, आरव गुप्ता, उमाशंकर चौधरी,आनंद भगत, विवेक चौधरी, सत्यम झा, सुमित मेहता, राकेश राय, विश्वजीत कुमार, अक्षय कुमार, राहुल सिंह, सोनू कुमार, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 11 प्रखंडों में सहयोग शिविर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के सभी 11 प्रखंडों में मंगलवार को सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना था। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को आवेदन सौंपे। बेलहर प्रखंड के घुटिया गांव में आयोजित सहयोग शिविर का जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों-कर्मियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने शिविर में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली और लाभार्थियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि लोगों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। ऐसे शिविरों के माध्यम से जनशिकायतों को एक ही स्थान पर प्राप्त कर उनका त्वरित निपटारा किया जा रहा है। बैंकिंग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, बिजली, पेयजल, आपूर्ति और बैंकिंग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, बारात में एक व्यक्ति को लगी 2 गोली

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक बार फिर हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है, जहां शादी की खुशियां पल भर में चीख-पुकार में बदल गई। घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव की है। जहां शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कल्पना नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हरपुर गांव के रहने वाले प्रवीण सिंह की बेटी की शादी थी। भागलपुर से बारात आई हुई थी। रविवार रात करीब 12 बजे जब बारात दरवाजे पर जाने के लिए प्रस्थान कर रही थी, तभी बाबा स्थान के पास भीड़ में किसी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान वहां मौजूद विपिन सिंह (45) को दो गोलियां लग गई। एक गोली उनकी कमर के पास और दूसरी जांघ में लगी, जिससे वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। घायल विपिन सिंह के भतीजे विकास कुमार ने बताया कि जब यह हादसा हुआ, तब हर तरफ अफरा-तफरी मच गई थी। शुरुआत में लोगों को लगा कि बारात में छोड़े जा रहे पटाखों या बम की वजह से कोई पत्थर उड़कर लगा है। जानकारी मिलने पर हमलोग मौके पर पहुंचे। लोग कह रहे थे कि बम का पत्थर लगा है, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि गोली लगी है। परिजनों के अनुसार घायल विपिन सिंह को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने आईसीयू में एडमिट किया है। ऑपरेशन के बाद बुलेट (गोली) निकाली जाएगी। उनकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं। परिजनों का कहना है कि विपिन सिंह सीधे स्वभाव के हैं। पहले दुकानदारी करते थे, अभी रिफाइनरी में मजदूरी का काम करते हैं। विपिन सिंह को दो बेटे हैं जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। परिजनों ने किसी भी तरह की पुरानी दुश्मनी से साफ इनकार किया है। हालांकि परिजन का कहना है कि पहले हरपुर चौक पर पान-कोल्ड ड्रिंक का दुकान चलाते थे तो बराबर चोरी होने के कारण दुकान बंद करके मजदूरी करने लगे।

## जिलाधिकारी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर के जमालपुर प्रखंड की इन्द्रुख पूर्वी पंचायत में मंगलवार को 'विकसित भारत-समृद्ध बिहार' अभियान के तहत एक सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, इन्द्रुख में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का पंचायत स्तर पर त्वरित समाधान करना और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन : मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने मुखिया सुरेंद्र पासवान, पैक्स अध्यक्ष अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन, मुनीलाल मंडल और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, ग्रामीण विकास, श्रम संसाधन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी शिकायतें व आवेदन प्राप्त किए गए।

प्रशासन स्वयं पंचायत स्तर पर कर रहा सुनवाई : ग्रामीणों ने पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, सड़क एवं नाली निर्माण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और राजस्व संबंधी विभिन्न मामलों से जुड़े आवेदन अधिकारियों को सौंपे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से निपटारा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं पंचायत स्तर पर उनकी सुनवाई कर रहा है।

नौ पंचायतों में ऐसे सहयोग शिविर आयोजित : जिलाधिकारी निप्पाणीकर ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुंगेर जिले के सभी नौ प्रखंडों की नौ पंचायतों में ऐसे सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में 20 सूत्री समिति के सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को 'सहयोग पोर्टल' पर दर्ज किया जाता है। इसके बाद, संबंधित विभागों को भेजकर अधिकतम एक माह के भीतर उनके समाधान का प्रयास किया जाता है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है या जिन्हें किसी प्रकार की प्रशासनिक समस्या है, वे इन सहयोग शिविरों में पहुंचकर अपने आवेदन प्रस्तुत करें। यदि किसी कारणवश शिविर में नहीं आ सकते हैं, तो सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## बलिया डबल मर्डर-विधायक चेतन आनंद से मिले मृतकों के पिता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बांका। बांका जिले के अमरपुर प्रखंड के बलिया गांव में हुए चर्चित डबल मर्डर के बाद दोनों मृतकों के परिवारों के परिजन अपने बेटों को खोने के गम में डूबे हैं, वहीं दूसरी ओर मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक गुंजन सिंह अपने पीछे पत्नी सपना कुमारी, 10 वर्षीय पुत्री नानसी, छह वर्षीय पुत्र हर्षित तथा पांच वर्षीय पुत्री देवासी को छोड़ गए हैं। वहीं दूसरे मृतक सीटू सिंह की मौत के बाद उनकी पत्नी अंजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सीटू अपने पीछे चार वर्षीय पुत्री वैष्णवी और सात माह के पुत्र देव कुमार को छोड़ गए हैं। परिजनों का कहना है कि दोनों परिवारों के छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य अब अनिश्चित हो गया है। बेटे के हत्यारों को कड़ी सजा और न्याय चाहिए : सोमवार की संध्या नवीनगर विधायक चेतन आनंद ने फोन पर मृतक गुंजन सिंह के पिता अर्जुन प्रसाद सिंह से बात कर घटना की जानकारी ली। बातचीत के दौरान अर्जुन प्रसाद सिंह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी तरह का समझौता नहीं, बल्कि अपने बेटे के हत्यारों को कड़ी सजा और न्याय चाहिए। उन्होंने बताया कि उनके बेटे के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। उन्होंने फोन पर आरोपितों के नाम बताते हुए निष्पक्ष जांच और जल्द गिरफ्तारी की मांग की। विधायक चेतन आनंद ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे तथा न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या एमसी/16/5/ओबीएचएस/लिनेन/एमडीपी/2026-29, दिनांक** 06.07.2026, मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:**केस सं. एमसी-16-5-ओबीएचएस-एमडीपी-2026-29, कार्य का नाम:** "मधुपुर स्थित ट्रेनों में 03 वर्षों (अर्थात 1096 दिनों) के लिए लिनेन प्रबंधन सहित ओबीएचएस"। **निविदा मूल्य :** रु. 3,93,31,535.88, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 3,46,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** कार्य शुरू होने की तिथि से 36 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 31.07.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-169/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 168_2026-27, दिनांक:** 06.07.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा। कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एमटीएचआर, सालार, बालागड़, बेहुला, अग्रद्वीप, भान्डार टिकुरी, बाघनापाड़ा और सोमरा बाजार स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय में सुविधाओं के उन्नयन के साथ पुनर्निर्माण/सुधार/नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु.10,44,10,469.86, **बयाना राशि :** रु. 20,88,200/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक **27.07.2026 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-194/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/36, दिनांक:** 06.07.2026, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 08255072;** 11.0 टीआर एयर कूल्ड पैकेज यूनिटों की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं आरंभ; रु.1,29,280/- **(2) 20262156;** नॉन एस्बेस्टस आधारित 'के' टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक; रु.4,99,060/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 20.07.2026 को 13.30 बजे** क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए, **(3) 14255177ए;** स्पेसि. नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/110/2020 रिव 0.0 के समरूप 24 फाइबर आर्मर्ड अंडरग्राउंड ऑप्टिकल फाइबर केबल; रु.1,82,230/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 27.07.2026 को 13.30 बजे (4) 14251164ए;** एसएमपीएस आधारित इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम के लिए 55+5 सेल के कॉम्बिनेशन में 60 सेल (स्टैक करने योग्य) वाले सील्ड मेंटेनेंस-फ्री वीआरएलए बैटरी सेट की खरीद, हर सेल 2 वोल्ट/200 एएच क्षमता का और पूरी तरह चार्ज होगा, जो आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नंबर आईआरएस: एस:93/96(ए) के अनुरूप होगा, कनेक्टिंग लिंक के साथ संपूर्ण और यूजर मैनुअल के साथ स्टैक करने योग्य रैक में सही ढंग से नंबर दिया जाएगा; रु.1,04,040/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 24.07.2026 को 13.30 बजे (5) 22261039;** मेरोपीनम 1 ग्रा. इंजेक्शन (आइटम कोड एम010601)(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए), एआई 26-27; रु.3,25,320/- **(6) 16261137ए;** कैटेनरी स्प्लाइस (65) कम्प्लीट; रु.1,38,980/- **(7) 16251030;** फासनर्स के साथ संपूर्ण कॉन्टैक्ट वायर पैरलल क्लैंप (छोटा); रु.1,53,180/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 21.07.2026 को 13.30 बजे** क्रम सं. 5 से 7 के लिए, **(8) 14265098;** इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीन आईआरएस टाइप 220 मिमी थ्रो, हाई थ्रस्ट (आईपी-67 प्रोटेक्शन के साथ एसी इम्युनिटी 160वो एसी) की खरीद, यह 110वो, डीसी पर काम करने वाली नॉन-ट्रेलेबल मशीन है, जिसमें लॉक और डिटेक्टर स्लाइड, केबल टर्मिनेशन बॉक्स और क्लैंप लॉक 60 केजी शामिल हैं जो आईआरएस: एस 24/2002 और असेंबली ड्रॉइंग नंबर आरडीएसओ-एस/11000 और मोटर के लिए आईआरएस: एस 37/82 के अनुरूप है; रु.2,62,330/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 23.07.2026 को 13.30 बजे (9) 21261057;** हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर अरेंजमेंट आदि; रु.5,39,190/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 24.07.2026 को 13.30 बजे (10) 20265018;** पिनियन के साथ ईएमयू/एमईएमयू, मोटर टाइप 48-45-6 के लिए 3-फेज ट्रैक्शन मोटर; रु.7,36,470/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 03.08.2026 को 13.30 बजे (11) 20261152;** ईएमयू के लिए ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 बीएक्स/बीडब्ल्यू एवं 4601 एजेड हेतु लेदर बेल्लो; रु.2,75,450/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 22.07.2026 को 13.30 बजे (12) 20261776;** एयर स्प्रिंग सस्पेंशन अरेंजमेंट के साथ व्यवस्थित 20 टन एक्सल बोगी के लिए ब्रेक बीम आउटर; रु.2,41,270/- **(13) 20263032;** कम्प्लीट पैंटोग्राफ डब्ल्यूबीएल 22.03, आपूर्ति का दायरा- न्यूमेटिक कंट्रोल यूनिट और वाल्व प्लेट असेंबली तथा इंसुलेटर के साथ पैंटोग्राफ असेंबली; रु.7,18,840/- **निविदा खुलने की तिथि और समय: 27.07.2026 को 13.30 बजे** क्रम सं. 12 और 13 के लिए, **(14) 20265039;** संपूर्ण गियर व्हील और कैनन ट्यूब असेंबली (एमएसयू) (स्पेयर पार्ट्स के साथ); रु.2,27,620/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 03.08.2026 को 13.30 बजे (15) 20261216;** 25 केवी एसी बीजी ईएमयू/एमईएमयू के लिए बिना टरेट वाला केबल हेड टर्मिनेशन सिस्टम वर्टिकल रिसेप्टेकल; रु.7,60,950/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 23.07.2026 को 13.30 बजे (16) 11261190;** फोल्डेबल बॉटल होल्डर का क्रय आदि; रु.1,22,480/- **(17) 14261097;** शंट लेड सिग्नल लाइटिंग यूनिट 110 वो., मौजूदा हाउसिंग में रेट्रोफिटेबल एवं एसी लेड ईसीआर के साथ सक्षम, आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/एसपीएन/153/2023 (रिव 5.0) के अनुसार ; रु.0/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 27.07.2026 को 13.30 बजे** क्रम सं. 16 और 17 के लिए, **(18) 08261235;** फिनिशिंग वार्निश टीवीए-1410 फिनिशिंग वार्निश टीवीए-1410 स्पेसिफिकेशन/ड्रॉइंग नंबर ए-0209 (आरडीएसओ/2008/ईएल/एसपीईसी/0081 रिव "ओ"); रु.1,39,900/- **(19) 08261069;** इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर-कम- रेगुलेटिंग यूनिट आदि का क्रय; रु.1,88,460/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 23.07.2026 को 13.30 बजे** क्रम सं. 18 और 19 के लिए, **(20) 08261671;** लोको टाइप-I, II, एवं III (3 टाइप) के लिए केबल बंचिंग टाई का सेट, मात्रा/सेट-50 अदद; रु.1,35,360/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 24.07.2026 को 13.30 बजे (21) 08261701;** 3 फेज एसी ट्रैक्शन आदि के लिए अर्थिंग ब्रश का क्रय; रु.1,01,360/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 30.07.2026 को 13.30 बजे (22) 1226_एचवीएन_6938_39;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-6938 और 6939 के समरूप कॉम्बिनेशन हाई विस्कस इंसुलेटिंग लाइनर (एचवीएन-66) के क्रय के लिए चालू ठेका; रु.4,87,750/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 17.07.2026 को 13.30 बजे (23) 12261087;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-8748 (ऑल्ट.1) के तहत एंड कट मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूति; रु. 2,48,070/- **निविदा खुलने की तिथि और समय: 21.07.2026 को 13.30 बजे (24) 22265412;** इंज. पर्टुजुमैब 600 मिग्रा.+ ट्रैस्टुजुमैब 600 मिग्रा.(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम261707, एआई 26-27; रु. 2,04,640/, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 14.07.2026 को 13.30 बजे (25) 1226_सीजीआरएसपी_8327;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. आरडीएसओ/टी-8327 के अनुसार 52 केजी रेल्स के लिए 6.2 मिमी मोटा कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट के निर्माण एवं आपूति के लिए 2 वर्ष की आरजीसी; रु.1,29,360/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 31.07.2026 को 13.30 बजे (26) 1226_एसडब्ल्यू_फिटिंग्स;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-4219 ऑल्ट.-12 के तहत 1 इन 12, 60 केजी और आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-4966 ऑल्ट-9 के तहत 1 इन 8.5, 60 केजी ओवर राइडिंग स्विच के फिटिंग्स का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.4,99,500/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 24.07.2026 को 13.30 बजे (27) 22265491;** इंज. डाराटुमुमैब 1800 मिग्रा; रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 14.07.2026 को 13.30 बजे (28) 12261026;** 1 मी. लंबा फिश प्लेट 60 केजी टी-5916 की आपूर्ति; रु.7,31,510/-, **निविदा खुलने की तिथि और समय: 31.07.2026 को 13.30 बजे। निविदा मूल्य :** रु.0 (क्रम सं. 1 से 28 प्रत्येक हेतु)। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-22/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर

**आरा।** भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट गई। गाड़ी के नीचे दबने से ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान इमादपुर के बिहटा गांव वार्ड-12 निवासी विजय बैठा के पुत्र सोनू कुमार बैठा(36) के तौर पर हुई है। घटना सिकरहटा स्थित दरगाह के पास की है। मृतक के चचेरे भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह बालू अनलोड करने के लिए गया था। वापस लौटते समय रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक वाले ने उन्हें चकमा दे दिया। जिसके कारण उनका संतुलन बिगड़ गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर चार्ट में पलट गई। हादसे में उनकी जान चली गई।

**जांच में जुटी पुलिसः** हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया। मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक के परिवार में मां चुटिया देवी, पत्नी इंदू देवी, दो पुत्री सुषमा, आरती और पुत्र ऋषभ राज है। मौत के बाद परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**आरा।** भोजपुर में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घर से बकरी चराने के लिए निकली थी। मृतका की पहचान लक्ष्मीपुर गांव निवासी रंजीत शर्मा की पत्नी विमलावती देवी(33) के तौर पर हुई है। घटना आयर थाना क्षेत्र की है। मृतका के पति ने बताया कि बधार में बकरी राने गई थी। इस दौरान एक बकरी भाग गई। जिसे पकड़ने के लिए दौड़ी। रास्ते में ट्रांसफर के पास विद्युत प्रभावित लाइन से हाथ टच हो गया। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ी। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया। मृतका को तीन पुत्र रोहित शर्मा, रौशन शर्मा और किशन शर्मा है। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### महिला का अर्धनग्न शव मिला

**आरा।** भोजपुर में एक महिला का अर्धनग्न शव मिला है। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। शव की स्थिति को देखते हुए रेप के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच के बाद ही मौत के कारण और रेप की पुष्टि हो सकेगी। घटना बबुरा थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सोमवार(6 जुलाई 2026) सुबह बधार में एक महिला का शव देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतका के शरीर से साड़ी हट गई थी और शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। बाएं पैर पर जलने और चेहरे पर चोट के कई निशान मिले हैं, जिससे उसके साथ मारपीट किए जाने की भी आशंका जताई जा रही है।

**आसपास के थानों से किया संपर्कः** पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि साक्ष्य जुटाए जा सके। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### बेसुध पड़ी पत्नी, हॉस्पिटल जाने की बजाए पति ने फोटो ली

**बक्सर।** बक्सर की महिला की यूपी के लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शादी के सिर्फ 4 महीने बाद नवविवाहिता की मौत को लेकर मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान सोनाली (24) के रूप में हुई है, जो खड़हाटांड़ गांव के रहनेवाले वीरेंद्र ओझा की बेटी थी। सोनाली की शादी 26 फरवरी 2026 को भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के पिंजरौली गांव निवासी कमलाकांत मिश्र से हुई थी। शादी के बाद सोनाली अपने पति के साथ लखनऊ में रह रही थी, जहां उनके पति एक प्राइवेट बैंक में काम करते हैं। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वाले उसे टॉर्चर करते थे। परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है।

**पति, सास-ससुर टॉर्चर करते थेः** परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद से पति, सास, ससुर, ननद, भसुर और भाभी दहेज के लिए सोनाली को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। सोनाली के साथ मारपीट, गाली-गलौज की जाती थी, उसे मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। परिवार का कहना है कि सोनाली ने कई बार मारपीट और टॉर्चर की बात परिवार को बताई, लेकिन अपनी शादीशुदा जिंदगी बचाने की उम्मीद में वह सब कुछ सहती रहीं।

**फोर व्हीलर की कर रहे थे मांगः** मृतका के भाई अभिषेक ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि शादी के समय 15 लाख रुपए कैश, लगभग 250 ग्राम सोने के गहने और करीब ढाई लाख रुपए के फर्नीचर दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार चार पहिया गाड़ी की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर सोनाली को जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी।

**पति ने फोन कर दी सुसाइड की जानकारीः** परिजनों के मुताबिक, सोनाली भोजपुर में अपने ससुराल में थी। 28 जून को वो अपने पति के पास लखनऊ गई थीं। 4 जुलाई की दोपहर उनके पति ने फोन कर बताया कि सोनाली ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि, जब परिवार लखनऊ पहुंचा तो शव पर गले के अलावा हाथ और पैरों में भी रस्सी जैसे निशान दिखाई दिए। इसी आधार पर मायके वालों ने आत्महत्या की बात पर संदेह जताते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया है।

**दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में FIR:** इस मामले में लखनऊ के इंदिरा नगर थाना में पति कमलाकांत मिश्र समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या समेत दूसरी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इंदिरा नगर के प्रभारी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी जारी है। बक्सर की इस बेटी की संदिग्ध मौत से गांव और आसपास के इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

### युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**बक्सर।** बक्सर के बगेन गोला थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने के बाद सोमवार को आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। हत्या की आशंका जताते हुए उन्होंने बगेन चौक पर शव रखकर करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर दी। सूचना पर बगेन गोला, मुरार और ब्रह्मपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मृतक की पहचान एकरासी गांव निवासी 40 वर्षीय प्रवेश मुसहर के रूप में हुई है, जो प्रेमा मुसहर के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार, प्रवेश मुसहर पिछले दो दिनों से लापता थे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे।

**बंद पड़े बोरिंग से शव बरामदः** सोमवार को पुलिस को गांव के एक बंद पड़े बोरिंग से प्रवेश मुसहर का शव बरामद हुआ। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई गई कि बोरिंग चालू करते समय करंट लगने से उनकी मौत हुई होगी। हालांकि, मृतक के परिजनों ने इस आशंका को खारिज करते हुए इसे हत्या का मामला बताया।

**पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा की मांगः** परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रवेश मुसहर जिस बोरिंग पर काम करते थे, उसके मालिक मनन चौधरी उर्फ नरेश (पिताः हृदय चौधरी) ने उनकी हत्या की है। आक्रोशित लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी मनन चौधरी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। सड़क जाम के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस अधिकारियों और प्रशासन की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

**थाना प्रभारी बोले-साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाईः** बगेन गोला थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुष्टि की कि नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# मोबाइल दुकान में हुई चोरी, सीसीटीवी में चोर की करतूत कैद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में मोबाइल दुकान में चोरी हुई है। कृष्णगढ़ थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित सरैया बाजार में सोमवार देर रात अज्ञात चोर ने दो दुकानों में सेंध लगाकर कैश और मोबाइल ले उड़े। पूरी वारदात दुकान में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई, जिसमें चोर का बेखौफ अंदाज साफ दिखाई दे रहा है। घटना ने एक बार फिर पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि वारदात थाना के बेहद नजदीक हुई है।

**मोबाइल और कैश ले भागे :** जानकारी के अनुसार सरैया-ध्रुवटोला रोड स्थित 2 मोबाइल सेंटर को चोरों ने निशाना बनाया। CCTV फुटेज के मुताबिक रात करीब 12:35 बजे एक युवक छत के रास्ते दुकान में दाखिल हुआ। इसके बाद उसने बड़े आराम से दोनों दुकानों में रखे मोबाइल और नकदी पर हाथ साफ किया। फुटेज में देखा जा सकता है कि चोर बिना किसी घबराहट के दुकान के भीतर घूमता रहा। मोबाइल के डिब्बों को खोलकर केवल हैंडसेट निकालता रहा और कई महंगे मोबाइल देखने के बाद उन्हें वापस भी रख देता है। मोबाइल ग्लास और अन्य एक्सेसरीज को भी उसने खंगाला। उसके हावभाव से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वह चोरी नहीं, बल्कि अपनी पसंद का सामान चुन रहा हो।

**'पूरा सामान बिखरा हुआ था' :** लाली फोनेक्स के संचालक रवि कुमार केशरी ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 2.50 लाख रुपए नकद और लगभग 1.50 लाख के मोबाइल फोन चोरी हो गए। वहीं, सूरज मोबाइल सेंटर के संचालक सूरज प्रसाद केशरी के अनुसार उनकी दुकान से करीब 2 लाख के कीपैड मोबाइल और 20 से 25 हजार नकद गायब है। मंगलवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद आसपास के व्यवसायियों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कृष्णगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने CCTV फुटेज अपने कब्जे में लेकर अज्ञात चोर की पहचान शुरू कर दी है।

**लोगों ने जताई नाराजगी :** स्थानीय लोगों का कहना है कि जब थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित दुकानों में इतनी आसानी से चोरी हो सकती है तो अन्य बाजारों की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। व्यापारियों ने रात में नियमित गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोर की गिरफ्तारी की मांग की है।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस :** कृष्णगढ़ पुलिस का कहना है कि CCTV फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के इलाकों के कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर चोरी गए सामान की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा।

# ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में सोमवार रात ई-रिक्शा और बाइक की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार 2 चचेरे भाई समेत 3 लोग घायल हैं। घायलों को पीरो पीएचसी में इलाज के लिए एडमिट कराया गया है। घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर इब्राहिमपुर मोड़ स्थित ओवरब्रिज की है। मृतक की पहचान विदेशी शर्मा के पुत्र सोनू शर्मा(26) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक सोनू ई-रिक्शा से सवारी लेकर पीरो लौट रहा था। बाइक सवार लवकुश कुमार मंदिर से अपने चचेरी बहन की शादी में शामिल होकर वापस गांव लौट रहा था। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए।

**घर में मचा कोहराम :** हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां सोनू ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी अनीता देवी और तीन पुत्री है। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अवैध हथियारों के साथ एक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर पुलिस ने संभावित आपराधिक घटना को समय रहते विफल करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नगर थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले में छापेमारी कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके घर से एक देसी पिस्तौल, दो देसी कट्टा और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश में बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रखी थी।

**गुप्त सूचना पर गठित की गई विशेष टीमः** सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) गौरव पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि 5 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि शिवपुरी मोहल्ला निवासी वरुण मिश्रा अपने भाइयों के साथ मिलकर किसी आपराधिक घटना की साजिश रच रहा है। सूचना में यह भी बताया गया था कि उसके पास अवैध हथियार मौजूद हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में नगर थाना पुलिस, डीआईयू और सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया।

**पुलिस पहुंची तो एक आरोपी फरार, दो घर में मिलेः** विशेष टीम ने शिवपुरी मोहल्ले स्थित संदिग्ध के घर पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जिसकी पहचान वरुण मिश्रा के रूप में हुई। वहीं घर के अंदर शिवानंद मिश्रा उर्फ पहाड़ी मिश्रा और प्रिंस मिश्रा मौजूद मिले। इसके बाद पुलिस ने पूरे घर की विधिवत तलाशी ली।

# राजनंदनी की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर में अल्पावास गृह (Short Stay Home) में राजनंदनी कुमारी(18) की संदिग्ध मौत में पुलिस की जांच तेज हो गई। पुलिस अब इस पूरे प्रकरण की वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ एफएसएल टीम की मदद ली गई है, जबकि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम भी कराया गया है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड की है मृतका के पिता संजय कहार के बयान पर नवादा थाना में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। दूसरी ओर, पिता ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाने में दिए आवेदन में संजय कहार ने बताया कि तीन जुलाई को वह अपनी पुत्री से मिलने अल्पावास गृह पहुंचे थे। उस समय राजनंदनी ने कहा था कि कुछ दिनों में उसे वहां से छोड़ दिया जाएगा। ऐसे में अचानक उसकी मौत हो जाना उन्हें संदिग्ध लग रहा है। उनकी पुत्री आत्महत्या नहीं कर सकती है। उसके साथ कोई अनहोनी हुई है। हालांकि उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष पर सीधे तौर पर आरोप नहीं लगाया है।

**पोस्टमार्टम और FSL रिपोर्ट के आधार पर जांच :** वहीं, नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि मृतका के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। उसमें प्रेमी पर वादा कर मुकर जाने का जिक्र है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचे बिना सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार की रात जिला पदाधिकारी के आदेश पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एफएसएल टीम ने अल्पवास गृह पहुंचकर कमरे का निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। रविवार की सुबह अल्पावास गृह के एक कमरे में युवती का शव पंखे से लटका मिला था। सूचना मिलने पर नवादा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा।

**'लड़की ने घर जाने से मना कर दी थी' :** पुलिस के अनुसार, करीब एक वर्ष पहले प्रेम-प्रसंग के मामले में राजनंदनी को बिहिया थाना क्षेत्र के बेलोना खरौनी निवासी दीपक अपने साथ ले गया था। इस संबंध में पिता ने बिहिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में पुलिस ने दोनों को बरामद किया, लेकिन युवती ने घर जाने से इनकार कर दिया।

# 230 प्रशिक्षु सिपाहियों की पासिंग आउट परेड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** बक्सर के पुलिस केंद्र में मंगलवार को गयाजी जिला बल के 230 प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत समारोह सह पासिंग आउट परेड संपन्न हुआ। महीनों के कठिन प्रशिक्षण के बाद इन सिपाहियों ने उत्साह, अनुशासन और गरिमामय वातावरण में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि शाहाबाद क्षेत्र, डेहरी ऑन सोन के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) थे। उन्होंने परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण किया।

**उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने सराहना की :** प्रशिक्षु सिपाहियों ने एकरूपता, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने सराहना की। परेड के दौरान प्रशिक्षुओं के कदमताल और प्रशिक्षण की गुणवत्ता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी 230 प्रशिक्षु सिपाहियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। उन्होंने सिपाहियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ करेंगे।

**पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत करने का संदेश :** DIG ने आगे कहा कि पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण करने और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रत्येक जवान को अपने आचरण, व्यवहार और कार्यशैली से पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने जोर दिया कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य, संयम और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना ही एक सफल पुलिसकर्मी की पहचान होती है।

**कर्तव्यनिष्ठ और जनहित के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी बनने का संदेश :** इस समारोह में बक्सर के पुलिस अधीक्षक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बक्सर एवं डुमरांव), तथा विभिन्न पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय, रक्षित, साइबर, यातायात) सहित पुलिस एवं प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षु सिपाहियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ और जनहित के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी बनने का संदेश दिया।

**विभिन्न विषयों का व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण :** दीक्षांत समारोह सह पासिंग आउट परेड का आयोजन पूरे अनुशासन और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षु सिपाहियों को शारीरिक दक्षता, परेड, हथियार संचालन, कानून संबंधी जानकारी, अपराध अनुसंधान, मानवाधिकार, साइबर अपराध, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक पुलिसिंग सहित विभिन्न विषयों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अब सभी 230 प्रशिक्षु सिपाही राज्य के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षु सिपाहियों ने राष्ट्र और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण करने तथा जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। पूरे समारोह के दौरान देशभक्ति और अनुशासन का माहौल बना रहा तथा पासिंग आउट परेड ने उपस्थित सभी लोगों को गौरवान्वित किया।

## जाम के लिए जनता भी जिम्मेदार, नियमों का पालन जरूरी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक ट्रैफिक पुलिस के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों और जाम प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों से जाम के कारणों व समाधान पर चर्चा की। निरीक्षण के बाद विधायक ने कहा कि बक्सर में लगने वाले अधिकांश जाम के लिए केवल पुलिस या प्रशासन को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है।

**नियमों की लगातार अनदेखी भी जाम का बड़ा कारण :** उन्होंने जोर दिया कि आम लोगों द्वारा यातायात नियमों की लगातार अनदेखी भी जाम का एक बड़ा कारण बन रही है। यदि जनता नियमों का पालन करे और प्रशासन सख्ती से उन्हें लागू करे, तो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में जल्द सुधार हो सकता है। विधायक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर लोगों को बीच सड़क से वाहन मोड़ते, गलत दिशा से प्रवेश करते और निर्धारित लेन का पालन किए बिना वाहन चलाते हुए पाया गया।

**पूरे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें :** इन हरकतों के कारण पूरे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने विशेष रूप से पांडे पट्टी रेलवे क्रॉसिंग का उल्लेख किया। विधायक के अनुसार, यहां निर्धारित लेन छोड़कर वाहन चलाने और जल्दबाजी में आगे निकलने की कोशिश के कारण पूरा चौराहा जाम हो जाता है।


**बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई होनी चाहिए :** इसका सबसे अधिक नुकसान स्कूल जाने वाले छात्रों, अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों, बुजुर्गों और दैनिक कार्यों के लिए निकलने वाले आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। विधायक ने प्रशासन से मांग की कि शहर में बने अवैध कट और अनधिकृत रास्तों को पूरी तरह बंद किया जाए। साथ ही, आवश्यक स्थानों पर प्रभावी बैरिकेडिंग की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई होनी चाहिए।

**सायरन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए :** विधायक ने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वाला कोई भी हो, उसका चालान अवश्य काटा जाना चाहिए, क्योंकि कानून का समान पालन ही लोगों में अनुशासन की भावना विकसित करेगा। विधायक ने वीआईपी संस्कृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों को छोड़कर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सायरन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं आम नागरिकों की तरह ट्रैफिक का सामना करेंगे, तभी उन्हें जमीनी समस्याओं का सही आकलन होगा और स्थायी समाधान निकालने में मदद मिलेगी।

**बुनियादी आदतें अपनानी होंगी :** उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बक्सर को ट्रैफिक सिग्नल से अधिक ट्रैफिक अनुशासन की आवश्यकता है। लोगों को लेन में वाहन चलाने, गलत दिशा से प्रवेश नहीं करने और सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने जैसी बुनियादी आदतें अपनानी होंगी। वहीं प्रशासन को भी नियमित अभियान चलाकर नियमों का सख्ती से पालन कराना होगा।

# डॉक्टर बनकर छोटे पापा का सपना पूरा करूंगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** 'छोटे पापा मैं बड़ी होकर डॉक्टर जरूर बनूंगी। आपका सपना पूरा करूंगी। डॉक्टर बनकर ज्वनियां गांव और हर जरूरतमंद का इलाज करूंगी। इतना कहते-कहते एनकाउंटर में मरने वाले भरत तिवारी की भतीजी अनन्या (10) रोने लगी।' अनन्या भरत तिवारी की लाडली थी। वे अपनी भतीजी को एंजल कहकर बुलाते थे। 'अनन्या कहती हैं कि छोटे पापा ने मुझे डॉक्टर बनाने के लिए अपनी जमीन बेच दी। वे ही मुझे पढ़ाई के लिए पैसे देते थे। मैं आगे भी पढ़ाई करती रहूंगी।'

**छोटे पापा के गिफ्ट मुझे सबसे अच्छे लगते थेः** अनन्या भरत तिवारी के बड़े भाई बसंत तिवारी की बेची है। अनन्या कहती हैं कि छोटे पापा ने मरे लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने मेरे लिए पहुत सपने देख रखे थे। वे मुझे बहुत मानते थे। वो जब भी मेरे लिए कुछ गिफ्त लाते थे, मुझे बहुत अच्था लगता था। उनके दिए खिलौने से ही मैं खेलती थी। मुझे रील बनाने का शौक है। मैं जब भी रील बनाती थी वो मेरा वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करते थे। उस वीडियो पर छोटे पापा लिखते थे... "My Angel", "Cutie Angel" और "My Small Princess"।

**भरत का सपना था, भतीजी गरीबों का मुफ्त इलाज करेः** परिजन कहते हैं कि भरत अपनी भतीजी अनन्या से कहते थे कि तुम्हें जितना पढ़ना है तुम पढ़ो। देश के किसी भी अच्छे स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय हो तुम बिना किसी चिंता के पढ़ाई करो। मैं तुम्हारी पढ़ाई में कभी दिक्कत नहीं आने दूंगा। भरत अपनी भतीजी से कहते थे कि तुम्हारे सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी मेरी होगी। भरत चाहते थे कि भतीजी डॉक्टर बने और ज्वइनिया गांव के बाढ़ विस्थापितों समेत गरीब परिवारों का मुफ्त इलाज करे, ताकि किसी जरूरतमंद को इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें न खानी पड़ें।

**अपने पैसों से गडढ़े भरवाने वाले थे भरतः** भरत तिवारी के घर के बगल में 5 डिसमिल जमीन है। जो पिता काशीनाथ की है। भरत ने 5 में से 3 डिसमिल जमीन बेच दी थी। उससे जो रुपए मिले। उसके एक हिस्से से वे विस्थापितों के इलाके में लगाने वाले थे। जितने भी गड्ढे थे, वहां मिट्टी भरवाने वाले थे। ताकि विस्थापितों को रहने में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए भरत तिवारी ने विस्थापितों से कहा भी था कि वे जल्दी ही सारी समस्याएं दूर कर देंगे, पर उससे पहले ही उनकी मौत हो गई।

**आज सिविल कोर्ट में बयान होना हैः** उधर, भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की न्यायिक प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। मंगलवार को आरा सिविल कोर्ट में इस मामले के अहम गवाहों के बयान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में 2 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, अभियुक्तों की निशानदेही पर हथियार बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली में बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई काजीपुर थाना क्षेत्र में की गई, जहां से अपराधियों के पास से देसी कारबाइन और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान राजकपूर और राकेश कुमार के रूप में हुई है। बिहार पुलिस मुख्यालय के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर काजीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव से हथियार बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त राजकपूर एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कुल 16 मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस की तलाश में था। इस मामले में काजीपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### शालिनी कुमारी चांदपुरा की नई थानाध्यक्ष बनीं, बिट्टू कुमार को महुआ थाना भेजा गया

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने तीन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इनमें शालिनी कुमारी को चांदपुरा थाने का अध्यक्ष बनाया गया है। यह नियुक्तियां लोकहित और प्रशासनिक दृष्टिकोण से की गई हैं। जंदाहा थाने की अपर थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक शालिनी कुमारी को चांदपुरा थाना अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चांदपुरा के वर्तमान थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक बिट्टू कुमार को महुआ थाना अनुसंधान इकाई में भेजा गया है। वहीं, महुआ थाने के अपर थाना अध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार पाल को सहदेई का नया थाना अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए पदस्थापना स्थल पर योगदान देने और अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। यह बदलाव हाल ही में सहदेई थाना अध्यक्ष गौतम कुमार साह के निलंबन के बाद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने गौतम कुमार साह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया था। एसपी ने बताया था कि एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गंभीर घटना हुई थी, जिसमें उसके सिर और पैर में चोटें आई थीं। पीड़ित ने सहदेई थाने में आवेदन दिया था, लेकिन लगभग 20 दिनों तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने सीधे पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। मामले की तत्काल समीक्षा और जांच के बाद यह सामने आया कि तत्कालीन थाना अध्यक्ष ने लापरवाही बरती थी। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी।

### शादी से कैमरामैन दुल्हन की नाबालिग बहन को लेकर भागा, वैशाली में वीडियोग्राफी के दौरान हुई घटना

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह से दुल्हन की नाबालिग बहन को वीडियोग्राफी करने आया कैमरामैन कथित तौर पर लेकर फरार हो गया। इस मामले में लड़की के भाई ने गोरौल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, जंदाहा थाना क्षेत्र के चमरूपुर गांव निवासी गोलू कुमार बड़ी बहन की शादी में वीडियोग्राफी के लिए आया था। शादी समारोह के दौरान गोलू ने दुल्हन की 16 वर्षीय छोटी बहन से बातचीत की और उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। घटना 3 जुलाई की रात करीब 12 बजे की है। नाबालिग लड़की बाथरूम जाने का बहाना बनाकर घर से निकली, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने कैमरामैन गोलू से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गोरौल थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अपहृत लड़की की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है। लड़की के भाई ने अपने आरोप में बताया कि गोलू कुमार ने शादी के दौरान उसकी छोटी बहन का नंबर ले लिया था और उससे मोबाइल पर बात करने लगा था। उन्होंने यह भी बताया कि 3 जुलाई को गोलू लड़की के घर भी गया था। जब परिजनों ने गोलू से संपर्क किया, तो उसने लड़की के अपने पास होने से इनकार कर दिया। भाई के अनुसार, गोलू अलग-अलग 8 मोबाइल नंबरों से फोन करता था।



### मुस्लिम लड़के ने फौजी बनकर हिन्दू लड़की को फंसाया

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में एक मुस्लिम युवक ने खुद को सेना का जवान बताकर हिन्दू लड़की को प्रेम जाल में फंसाया। आरोपी का नाम मो. अरमान है। पीड़िता का कहना है कि अरमान ने शादी का झांसा देकर मुझसे पैसे लिए, जबकि वो पहले से शादीशुदा है। बाद में पता चला कि मो. अरमान सेना का जवान नहीं बल्कि साइकिल की दुकान पर पंचर बनाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सेना जैसी हेयरकट, कमांडो ड्रेस और वीडियो कॉल पर वर्दी और हथियार दिखाकर युवती का भरोसा जीता। इसके बाद खुद को कभी पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात तो कभी आतंकियों के कब्जे में फंसा बताकर कई किस्तों में रुपए मंगवाता रहा। सकरा थाना क्षेत्र की 21 साल की युवती के आवेदन पर सदर थाना में मुख्य आरोपी मो. अरमान समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2026 में फेसबुक पर मो. अरमान की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने अपनी पहचान को विश्वसनीय बनाने के लिए पूरी तैयारी की थी। युवती से पहली मुलाकात से पहले उसने सेना के जवानों जैसी हेयरकट कराई और कमांडो ड्रेस पहनकर मिलने पहुंचा। आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर युवती से रुपए मंगवाता रहा। कभी वह खुद को पाकिस्तान सीमा पर ड्यूटी पर तैनात बताता, तो कभी आतंकियों के कब्जे में होने की कहानी सुनाकर पैसों की जरूरत बताता था।

### आरजेडी झंडे वाली गाड़ी से युवक का अपहरण

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में थार सवार ने युवक का अपहरण किया। थार पर राजद झंडा लगा है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मो. रहमान ने खुद को जिला सचिव बताया है। आरोपी रहमान ने पीड़ित युवक आयुष कुमार का अपहरण उसके घर के पास काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र से किया था। उसे गाड़ी में बैठाया और करीब 30 किमी तक घुमाया। उसके साथ गाड़ी में मारपीट भी की गई। गाड़ी रहमान के अलावा और भी लोग थे। इस दौरान अपहरण की सूचना पर पुलिस एक्टिव हो गई। गिरफ्तारी के डर से बदमाशों ने आयुष को सड़क किनारे छोड़ दिया। मामला रविवार दोपहर का है। पुलिस ने घटना के 4 घंटे के बाद गिरफ्तारी की है। आज पुलिस ने मामले की जानकारी पीसी कर दी है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 3:30 बजे काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र से एक युवक के अपहरण की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में घेराबंदी कर सघन वाहन जांच और छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया। सरैया थाना क्षेत्र से अपहरण में इस्तेमाल थार गाड़ी के साथ आरोपी मो. रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर का रहने वाला है। जांच में पुलिस ने पाया कि थार पर RJD के झंडे के साथ जिला सचिव का बोर्ड भी लगा था। नगर-1 के एसडीपीओ सुरेश कुमार ने बताया कि पूछताछ और अनुसंधान में सामने आया है कि अपहृत युवक और गिरफ्तार आरोपी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग को लेकर भी तनाव था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी एक युवती से दोस्ती थी और घायल युवक उसे लगातार धमकी देता था। इसी विवाद के चलते अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित आयुष कुमार के लिखित आवेदन पर काजी मोहम्मदपुर थाना में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल का किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना में हेल्थ मिनिस्टर निशांत कुमार ने मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण (LNJP) अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड, ओपीडी और मेल टॉयलेट तक का जायजा लिया। जहां सफाई की कमी मिली। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी डिपार्टमेंट को 24 घंटे के लिए करेंगे। निरीक्षण में कई खामियां और अव्यवस्थाएं सामने आने पर अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधाओं और इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को मिल रही सुविधाओं, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी और ओपीडी व्यवस्था का भी जायजा लिया।



**ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले डॉ तो मांगा जवाब**: निरीक्षण के दौरान एक डॉक्टर अपनी निर्धारित ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले। मंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली तो बताया गया कि संबंधित डॉक्टर की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से थी, लेकिन 3 बजे तक भी वह अस्पताल नहीं पहुंचे थे। जब डॉक्टर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि अस्पताल पहुंचने में उन्हें करीब आधा घंटा और लगेगा। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित डॉक्टर को तत्काल विभाग में बुलाने का निर्देश दिया।

**कहा- डॉक्टर का पक्ष सुनने के बाद नियमानुसार कार्रवाई**: निशांत कुमार ने कहा, 'डॉक्टर की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से थी, लेकिन 3 बजे तक भी वे अस्पताल नहीं पहुंचे। फोन करने पर उन्होंने कहा कि आने में आधा घंटा और लगेगा। हमने उन्हें विभाग में बुलाया है और पूछा है कि देरी की वजह क्या है। उनका पक्ष सुनने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एक बूढ़ी दादी ने निशांत कुमार को आवाज लगाई, कहा- ए निशांत..ए निशांत। दादी ने कहा कि कल से X-Ray के लिए बैठी हूं। फिर निशांत ने खुद अपना हाथ आगे बढ़ाया और बूढ़ी महिला को अंदर भेज दिया।

**❒ ड्यूटी से गायब मिले डॉक्टर, निशांत कुमार ने फोन कर बुलाया**

**23 जून को PMCH में मिली थी लापरवाही**: इससे पहले 23 जून को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (PMCH) का निरीक्षण किया था। उस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई खामियां सामने आई थीं। मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान PMCH के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने उन्हें बैठक के लिए फोन भी किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। बाद में पता चला कि वे बिना किसी अवकाश स्वीकृति के ड्यूटी से गैरहाजिर थे।

## फल मंडी में कोरोबारी को मारी गोली साइलेंसर लगाकर की फायरिंग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के फल मंडी में घुसकर बदमाशों ने कारोबारी को गोली मार दी। वे गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें पीएमसीएच में ले जाया गया है। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय थाने की पुलिस और एफएसएल की टीम भी पहुंची। जिस जगह पर गोली चली है, उसे घेर कर पड़ताल की जा रही है। जब गोली चली उस वक्त किसी तरह की आवाज नहीं आई। आशंका जताई जा रही है कि साइलेंसर गन का इस्तेमाल किया गया है। घटना बहादुरपुर बाजार समिति की है।

**सिर के पास गोली लगी**: पूर्वी SP शैलजा ने बताया कि सुबह 11 बजे फलमंडी में गोली चलने की सूचना मिली। यहां आने पर पता चला कि राजकुमार प्रजापति जो यूपी के रहने वाले हैं। उनके सिर के पास गोली लगी है। दो खोखा घटनास्थल से बरामद किया गया है। एक गोली लगी है। फिलहाल छानबीन की जा रही है। आई विटनेस को भी पता नहीं चला है कि गोली किधर से चलाई गई है।

**गोली कैसे चली पता नहीं चला**: दुकानदार शशिकांत प्रसाद ने बताया कि हमलोग दहशत के माहौल में हैं। 11 बजे हमलोग आम बेच रहे थे। इसी बीच कॉल आया कि 194-195 नंबर दुकान पर गोपालजी प्रसाद के मुंशी को गोली लग गई है। हमलोग हड़बड़ा कर आए और गोपालजी से पूछे तो उन्होंने बताया कि दुकान के सामने 4-5 लोग झगड़ा कर रहे थे। कैसे गोली चली पता नहीं चला। हमलोगों को भी गोली की आवाज नहीं आई।

**◆ पीएमसीएच में घायल की स्थिति नाजुक**


## पटना समेत 10 जिलों में तेज बारिश 7 दिनों तक हैवी रेन का अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में मानसून का असर दिखने लगा है। मंगलवार को पटना, बेतिया, कटिहार, मधुबनी, सासाराम और औरंगाबाद समेत 10 जिलों में बारिश हुई है। बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमारनालंदा में एक मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे, लेकिन तेज बारिश के कारण उन्हें लौटना पड़ा। वहीं, मुंगेर में नदी का जलस्तर बढ़ने से कटाव शुरू हो गया है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

दरभंगा के जाले में तेज आंधी के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे एक विशाल पीपल के पेड़ की डाल टूटकर एक मकान पर गिर गई। हादसे के समय घर में मौजूद एक ही परिवार के 7 लोग बाल-बाल बच गए।

मौसम विभाग ने 12 जुलाई तक पूरे राज्य में भारी बारिश का 7 दिन का रेड अलर्ट जारी किया है। अगले



**❒ नालंदा में मजार पर चादर नहीं चढ़ा पाए नीतीश कुमार**

48 घंटे में भारी बारिश की संभावना है। वेदर एक्सपर्ट के मुताबिक, अगले 7 से 10 दिनों के दौरान मानसून और ज्यादा मजबूत होगा।

प्रदेश में पिछले तीन सप्ताह तक मौसम सूखा रहा, लेकिन अब मानसून ने यू-टर्न लिया है। स्थिति यह थी कि 6 जुलाई तक राज्य में सामान्य 230.1 मिमी के मुकाबले केवल 103 मिमी बारिश हुई थी, जो सामान्य से 52 से 55 प्रतिशत कम थी।

## पीएमसीएच में इमरजेंसी व ओटी ठप, नर्सों की हड़ताल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल PMCH में नर्सों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया है। नर्सों की स्ट्राइक के बाद पिछले 6 घंटे से इमरजेंसी सेवा के साथ-साथ ओटी और दूसरी जरूरी सेवाएं पूरी तरह ठप है। बारिश के बीच नर्स पीएमसीएच कैंपस में विरोध-प्रदर्शन कर रही हैं। मामला इतना बढ़ गया कि अस्पताल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह को भी मौके पर पहुंचना पड़ा। PMCH की घटना पर स्वास्थ्य विभाग ने 7 सदस्यीय कमेटी गठन किया है। अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि कमेटी को 7 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपना है। इस कमेटी में स्त्री एवं प्रसूति विभाग के HOD डॉ. कुमारी मंजू, यूरोलॉजी विभाग के डॉ. दिनेश कुमार, सर्जरी विभाग के डॉ. विनय कुमार, मेडिसिन विभाग के डॉ. राजन कुमार और डॉ. पंकज हंस, आर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. राजीव आनंद और सीनियर नर्स अहिल्या कुमारी शामिल हैं।



वहीं, पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (JDA) ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान OPD, जेनेरल वार्ड और ऑपरेशन थिएटर की सेवा ठप रहेगी। हालांकि, आपातकालीन सेवा, ICU, लेबर रूम, आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर आदि सेवा चलती रहेगी। दरअसल, सोमवार को PMCH में मरीज अरविंद सिंह (55) की मौत हो गई। अरविंद सिंह एमसीएच में पिछले लगभग 20 वर्षों से कार्यरत सीनियर स्टाफ नर्स लक्ष्मी कुमारी के पति थे। परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। जिसके बाद सीनियर नर्स के परिजन और जूनियर डॉक्टर सोमवार को भिड़ गए। अरविंद की मौत के बाद आज मंगलवार को अस्पताल की नर्सों ने हंगामा शुरू कर दिया है। नर्सों की मांग है कि दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई हो। इधर, नर्सों की हड़ताल से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। दानापुर के रहने वाले नीतीश कुमार सोनी इलाज करवाने पहुंचे, लेकिन उन्हें स्ट्रेचर तक नहीं मिली। उन्होंने कहा, 'अक्सर अस्पताल में हड़ताल की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन मरीज की सुनने वाला कोई नहीं है।'

**❒ बोलीं-जूनियर डॉक्टर्स हैं या गुंडे, जांच के लिए कमेटी गठित**

**जूनियर डॉक्टर पर मारपीट का आरोप**: दरअसल, लक्ष्मी कुमारी ने अपने पति को गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे मेडिकल इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई। उनका दावा है कि यदि समय पर उचित और बेहतर इलाज मिलता तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। मृतक के बेटे शिवम कुमार ने बताया कि भर्ती के बाद उनके पिता का डायलिसिस किया जा रहा था। परिजनों ने जब लापरवाही उजागर करने की कोशिश की तो जूनियर डॉक्टरों ने उनके दोनों बेटों को कमरे में बंद कर पीटा। बीच-बचाव करने गईं नर्स से भी मारपीट की। इस दौरान अस्पताल परिसर में कई घंटे तनाव का माहौल रहा।

## लालू बोले, मैं शेर हूं, मुझे किसी का डर नहीं, बिना सुरक्षा आवास से निकले

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार सरकार ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को Z श्रेणी की सुरक्षा लौटा दी है। इसके बाद भी लालू मंगलवार को बिना सिक्योरिटी के अपने आवास से बाहर निकलते दिखे। जब उनसे पूछा गया कि सरकार ने जब सुरक्षा दी है तो आप ऐसे क्यों निकल रहे हैं। इसपर लालू कहते हैं, 'मुझे कोई दिक्कत नहीं है, मैं शेर हूं, मुझे किसी का डर नहीं है और न मुझे सुरक्षा की चिंता है।



**जिसको निशाना बनाना है बनाए**: मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के राजनीतिक रूप से निशाना बनाए जाने के सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा, बनाने दीजिए निशाना। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, 'हां, सब चुप हैं।' राजद के संगठन और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर लालू प्रसाद यादव ने कहा, 'हां, सब ठीक चल रहा है।'

**लालू ने कहा था, सरकार बैकफुट पर है**: सुरक्षा वापस देने के बाद लालू यादव ने कहा था कि सरकार बैकफुट पर है। एक महीना पहले बिहार सरकार ने VVIP सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। इस समीक्षा के बाद लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया गया था, जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सुरक्षा में बदलाव के विरोध में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई सुरक्षा वापस कर दी थी।

**आवास विवाद के बीच घटाई गई सुरक्षा**: सम्राट सरकार की तरफ से राबड़ी आवास को खाली करने का नोटिस दिया गया था। इस नोटिस पर विवाद बढ़ा तो लालू परिवार की जेड प्लस सिक्योरिटी खत्म कर दी गई है। दोनों को बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था दी गई थी, जिसमें एस्कॉर्ट, बुलेट प्रूफ कार और 8 से 16 गार्ड शामिल थे।

## खान सर की अग्रिम जमानत पर 40 मिनट बहस,कोर्ट ने मांगा आपराधिक रिकॉर्ड

**पटना**। खान ग्लोबल स्टडीज के शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत और जेल में बंद गाड्र्स प्रदीप कुमार और तालेबर सिंह की रेगुलर बेल पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में करीब 40 मिनट तक District जज रूपेश देव ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनी। जज ने रौशन आनंद के पक्ष की शिकायत पर खान सर के पुराने आपराधिक इतिहास का रिकॉर्ड मांगा है, जिसे आज ही देना है। कल सुबह 10:30 बजे पूरे मामले में फिर से सुनवाई होगी। तब फैसला आ सकता है। जज ने सुनवाई के दौरान कहा कि ये मामला अब लंबे दिन से खिंचा आ रहा है। पिछली सुनवाई के दौरान ADJ ने की थी। उन्होंने 7 जुलाई तक खान सर और उनके सहयोगियों का इंटीरिम प्रोटेक्शन एक्सटेंड कर दिया था।

## हाथीदह पुलिस ने 100 किलो गांजा जब्त किया, 6 तस्कर दबोचे गए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जिले के हाथीदह थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन चार पहिया वाहनों से 100 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया और मौके से पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

**लग्जरी गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप ले जा रहे थे**: जानकारी के अनुसार, हाथीदह थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को सूचना मिली थी कि तस्करों का एक गिरोह लग्जरी गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप ले जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की और चिन्हित स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान, पुलिस टीम ने



संदिग्ध परिस्थितियों में आ रहे तीनों चार पहिया वाहनों को रुकने का इशारा किया। वाहन चालकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मुस्तैदी से उन्हें घेरकर रोक लिया गया। वाहनों की गहन तलाशी लेने पर उनके अंदर बने गुप्त तहखानों और सीटों के नीचे छिपाकर रखा गया 100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे की खेप और तीनों वाहनों को जब्त कर पांचों तस्करों को हिरासत में ले लिया। इस सफलता के बाद स्थानीय पुलिस ने तुरंत अपने वरीय अधिकारियों को सूचित किया। अब गिरफ्तार तस्करों से कड़ी पूछताछ की जा रही है

## पटना जू में अगले सप्ताह से देख सकेंगे व्हाइट टाइगर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जू में अगले सप्ताह से लोग व्हाइट टाइगर का दीदार कर सकते हैं। दिल्ली जू से एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आए व्हाइट टाइगर को डिस्प्ले किया जाएगा। इसके अलावा 6 संघाई हिरण, 4 वाइट ब्लैकबक, 4 रोजी पेलिकन, 4 पेंटेड स्टॉर्क, 2 ग्रीन इगुआना और 2 सिल्वर फिजेंट भी लाए गए हैं। दिल्ली जू से आए संघाई हिरणों में दो नर और चार मादा हैं, जबकि वाइट ब्लैकबक में दो नर और दो मादा हैं। इसके अलावा 25 जुलाई तक कर्नाटक के शिवमोगा जू से दो नर गौर लाए जाएंगे। सेंट्रल जू अथॉरिटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

अभी पटना जू में सिर्फ़ 2 मादा गौर हैं। 2 नर गौर लाने से पटना जू में गौर की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। शिवमोगा जू को देश की पहली विशेष 'गौर सफारी' के



रूप में विकसित की गई है। इसके तहत मैसूरू चिड़ियाघर से लाए गए भारतीय गौर रखे जाते हैं।

**इगुआना के लिए बन रहा एक कांच का बाड़ा**: वहीं, रोहतक जू से दो ग्रीन इगुआना और दो सिल्वर फिजेंट लाए गए हैं। वाइट ब्लैकबक और ग्रीन इगुआना भी दर्शकों के लिए आकर्षण साबित होंगे। खासकर ग्रीन इगुआना को पहली बार पटना जू में देखा जा सकेगा। इसके लिए विशेष बाड़ा तैयार किया गया है। इसके अलावा, रेप्टाईल घर में इगुआना के लिए एक कांच का बाड़ा (20x30 फीट) तैयार किया गया है।

## हर जिले में निगरानी थाना-ओपी खोलने की तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अपनी पहुंच और कार्रवाई को और मजबूत करने की तैयारी में है। हर जिले में एक निगरानी थाना या ओपी खोलने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द विभाग को भेजा जाएगा। इसके अलावा सभी प्रमंडलों में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की भी योजना बनाई गई है। वर्तमान में पटना, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में निगरानी मामलों के लिए विशेष कोर्ट कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते मामलों को देखते हुए इनकी संख्या बढ़ाने की भी आवश्यकता है। वहीं, अगर अधिकारियों पर कार्रवाई की बात करें तो सबसे ज्यादा राजस्व एवं भूमि विभाग के ऑफिसर्स पर हुई है। ये जानकारी ब्यूरो के महानिदेशक (डीजी) जितेंद्र सिंह गंगवार ने सोमवार को पटना में एक पीसी में कही है।

**हर डेढ़ दिन में भ्रष्टाचार का नया मामला दर्ज हो रहा**: बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ भी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई में तेजी आई है। 2025 में अब तक 30 आरोपियों को सजा दिलाई जा चुकी है, जो पिछले 25 वर्षों के औसत से 5 से 6 गुना




अधिक है। ब्यूरो अब हर डेढ़ दिन में भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज कर रहा है। ब्यूरो के महानिदेशक (डीजी) जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि 2000 से 2024 के दौरान औसतन हर साल 5.6 आरोपियों को सजा दिलाई जाती थी। इस साल अब तक 10 और आरोपियों को सजा मिल चुकी है, यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

डीजी गंगवार ने बताया कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज होने की संख्या में भी वृद्धि हुई है। 2000 से 2024 के बीच सालाना औसतन 72 एफआईआर दर्ज होती थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 122 हो गई, जो लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

**❒ प्रमंडलों में क्षेत्रीय कार्यालय की भी योजना, राजस्व एवं भूमि विभाग के अधिकारियों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई**

**ट्रैप केस की संख्या भी बढ़ी**: मौजूदा वर्ष में एफआईआर दर्ज होने की रफ्तार पिछले वर्ष से भी अधिक है। पहले जहां औसतन दो दिन में एक एफआईआर दर्ज होती थी, वहीं अब यह औसत घटकर 1.4 दिन हो गया है, यानी लगभग हर डेढ़ दिन में एक नया मामला दर्ज हो रहा है। इसके अतिरिक्त, ट्रैप कार्रवाई में भी दोगुनी से अधिक तेजी आई है। पिछले 25 वर्षों में सालाना औसतन 49 ट्रैप केस होते थे, जबकि वर्ष 2025 में इनकी संख्या 101 तक पहुंच गई है। डीजी ने उम्मीद जताई कि वर्तमान वर्ष में यह आंकड़ा तीन गुना तक पहुंच सकता है। भ्रष्ट अफसरों की 102 करोड़ की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई डीजी ने बताया कि भ्रष्टाचार के जरिए अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले लोक सेवकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी है।

# शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव से ईडी की पूछताछ जारी

एजेंसी। रांची




झारखंड के पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामेश्वर उरांव से कथित शराब घोटाले और उससे जुड़े धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ जारी है। ईडी के समन के अनुपालन में उरांव निर्धारित समय पर रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जांच अधिकारियों ने उनसे विस्तृत पूछताछ शुरू की। एजेंसी उनसे मामले से जुड़े वित्तीय लेन-देन, दस्तावेजों, कथित कारोबारी संबंधों और अन्य तथ्यों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। इससे पहले छह जुलाई को ईडी ने इसी मामले में रामेश्वर उरांव के पुत्र से भी कई घंटे तक पूछताछ की थी। जांच एजेंसी दोनों के बयानों का मिलान अपने पास उपलब्ध दस्तावेजों, बैंक खातों के विवरण, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य रिकॉर्ड से कर रही है, ताकि मामले के विभिन्न पहलुओं की पुष्टि की जा सके। इससे पहले ईडी ने रामेश्वर उरांव को पहली बार 30 जून को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। हालांकि, उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों का हवाला देते हुए एजेंसी से उपस्थित होने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया था। इसके बाद ईडी ने उन्हें एक सप्ताह की मोहलत देते हुए सात जुलाई को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। निर्धारित तिथि पर उरांव ईडी कार्यालय पहुंचे और जांच में सहयोग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में कथित शराब घोटाले और उससे जुड़े धन शोधन मामले की जांच के दौरान ईडी ने झारखंड के विभिन्न जिलों में 32 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के दौरान रामेश्वर उरांव के आवास की भी तलाशी ली गई थी। ईडी ने उस समय वहां से लगभग 30 लाख रुपये नकद बरामद करने का दावा किया था। जांच एजेंसी कथित अवैध वित्तीय लेन-देन, शराब कारोबार से जुड़े नेटवर्क और धन शोधन के आरोपों की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। ईडी की ओर से पूछताछ को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## जेपीएससी संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का परिणाम घोषित, मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

एजेंसी। रांची



झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। आयोग ने परिणाम अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया है, जहां अभ्यर्थी अपना परिणाम देख सकते हैं। आयोग के अनुसार, संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 17 मई 2026 को राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। परीक्षा के मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज (सात जुलाई 2026) से प्रारंभ हो गई है। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ सभी आवश्यक शैक्षणिक, आरक्षण एवं अन्य संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्कैन प्रतियां ऑनलाइन अपलोड करनी होंगी। आयोग ने दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने संबंधी दिशा-निर्देश भी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए हैं। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे मुख्य परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, आवेदन प्रक्रिया, महत्वपूर्ण तिथियों तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी के लिए नियमित रूप से जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मुख्य परीक्षा से संबंधित सभी आधिकारिक सूचनाएं केवल वेबसाइट के माध्यम से ही जारी की जाएंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## स्पीक मैके के कार्यक्रम में डॉ. मंदक्रांता राय ने विद्यार्थियों को भरतनाट्यम की परंपरा से कराया परिचित



**रांची।** भारत असंख्य मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों का देश है। हमारी सांस्कृतिक विविधता न केवल राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करती है, बल्कि समाज में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना का भी संचार करती है। यह बातें मंगलवार को रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की निदेशक-सह-प्राचार्या परमजीत कौर ने स्पीक मैके की ओर से आयोजित भरतनाट्यम प्रस्तुति एवं संवाद कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और उसके पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय कला एवं संस्कृति से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में प्रख्यात भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. मंदक्रांता राय ने विद्यार्थियों को भरतनाट्यम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी विभिन्न मुद्राओं, अभिव्यक्ति शैली और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भरतनाट्यम केवल एक शास्त्रीय नृत्य शैली नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन, आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक पुष्पांजलि प्रस्तुति से हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत से जुड़ी ऐसी प्रस्तुतियां विद्यार्थियों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने डॉ. मंदक्रांता राय से भरतनाट्यम की विभिन्न मुद्राओं और तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कुछ प्रमुख मुद्राओं का अभ्यास भी किया। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका नृत्यांगना ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा दीक्षित ने किया। विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्मार्ट सिटी परिसर में युवक का शव मिलने के बाद प्रदर्शन,फाइनेंस कंपनी पर प्रताड़ना का आरोप



**रांची।** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित स्मार्ट सिटी परिसर में सूरज नायक नाम के युवक का शव मिलने के बाद मंगलवार को स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सेक्टर-3 रोड पर एकत्र होकर सड़क जाम कर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सूरज नायक ने एक निजी वित्तीय कंपनी से ऋण लिया था, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण वह समय पर ईएमआई का भुगतान नहीं कर पा रहा था। उनका दावा है कि कंपनी के कुछ कर्मचारी और अधिकारी भुगतान को लेकर उस पर लगातार दबाव बना रहे थे तथा कई बार उसके घर जाकर अभद्र व्यवहार और धमकी भी दी थी। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया, जिसके बाद लगभग आधे घंटे के भीतर सड़क जाम समाप्त करा दिया गया और यातायात सामान्य हो गया। उल्लेखनीय है कि सोमवार देर रात स्मार्ट सिटी परिसर में धुर्वा सेक्टर-3 थेथरकोचा निवासी सूरज नायक का शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल के पास से एक ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है, जिसे पुलिस ने जांच के लिए जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों तथा अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल सभी संभावित पहलुओं, जिनमें आत्महत्या और अन्य कोण भी शामिल हैं, की जांच कर रही है।

## फीस नहीं देने पर छात्रा को नहीं मिला एडमिट कार्ड, अभिभावक संघ ने की कार्रवाई की मांग




**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी स्थित आर.एम.एस. हाई स्कूल, बालिचेला में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत पढ़ रही एक छात्रा को फीस जमा नहीं करने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जमशेदपुर अभिभावक संघ ने मंगलवार को उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई तथा छात्रा को न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि चांदनी कुमारी का नामांकन आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के तहत हुआ था। वर्ष 2026-27 में वह कक्षा नौ की छात्रा है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन पिछले कुछ समय से उससे स्कूल फीस जमा करने का दबाव बना रहा था। छात्रा के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण फीस जमा नहीं हो सकी। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने 7 जुलाई को आयोजित परीक्षा के लिए उसका एडमिट कार्ड जारी नहीं किया, जिससे वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकी। संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर छात्रा के शैक्षणिक हितों की रक्षा की जाए, उसे परीक्षा से वंचित किए जाने के मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा स्कूल प्रबंधन को नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए।

## झारखंड का आम्रपाली आम दुबई पहुंचा, महिला किसानों को मिल रही वैश्विक पहचान




**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा ग्रामीण विकास विभाग के प्रयासों से राज्य की महिला किसानों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिली है। देवघर के मोहनपुर आजीविका महिला किसान प्रोड्यूसर सोसायटी और गुमला की गुमला रायडीह एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और एमवीएम बघिमा पालकोट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत उत्पादित दो टन आम्रपाली आम की पहली खेप जेएसएलपीएस के माध्यम से दुबई भेजी गई है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत विकसित बागवानी ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और आजीविका का मजबूत माध्यम बनी है। उनकी मेहनत, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और जेएसएलपीएस के प्रभावी प्रबंधन के कारण झारखंड का आम्रपाली आम दुबई, लंदन और इटली जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचा है। राज्य में 'पलाश' ब्रांड के तहत आम बिक्री स्टॉल स्थापित कर स्थानीय बाजार में सफलता मिलने के बाद आम्रपाली आम को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य महिला किसानों के उत्पादों को अधिक से अधिक देशों के बाजारों तक पहुंचाकर उनकी आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है।

# ठेका मजदूर संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

टाटा स्टील में वर्ष 1981 से 1990 के दौरान आपातकालीन अवधि में कार्य करने वाले स्थायीकरण से वंचित आश्रित मजदूरों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को झारखंड स्टील ठेका मजदूर संघ ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग की।

संघ के नेता फनी भूषण महतो ने बताया कि आपातकालीन दौर में आदिवासी, मूलवासी और स्थानीय मजदूरों ने टाटा स्टील के उत्पादन को प्रभावित नहीं होने दिया और कठिन परिस्थितियों में लगातार काम किया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में मजदूरों को स्थायी नौकरी नहीं दी गई। उनका आरोप है कि कई श्रमिकों को बिना किसी पूर्व सूचना के काम से हटा दिया गया तथा अक्टूबर 1990 तक का वेतन भी आज तक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पिछले 36 वर्षों से प्रभावित मजदूर और उनके आश्रित न्याय की उम्मीद में आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान टाटा स्टील के जनरल ऑफिस गेट के सामने नियमित बैठकें और शांतिपूर्ण धरना भी आयोजित किए जाते रहे हैं। प्रबंधन के आग्रह पर तीन बार संबंधित मजदूरों की सूची और दस्तावेज भी जमा किए गए तथा कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि स्थायीकरण से वंचित कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को सम्मानजनक मुआवजा पैकेज दिया जाए, वर्ष 1990 से लंबित डीए और बेसिक वेतन का भुगतान किया जाए तथा उनके पुत्र-पुत्रियों को कौशल प्रशिक्षण देकर स्थानीय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए। संघ ने कहा कि यदि लंबे समय से लंबित मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन और प्रशासन की होगी।

## रिमझिम फुहारों से किसानों में खुशी, खेती ने पकड़ी रफ्तार

एजेंसी। खूंटी

मानसून की रिमझिम फुहारों ने खूंटी जिले के किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। पिछले कुछ दिनों से हो रही हल्की बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे खरीफ खेती ने रफ्तार पकड़ ली है। जिले के खूंटी, तोरपा, कर्रा, मुरहू, रनिया और अड़की प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य तेजी से चल रहा है। खेतों में किसानों की चहल-पहल और हरियाली से सजे ग्रामीण इलाकों ने पूरे जिले का नजारा बदल दिया है। सुबह होते ही किसान अपने परिवार के साथ खेतों की ओर निकल पड़े हैं। कहीं ट्रैक्टर से जुताई हो रही है तो कहीं बैलों की मदद से खेत तैयार किए जा रहे हैं। महिलाएं और पुरुष मिलकर खेती किसानी में लग गए हैं। कुंजला के प्रगतिशील किसान और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो कहते हैं कि समय पर हुई बारिश ने खेती के लिए अनुकूल माहौल बना दिया है। पर्याप्त नमी मिलने से कृषि करय में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि यदि मानसून इसी तरह सक्रिय रहा तो इस वर्ष धान की अच्छी पैदावार होने की पूरी उम्मीद है। प्रमाणित बीजों का प्रयोग करें किसान- तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कहा कि किसान हमेशा प्रमाणित बीजों का ही उपयोग करें और संतुलित मात्रा में रासायनिक खादों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि कृषि से संबंधित किसी प्रकार कि समस्या के समाधान के लिए तोरपा के दियाँकेल कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि विशेषज्ञ से सम्पर्क कर सकते हैं। रोजगार में भी हुई वृद्धि- रिमझिम बारिश ने केवल खेतों को ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई जान फूंक दी है। कृषि कार्यों में तेजी आने से मजदूरों को भी रोजगार मिलने लगा है।

## स्मार्ट सिटी परिसर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या-आत्महत्या दोनों पहलुओं से जांच जारी

एजेंसी। रांची

राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित स्मार्ट सिटी परिसर में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस मामले की हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान धुर्वा सेक्टर-3, थेथरकोचा निवासी सूरज नायक के रूप में हुई है। घटनास्थल के समीप एक ई-रिक्शा भी बरामद किया गया है, जिसे पुलिस ने जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक घटनास्थल तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस के अनुसार, सोमवार देर रात स्मार्ट सिटी रोड से गुजर रहे कुछ स्थानीय लोगों की नजर पेड़ से लटके शव पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तत्काल धुर्वा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।


**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी,पलामू**
**योध सिंह नामाधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर,**

पत्रांक :   दिनांक :

जिला कृषि कार्यालय, पलामू
किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

प्रिय किसान भाईयों/बहनों Al-Nino Effect के कारण सम्भावित सुखाड़ के मद्देनजर यदि मानसुन देर से आने के कारण बुआई में दो सप्ताह की देरी होने पर निम्नांकित सुझाव दिये जाते हैं :–

| भूमि प्रकार | सामान्य फसल | वैकल्पिक फसल/प्रभेद | कृषि उपाय |
|---|---|---|---|
| उपरी भूमि | मक्का<br>अरहर + मक्का<br>अरहर + मूँगफली<br>धान<br>अरहर + ज्वार | अरहर – बिरसा अरहर–1, बहार, BR-65<br>संकर अरहर – ICPH-2671, ICPH-8<br>उरद – बिरसा उरद –1, T-9, Pant U-19<br>सोयाबीन – बिरसा सोयाबीन–1<br>ज्वार – CSV-20, CSV-17<br>शकरकंद (लोकल प्रभेद) | पंक्ति में बुआई करें। अरहर में पौधो से पौधो की दूरी 72 x 25 से0मि0 से कम रखें। खर–पतवार नाशी का उपयोग करें। |
| मध्यम भूमि (हल्की दोमट) | धान | धान – IR-34, IR-64<br>बिरसा धान – 202<br>ललाट, नवीन, सहभागी – IR-34, IR-64 | DSR तकनीक से धान की सीधी बुआई करें |
| निचली भूमि (गहरी चिकनी) | धान | धान – बिरसामति, राजेन्द्र मंसूरी –1<br>संकर धान – PAC-807, उदय– 111<br>ललाट, नवीन, सहभागी – IR-34, IR-64<br>27P31, Arize-6444 | पंक्ति में बुआई करें |

विशेष सलाह :
- किसान भाई अपने फसल का बीमा अवश्य करायें।
- उन्नत धान बीज का ही उपयोग करें।
- बीज उपचार अवश्य करें।
- तकनीकी सलाह के लिए कृषि अधिकारी या टोल फ्री नं0 18001801551 पर सम्पर्क कर आवश्यक सलाह लें।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 384239 Agriculture(26-27).D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**
**संयुक्त कृषि भवन, पिपराकलां, गढ़वा-822114**
**Email Id- atmagarhwa2007@gmail.com**

**आम सूचना**

झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना वर्ष 2026–27 ''हर किसान मिलेट किसान''

प्रोत्साहन राशि देय :– रू0 3000/– रूपये प्रति एकड़। अधिकत्तम 15000/– रूपये पॉच एकड़।
योजनान्तर्गत मोटे अनाज :– रागी/मडुआ, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सावॉ, कोदो, चीना, कुटकी, कुटू एवं चौलाइ।

| क्र0 | योजना में शामिल होने की प्रक्रिया। | क्र0 | योजना का पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | आधार नम्बर। | 1 | सभी रैयत एवं बटाईदार किसान। |
| 2 | मोबाईल नम्बर। | 2 | किसान झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हों एवं न्यूनतम आयु 18 वर्ष हो। |
| 3 | आधार संबद्व बैंक खाता विवरण | 3 | किसान का अपना वैध आधार नंबर मोबाईल नंबर एवं बैंक पासबुक होना चाहिए |
| 4 | अद्यतन भू–स्वामित्व | 4 | न्यूनत्तम 10 डिसमिल एवं अधिकत्तम 05 एकड़ हेतु निबंधन। |
| 5 | वंषावली (मुखिया/ग्राम प्रधान/राजस्व कर्मचारी/अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत)। | 5 | आवेदन हेतु प्रज्ञा केन्द्र (CSC) द्वारा मात्र 40/– रू0 सेवा शुल्क लिया जाएगा। |
| 6 | घोषणा पत्र (रैयत/बटाईदार द्वारा)। | | |
| 7 | बटाईदार किसान का सहमति पत्र। | | |
| 8 | पंजीकृत किसानों के चयनित फसल एवं बुवाई के रकबा का पूर्ण विवरण। | | |
| मिशन वेब पोर्टल– | | (jhmm.jharkhand.gov.in) पर निबंधन अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में करा सकते हैं। | |

- मिलेट उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ मिलेट किसानों एवं मिलेट बीज बैंक को नकद पुरस्कार का प्रावधान है।
- प्रत्येक बार कृषि मौसम में झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना के लिए आवेदन देना होगा।
- किसान एक मौसम में केवल एक बार आवेदन कर सकते हैं जिसमें एक से ज्यादा फसलों को शामिल कर सकते हैं।

नोट :– अधिक जानकारी के लिए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (BAO), प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM), सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) एवं जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
गढ़वा

PR 384275 Agriculture (26-27)_D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**–: सीमांत किसानों के लिए आवश्यक सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य के छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता तथा कृषि कार्य में उन्नति लाने के उदेश्य से Castrated नर बाछाओं का जोड़ा बैल के रूप में राज्य के सुदुरवर्ती क्षेत्रों में वितरण करने की योजना है, जिससे कि किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग हो सके तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने हेतु कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं0 07रा0(वि0)दिनांक–05.06.2026 द्वारा **''मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (जोड़ा बैल)''** की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। योजना की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | लाभुक अंशदान की राशि (प्रति ईकाई) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान | 90% अनुदान | 10% अनुदान |
| 1 | जोडा बैल | 40,000/- | 73 | 36,000/- | 4,000/- |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–**
- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। प्रखण्ड स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–

(i) प्रखण्ड प्रमुख – अध्यक्ष।
(ii) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी – उपाध्यक्ष।
(iii) प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी – संयोजक सदस्य।
(iv) प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी – सदस्य।
(v) स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि – सदस्य।
(vi) संबंधित जिला परिषद सदस्य – सदस्य।
(vii) प्रखण्ड प्रोग्राम मैनेजर (जे0एस0एल0पी0एस0) – विशेष आमंत्रित सदस्य।

- **लाभुक झारखण्ड राज्य का किसान हो।**
- **लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो एवं BPL कोटि की श्रेणी में हो।**
- **झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी हो।**
- **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आदिम जनजाति एवं दिव्यांगजनों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।**
- विगत पाँच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- **योजनान्तर्गत जोडा बैल का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :–**

(i) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/शिविर (कैम्प) में सूची बद्ध आपूर्ति कर्त्ताओं से।
(ii) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूची बद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)।

- **वितरण किये जाने वाले जोडा बैल की विशिष्टता निम्नवत् होगी –**

(i) देशी (Descript) नस्ल का बैल।
(ii) बैल की उम्र 2 से 3 वर्ष।
(iii) बैल रोग मुक्त, HS & BQ तथा FMD रोग से बचाव हेतु टीकाकृत होना चाहिए।

- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोंपरान्त दिया जाएगा।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों के बैंक खाते में DBT होने के उपरान्त अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (माह) के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। 01 माह के अन्दर अंशदान की राशि जमा न किये जाने की स्थिति में उनके स्थान पर प्रतिक्षा सूची के लाभुकों को लाभान्वित किया जायेगा।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2026 तक (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**नोट :–अधिक जानकारी के लिये जिला पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय से संम्पर्क किया जा सकता है।**

निवेदकः–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 384252 Animal Husbandry(26-27).D


## कार का दरवाजा खोला और कर दी मुक्कों की बारिश... बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे पर भीड़ ने परिवार पर किया हमला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के बिजी बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे पर कार के अंदर बैठे एक परिवार के ऊपर भीड़ ने हमला कर दिया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ये हमला हाईवे पर चल रही दूसरी कार के डैशकैम में रिकॉर्ड में रिकॉर्ड हो गया। वीडियो में हाईवे के बीचों-बीच कुछ लोगों का एक ग्रुप नीली कार की तरफ दौड़ते हुए दिखाई दे रहा है। फिर वे जबरदस्ती दरवाजा खोलते हैं और सबके सामने ड्राइवर की सीट पर बैठे आदमी पर ताबड़तोड़ मुक्के बरसाते हैं। कार में कम से कम 4 से 5 लोग सवार थे, जिनमें एक महिला और एक बच्चा भी शामिल था। भीड़ उस आदमी को पीटती रही। उनमें से कम से कम एक व्यक्ति पीड़ित को किसी ऐसी चीज से मारता हुआ देखा गया जो धातु की बनी लग रही थी। थोड़ी देर बाद राहगीरों को हमला रोकने और बीच-बचाव करने की कोशिश करते देखा गया। वीडियो के आखिर में एक महिला हमला होने पर कार से बाहर निकलती है और भीड़ से रुकने की गुजारिश करती है। पीड़ित को कार से घसीटकर बाहर निकाला गया और भीड़ ने उसे पीटा। कथित हमले की असल वजह अभी पता नहीं चल पाई है। बताया जा रहा है कि यह घटना एक्सप्रेसवे के मद्दुर इलाके में हुई और परिवार की कार के पीछे चल रही एक गाड़ी के डैशकैम में यह घटना रिकॉर्ड हो गई।

## टॉयलेट क्लीनर का इंजेक्शन लगाकर पत्नी ने की पति की हत्या, पहले छत से धक्का देने का किया था प्रयास

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक महिला ने कथित तौर पर अपने बीमार पति की हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि महिला ने इलाज करा रहे पति के कैनुला के जरिए टॉयलेट क्लीनर का इंजेक्शन दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान 35 वर्षीय प्रशांत के रूप में हुई है, जो गल्फ में काम करता था। प्रशांत की मां ने 1 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें 30 जून को अपने बेटे की मौत की खबर मिली।



शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उन्हें यह तक नहीं पता था कि उनका बेटा घर वापस आ गया है और मौत से पहले क्या-क्या घटनाएं हुईं। मां ने अपने बेटे की मौत को रहस्यमय बताते हुए अपनी बहू संध्या (32) पर शक जताया था। पुलिस जांच और तकनीकी सबूतों के आधार पर यह बात सामने आई कि संध्या का अनिल (35) नाम के एक व्यक्ति के साथ अवैध संबंध था।

पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार, संध्या और अनिल ने प्रशांत को रास्ते से हटाने की साजिश रची, क्योंकि उन्हें लगा कि वह उनके प्रेम प्रसंग में सबसे बड़ी बाधा है। अपनी इस खौफनाक योजना को अंजाम देने के लिए उन्होंने वेंकट साई नाम के एक अन्य व्यक्ति की मदद ली। साजिश के तहत 29 जून को साई प्रशांत के घर गया और उसे बहुत ज्यादा शराब पिलाई। पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, इसके बाद साई प्रशांत को इमारत की छत पर ले गया और फोन पर संध्या के निर्देशानुसार उसे छत से नीचे धक्का दे दिया। हालांकि, इस घटना में प्रशांत की जान बच गई, लेकिन उसे गंभीर चोटें आईं।

### लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर होगा और महंगा

## लखनऊ-कानपुर एनएच-27 पर सफर होगा महंगा, कार टोल 95 से 115 रुपये करने की तैयारी

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ से कानपुर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 27) पर टोल की दरें और बढ़ाने की तैयारी है। कार का टोल अभी 95 रुपये है जो बढ़कर 115 रुपये हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) को प्रस्ताव भेजा है और मंजूरी के बाद दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी जाएंगी।

प्राधिकरण का तर्क है कि यह दरें इसलिए बढ़ाई जा रही हैं, क्योंकि शहीद पथ से दारोगा खेड़ा तक (करीब 14 किमी.) एक्सप्रेसवे के रूप में सड़क का चौड़ीकरण करते हुए छह लेन बनाया गया है।

इसके अलावा दारोगा खेड़ा के पास इंटरसेक्शन बनाकर कानपुर-राजमार्ग व एक्सप्रेसवे को आउटर रिंग रोड से जोड़ा गया है। यहां टोल गेट नहीं है, इसलिए नवाबगंज स्थित टोल पर इसकी दरें वसूली जाएंगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह दरें वैसे तो लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (एनई छह) के चलते ही लागू होनी थी, लेकिन मंजूरी मिलने का प्राधिकरण इंतजार कर रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि जुलाई में ही इसकी दरें लागू कर दी जाएंगी। इससे एनएच 27 पर सफर करने वालों को जेब और ढीली करनी पड़ेगी।

बनी तक सफर करने वालों को नहीं देना है कोई टोल

लखनऊ से बनी तक सफर करने वाले एक्सप्रेसवे की सड़कों पर चल सकेंगे, उन्हें किसी प्रकार का कोई टोल नहीं देना होगा। क्योंकि पहला टोल ही बनी के पास है। इसका सबसे ज्यादा लाभ स्थानीय लोगों के साथ ही लखनऊ से अप व डाउन करने वाले हजारों लोगों को होगा।

अप्रैल में हर साल की तरह नवाबगंज टोल की दरें बढ़ाई जा चुकी हैं। इसके बाद भी यहां की दरें एक बार फिर बीस से 22 रुपये तक बढ़ने




जा रही हैं। ऐसे में वार्षिक पास का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों को कोई अंतर नहीं पड़ेगा। उन्हें सिर्फ 3075 रुपये का वार्षिक फास्टैग अपने वाहन से लिंक कराना होगा। मात्र पंद्रह रुपये प्रति टोल के हिसाब से दो सौ ट्रिप यात्रा कर सकेंगे। एनएचएआई ने सभी श्रेणी के वाहनों पर टोल की दरें बढ़ाने का फैसला किया है। अधिकारियों के मुताबिक टोल की दरें बढ़ने से नवाबगंज टोल की वर्तमान दरों में इजाफा भी होगा और एनएचएआई को इसका लाभ भी होगा। हल्के वाणिज्यिक वाहन 155 रुपये/175 रुपये 235 रुपये/250 रुपये बस व ट्रक 330 रुपये/350 रुपये 495 रुपये/510 रुपये।

## महाराष्ट्र-यूपी और ओडिशा समेत 23 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी, एमपी में बाढ़ जैसे हालात; कई ट्रेनें रद्द

**मुंबई/लखनऊ/एजेंसी।** देश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है, जिससे उत्तर से लेकर दक्षिण तक झमाझम बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश का हाई अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को सावधान रहने की सलाह दी भी गई है। बता दें कि मौसम विभाग ने मंगलवार 7 जुलाई को देश के कई हिस्सों के लिए मौसम का ताजा अपडेट जारी किया है। सक्रिय मानसून के कारण देश के कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। साथ ही, अगले 24 घंटों में कई जगहों पर आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी दी गई है, इसके चलते यातायात पर भी गहर असर हुआ है।

महाराष्ट्र के लिए मौसम विभाग ने खास चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार महाराष्ट्र के कोंकण, गोवा और मध्य महाराष्ट्र के इन इलाकों में बेहद भारी बारिश होने की आशंका है। वहीं



मुंबई और आसपास के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

इसके अलावा विदर्भ के इलाके में भी भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में भी कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में रिकॉर्डतोड़ बारिश दर्ज की जा चुकी है।

**पूरे देश में कहां-कहां होगी भारी बारिश?** मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड और ओडिशा के ऊपर एक 'डिप्रेशन' बना हुआ है, जो धीरे-धीरे मध्य प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। इसके असर से उत्तर से लेकर पश्चिम भारत तक के राज्यों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मिली जानकारी अनुसार तेज बारिश की संभावना दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलावा मध्य और पूर्वी भारत के राज्य बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश तक है। बात अगर अब पूर्वोत्तर भारत की करें तो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में झमाझम बारिश की संभावना जताई गई है।वहीं दक्षिण भारत में केरल और कर्नाटक के तटीय व अंदरूनी इलाक में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कोंकण और गुजरात के अलावा मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। बारिश के साथ-साथ कई राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे (जो बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है) की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। इसका असर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में देखने को मिलेगा।

## आपसी झगड़े में माता-पिता ने की 11 महीने के मासूम की हत्या, फिर रची एक्सीडेंट की झूठी कहानी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु पुलिस ने एक 11 महीने की बच्ची की हत्या के आरोप में उसके माता-पिता को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आरोपियों ने अपनी ही बच्ची की हत्या करने के बाद इसे एक हादसे का रूप देने की कोशिश की थी।

पुलिस के अनुसार, बच्ची के पिता शेकप्पा ने शुरुआत में पुलिस के पास जाकर दावा किया था कि उसकी पत्नी विजयलक्ष्मी स्तनपान कराते समय सो गई थी और इसी दौरान बच्ची बिस्तर से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले को शुरुआत में पुलिस ने अप्राकृतिक मौत के तौर पर दर्ज किया था। यह घटना 9 जून को पूर्वी बेंगलुरु के अवालाहल्ली पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले कितागनूर गांव में हुई थी। शेकप्पा ने अपनी शिकायत में बताया था कि बच्ची को तुरंत ईस्ट पॉइंट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी आधार पर अधिकारियों ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



22 जून को प्राप्त हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उसके बाद की जांच ने माता-पिता की गढ़ी हुई कहानी की पोल खोल दी। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मासूम की मौत अत्यधिक आंतरिक रक्तस्राव और कई अंदरूनी चोटों के कारण सांस लेने में हुई तकलीफ से हुई है। बच्ची के चेहरे, छाती, पैरों और निजी अंगों पर चोट के कई निशान पाए गए। जांचकर्ताओं ने घटनास्थल का मुआयना करने पर पाया कि जिस बिस्तर से बच्ची के गिरने का दावा किया गया था, उसकी ऊंचाई केवल दो फीट थी। पुलिस इस नतीजे पर पहुंची कि इतनी कम ऊंचाई से गिरने पर शरीर पर ऐसी गंभीर चोटें आना नामुमकिन है। विस्तृत जांच में इस खौफनाक वारदात का सच सामने आया। 9 जून की दोपहर को जब शेकप्पा लंच के लिए घर लौटा, तो उसका अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी के साथ तीखा विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार, इस झगड़े के दौरान जब बच्ची रोने लगी, तो मां विजयलक्ष्मी ने उसे लात मार दी।

### सक्षिप्त समाचार

## हरिद्वार से दिल्ली जा रही कार खाई में गिरी, तीन दोस्तों की मौत

**मेरठ, एजेंसी।** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर मेरठ में मंगलवार सुबह भीषण हादसा हुआ है। हरिद्वार से गंगा स्नान करके दिल्ली लौट रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सकौती ओवरब्रिज के पास गहरी खाई में जा गिर गई। हादसे में कार सवार चार में से तीन दोस्तों की मौत हो गई है। एक की हालत गंभीर है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से कार से चारों को निकाला गया। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। तेज रफ्तार को ही हादसे का कारण माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार,



दिल्ली के चार युवक एक दोस्त की कार लेकर हरिद्वार गंगा स्नान के लिए गए थे। वापसी के दौरान जब वे दिल्ली-दून हाईवे से गुजर रहे थे, तभी सकौती ओवरब्रिज के पास कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरी। हादसे होते ही आसपास जुटे लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी और राहत बचाव कार्य में जुट गए। जब तक पुलिस आती और सभी को कार से निकाला जाता दो युवकों की मौत हो चुकी थी। दो युवकों को गंभीरा हालत में पास के फ्यूचर प्लस अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने एक अन्य युवक को भी मृत घोषित कर दिया। चौथे युवक का इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कार और मृतकों के पास से मिले कागजात के आधार पर पहचान की। सभी दिल्ली के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार दिल्ली के करावल नगर प्रेम नगर का रहने वाला नितेश शर्मा उम्र 25 साल, आशु और शैलेंद्र की मौत हो गई है। घायल मिथुन चौहान का इलाज चल रहा है। उधर, सहारनपुर में नानौता क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है तीनों मजदूरी के रुपये लेकर शामली से लौट रहे थे।

## रिश्वत मामले में शिलांग स्थित एनएचएआई अधिकारी और दो अन्य गिरफ्तार

**शिलांग, एजेंसी।** सीबीआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत (एनएचएआई) के एक परियोजना निदेशक (शिलांग) और दो निजी व्यक्तियों को एक ठेकेदार से 12 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत ठेकेदार के 13.38 करोड़ रुपये के बकाया बिलों को मंजूरी देने के लिए मांगी गई थी। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि परियोजना निदेशक आनंद सिंह चौहान को पूर्वांचल बिल्डटेक के निदेशक मोहम्मद मतलेबुद्दीन अहमद की शिकायत पर सीबीआइ ने गिरफ्तार किया। सीबीआइ ने बताया कि चौहान के सहयोगी पुनीत को भी एक जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। चौहान ने अहमद से बकाया बिल को प्रोसेस करने के लिए 4 लाख रुपये की अग्रिम रिश्वत देने के लिए कहा था। सीबीआई के डीआईजी आशुतोष सिंह ने अहमद की शिकायत की स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में जांच की और पाया कि चौहान ने 30 जून को शिकायतकर्ता को गुवाहाटी में पुनित को रिश्वत की राशि सौंपने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने एक जुलाई को चौहान, पुनीत और अन्य के खिलाफ शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया।

## अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

### पतंजलि के 50 सन्यासी भी देंगे इंटरव्यू

**हरिद्वार , एजेंसी।** पतंजलि सिविल सर्विस अकादमी को लेकर देश भर में उत्साह है. अभी तक देश भर से 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करा लिया है. उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र बिहार, हरियाणा समेत देश के 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. प्रतिदिन पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है. बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र होंगे. अकादमी में यूपीएससी के साथ-साथ पीसीएस परीक्षाओं की भी उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी. इस पंजीकरण की विशेषता यह है कि पहली बार पतंजलि योगपीठ के लगभग 50 सन्यासी भी इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे. 18 जुलाई को आयोजित इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे. योग गुरू स्वामी रामदेव ने एक और बड़ी अहम घोषणा की है कि जिन्होंने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर यूपीएससी और पीसीएस की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, किन्तु कम-से-कम दो प्रयासों के बाद भी इंटरव्यू में सफलता प्राप्त न कर सके हों तथा पुनः तैयारी करना चाहते हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. साक्षात्कार में योग्य अभ्यर्थियों की आवास से लेकर संपूर्ण प्रशिक्षण तक का व्यय पतंजलि खुद वहन करेगी. साथ ही 15 जुलाई से 18 जुलाई तक प्रशिक्षण



कार्यशाला एवं इंटरव्यू में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी. इस अवधि का सम्पूर्ण व्यय पतंजलि योगपीठ की ओर से वहन किया जाएगा. पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी के अध्यक्ष के रूप में अवध ओझा मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं. अकादमी के संरक्षक भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एनपी सिंह (सेवानिवृत आईएएस) हैं. वहीं सचिव के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) मयंक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं.

पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. जिसमें पतंजलि के 50 सन्यासी इंटरव्यू भी देंगे. वहीं 14 जुलाई तक आवेदन, 15-17 जुलाई को आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला और 18 जुलाई को इंटरव्यू होगा. तीन दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी के लिए भोजन, आवास से लेकर प्रशिक्षण तक सबकुछ निशुल्क होगा.


सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को 14 जुलाई की शाम पांच तक पतंजलि योगपीठ पहुंचना अनिवार्य होगा.वहीं 21 जुलाई से नियमित कक्षाएं संचालित होंगी और देश के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी मेंटर्स अपना मार्गदर्शन देंगे. योगगुरु स्वामी रामदेवव आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण के संकल्पों वाले अकादमी में प्रवेश को लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.

### नियुक्ति मानकों में बदलाव प्रस्तावित

## हिमाचल कैबिनेट बैठक 20 जुलाई को, क्या रहेगा मुख्य एजेंडा? शिक्षक भर्ती और इंटरनेट पोर्टल्स पर भी आएगा फैसला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक 20 जुलाई को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। इसमें राज्य के विकास, शिक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर निर्णय होने की संभावना है। सामान्य प्रशासन विभाग की कैबिनेट शाखा ने बैठक की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक का प्रमुख एजेंडा सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के नए नियम तय करना है।

सूत्रों के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियुक्ति मानकों में बदलाव प्रस्तावित है। योग्य अभ्यर्थियों के चयन के लिए कड़े मानदंड तय




किए जा सकते हैं, जिससे लंबे समय से चली आ रही विसंगतियों को दूर करने और हजारों शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। अपंजीकृत न्यूज पोर्टल पर कसेगा शिकंजामंत्रिमंडल बिना पंजीकरण संचालित हो रहे इंटरनेट मीडिया पोर्टल और चैनलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर भी विचार करेगा। सरकार ऐसे संचालकों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है, जो बिना आधिकारिक पंजीकरण के भ्रामक, सनसनीखेज या अशांति फैलाने वाली सामग्री प्रसारित करते हैं।

### ब्लैकमेलिंग और अफवाहों पर रोक लगाने को होगा एक्शन

डिजिटल मीडिया के नाम पर ब्लैकमेलिंग और अफवाहों पर रोक लगाने के लिए नए दिशा-निर्देश लागू किए जा सकते हैं। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत अनिवार्य पंजीकरण नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान भी किया जा सकता है।

## बीआरओ फंड के दुरुपयोग मामले में 26 स्थानों पर सीबीआई ने ली तलाशी, यूपी और बिहार समेत 11 राज्यों में कर्रवाई




**लखनऊ, पटना, एजेंसी।** सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के फंड के दुरुपयोग से जुड़े चार आपराधिक मामलों के सिलसिले में सीबीआई ने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 26 जगहों पर तलाशी ली है। इन 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तलाशी के दौरान कई दस्तावेज़ और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। जांच जारी है। ये मामले केंद्र-शासित प्रदेश लद्दाख में प्रोजेक्ट विजयक और योजक के तहत मज़दूरों की तैनाती और फर्जी मज़दूरों के नाम पर किए गए भुगतान में हुई अनियमितताओं से जुड़े हैं। बीआरओ के टेक्निकल बोर्ड ऑफ आफिसर्स की आंतरिक जांच के आधार पर रक्षा मंत्रालय की आपराधिक शिकायतों पर इस मामले में चार प्राथमिकी दर्ज की गईं।यह अपराध सरकारी फंड के गलत इस्तेमाल, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साज़िश आपराधिक कदाचार व रिश्वतखोरी से जुड़ा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### क्या सरकार से असहमति अपराध है? हाई कोर्ट की टिप्पणी ने लोकतंत्र पर छेड़ी नई बहस

अमेरिका स्थित स्वतंत्र प्रबुद्ध संस्था 'द फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच' के एक नए वैश्विक सर्वेक्षण के मुताबिक, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया के प्रमुख 33 देशों में भारत 24वें स्थान पर है। देश का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति शांतिपूर्ण तरीके से मौखिक, लिखित, कलात्मक और डिजिटल माध्यमों से अपने विचार व्यक्त कर सकता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और किसी भी देश के चहुंमुखी विकास के लिए यह अत्यंत आवश्यक है।मगर सवाल है कि क्या सरकार की नीतियों या फैसलों का विरोध करना अपराध की श्रेणी में आता है? इस पर अदालतों की ओर से समय-समय पर स्थिति स्पष्ट की जाती रही है और इसी क्रम में अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि देश के नागरिकों को सरकार का गुलाम नहीं बनाया जा सकता। किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए जिलाबदर करने का आदेश नहीं दिया जा सकता कि वह सरकार के खिलाफ आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों में शामिल है। ऐसा करना निश्चित रूप से उसके मौलिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार को प्रभावित करता है।सहमति और असहमति दो ऐसे पहलू हैं, जिनकी लोकतंत्र को मजबूती देने में अहम भूमिका है। संवैधानिक अधिकारों के लिहाज से देखा जाए, तो अगर कोई व्यक्ति शासन-प्रशासन की नीतियों, व्यवस्था या किसी विचारधारा का विरोध करता है, तो उसे स्वस्थ आलोचना के तौर पर देखा जाना चाहिए।मगर देश में ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, जब इस तरह की आलोचना को साजिश या बगावत बता दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि अगर हर आलोचना या असहमति को अपराध की श्रेणी में रखा जाएगा, तो लोकतंत्र का मूल तत्व कैसे जीवित रह पाएगा?बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी अपने फैसले में यह सवाल उठाया है कि आम नागरिक सरकार की किसी कार्रवाई या फैसले के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन क्यों नहीं कर सकते? क्या यह नागरिकों को सरकार का गुलाम बनाने जैसा नहीं है? इसमें दोराय नहीं कि अगर अन्याय के खिलाफ और सुधार की मांग के पक्ष में उठने वाली हर आवाज को दबाने की कोशिश की जाए, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात नहीं, तो और क्या होगा।अमेरिका स्थित स्वतंत्र प्रबुद्ध संस्था 'द फ्यूचर ऑफ फ्री स्पीच' के एक नए वैश्विक सर्वेक्षण के मुताबिक, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया के प्रमुख 33 देशों में भारत 24वें स्थान पर है।

### लोग अपराध कर क्यों रहे हैं, इस मनोविज्ञान को समझना भी जरूरी

देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है।उत्तर प्रदेश में हाल में हत्या की कई घटनाओं से साफ है कि अपराध पर काबू करने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है। ऐसा लगता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की सरकार और पुलिस बेफिक्र हैं और दूसरी ओर अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। यह बेवजह नहीं है कि हत्या की लगातार कई वारदातों के बाद विपक्षी दलों की ओर से सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाने लगा है।दरअसल, बीते कुछ दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश में एशियाई खेलों के लिए चुने गए एक पैरा-एथलीट और एक राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महिला खिलाड़ी सहित हत्या की अन्य घटनाओं के बाद सरकार इस बात के लिए आलोचना के कठघरे में है कि क्या राज्य की कानून-व्यवस्था ठप हो चुकी है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं की वजह से खुद मुख्यमंत्री योगी के भीतर काफी नाराजगी देखी गई और उन्होंने ज्यादा अपराध दर वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी।सवाल है कि क्या केवल सख्ती के दावे और हिदायतों के दम पर राज्य में अपराध और आपराधिक मानसिकता वाले लोगों पर काबू पाया जा सकता है। अगर ऐसा संभव हो पाता, तो आज राज्य सरकार जघन्य अपराधों में तेज बढ़ोतरी के लिए खुद को आलोचना के घेरे में खड़ा नहीं पाती। जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था, तब भाजपा का वादा यही था कि वह राज्य को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराएगी। अपराधियों पर काबू पाने के मकसद से की गई कुछ फौरी सख्ती और कार्रवाइयों से ऐसा लगा भी। मगर हत्या या अन्य किसी जघन्य अपराध के आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के कुछ मामलों में पुलिस के रवैये पर सवाल भी उठे। आज एक समांतर सच यह भी है।

*भारत ने म्यांमार के साथ सामरिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को नई मजबूती देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वह क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने में माहिर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत ने एक ओर जहां अपने पूर्वोत्तर की सुरक्षा चिंताओं को मजबूती से उठाया, वहीं दूसरी ओर संपर्क परियोजनाओं, व्यापार और रणनीतिक साझेदारी के जरिए म्यांमार को भरोसेमंद सहयोग का संदेश भी दिया।*

## भारत और म्यांमार के बीच संबंधों को नई रणनीतिक धार वाली उच्चस्तरीय वार्ता, चीन को झटका

**(नीरज कुमार दुबे )**

देखा जाये तो इस पूरी वार्ता का एक महत्वपूर्ण पहलू चीन के बढ़ते प्रभाव की पृष्ठभूमि भी है। दक्षिण पूर्व एशिया में चीन लगातार आर्थिक और सामरिक विस्तार कर रहा है। म्यांमार में भी चीन की बड़ी निवेश परियोजनाएं और बंदरगाह विकास योजनाएं चल रही हैं। भारत और म्यांमार के बीच संबंधों को नई रणनीतिक धार देने वाली उच्चस्तरीय वार्ता ने दक्षिण पूर्व एशिया की बदलती भू राजनीतिक तस्वीर में बड़ा संदेश दिया है। म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुनकर साफ संकेत दिया कि वह चीन की बढ़ती पकड़ से संतुलन बनाने के लिए नई दिल्ली के साथ संबंधों को प्राथमिकता देना चाहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि ह्लाइंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्पष्ट आश्वासन दिया कि म्यांमार की धरती का उपयोग भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। यह संदेश केवल चीन के लिए ही नहीं बल्कि म्यांमार में सक्रिय उन सशस्त्र गुटों के लिए भी था जो लंबे समय से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति फैलाने की कोशिश करते रहे हैं। इस वार्ता के जरिए भारत ने म्यांमार में चीन के बढ़ते प्रभाव को चुनौती देते हुए यह दिखा दिया कि क्षेत्रीय सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और सामरिक साझेदारी के मामले में नई दिल्ली अब अधिक आक्रामक और निर्णायक भूमिका निभा रही है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वार्ता के बाद बताया कि दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों को लेकर सहयोग पर गंभीर चर्चा हुई। यह क्षेत्र आज वैश्विक राजनीति और आर्थिक प्रतिस्पर्धा का अहम हिस्सा बन चुका है क्योंकि आधुनिक प्रौद्योगिकी, रक्षा उपकरण, ऊर्जा परिवर्तन और अर्धचालक उद्योग में इन खनिजों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत लंबे समय से इन संसाधनों के लिए चीन पर निर्भरता कम करने की दिशा में प्रयासरत है। ऐसे में म्यांमार के साथ सहयोग भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। म्यांमार दुर्लभ मृदा संसाधनों से समृद्ध देश है और भारत इस क्षेत्र में साझेदारी के माध्यम से अपनी आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सुरक्षित और विविध बनाना चाहता है। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, संपर्क, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत म्यांमार का विश्वसनीय पड़ोसी, भरोसेमंद सहयोगी और संकट के समय सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाला देश बना रहेगा। यह दृष्टिकोण भारत की 'पड़ोसी प्रथम', 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' नीति के अनुरूप है। वार्ता में सुरक्षा सहयोग सबसे महत्वपूर्ण विषयों में शामिल रहा। म्यांमार के राष्ट्रपति ने भारत को आश्वासन दिया कि उनकी भूमि का उपयोग भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। यह आश्वासन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और म्यांमार के बीच लगभग सोलह सौ चालीस किलोमीटर लंबी सीमा है, जो अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम जैसे संवेदनशील पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़ी हुई है। हम आपको बता दें कि हाल के वर्षों में म्यांमार के भीतर अस्थिरता, सशस्त्र समूहों की गतिविधियां, अवैध तस्करी और सीमा पार घुसपैठ भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती रही हैं। विशेष रूप से मणिपुर में जातीय तनाव और हिंसा के बाद सीमा प्रबंधन का महत्व और बढ़ गया है। भारत और म्यांमार के बीच रक्षा सहयोग का केंद्र प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और संस्थागत विकास रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि म्यांमार के सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों से जुड़े प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। साथ ही दोनों देशों ने संपर्क परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विशेष रूप से कलादान बहु माध्यम पारगमन परिवहन परियोजना को रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को म्यांमार के रास्ते दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि पूर्वोत्तर भारत का रणनीतिक महत्व भी बढ़ेगा। यह परियोजना भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का प्रमुख आधार मानी जाती है। देखा जाये तो इस पूरी वार्ता का एक महत्वपूर्ण पहलू चीन के बढ़ते प्रभाव की पृष्ठभूमि भी है। दक्षिण पूर्व एशिया में चीन लगातार आर्थिक और सामरिक विस्तार कर रहा है। म्यांमार में भी चीन की बड़ी निवेश परियोजनाएं और बंदरगाह विकास योजनाएं चल रही हैं। ऐसे में भारत म्यांमार के साथ संबंधों को मजबूत कर क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना चाहता है। भारत के लिए म्यांमार केवल पड़ोसी देश नहीं बल्कि पूर्वोत्तर भारत को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ने वाला सामरिक द्वार है। इसलिए नई दिल्ली इस संबंध को आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा तीनों स्तरों पर मजबूत करने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति, स्थिरता और समावेशी संवाद के समर्थन की भी बात कही। भारत ने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अपने अनुभव साझा करने की पेशकश की। यह संकेत देता है कि भारत म्यांमार में स्थिर राजनीतिक व्यवस्था और दीर्घकालिक शांति को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए आवश्यक मानता है। हम आपको यह भी बता दें कि म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने अपनी भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से भी महत्वपूर्ण मुलाकात की। इन बैठकों में सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में सक्रिय उग्रवादी गुटों की गतिविधियां, अवैध हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी, समुद्री सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। भारत ने साफ किया कि म्यांमार की स्थिरता और वहां शांति बहाली भारत की सुरक्षा से सीधे जुड़ी हुई है। अजित डोभाल के साथ हुई बातचीत में सामरिक सहयोग, खुफिया समन्वय और सीमा पार आतंकी नेटवर्क पर निगरानी मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक में व्यापार, संपर्क परियोजनाओं, ऊर्जा सहयोग और पूर्वोत्तर भारत को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ने वाली योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। देखा जाये तो म्यांमार के राष्ट्रपति की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब पूरा क्षेत्र भू राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, आपूर्ति श्रृंखला संकट और सुरक्षा चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। इस यात्रा ने स्पष्ट किया है कि भारत और म्यांमार अपने संबंधों को केवल पारंपरिक पड़ोसी संबंधों तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि उन्हें व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलना चाहते हैं। दुर्लभ खनिजों से लेकर सीमा सुरक्षा और संपर्क परियोजनाओं तक, दोनों देशों की बढ़ती निकटता आने वाले समय में दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया की राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। कुल मिलाकर म्यांमार के साथ यह पूरी कूटनीतिक पहल मोदी सरकार की सक्रिय और दूरदर्शी विदेश नीति का मजबूत उदाहरण बनकर सामने आई है। ऐसे समय में जब चीन दक्षिण पूर्व एशिया में अपना प्रभाव तेजी से बढ़ा रहा है।

## आधुनिकता के नाम पर चीनी चक्रव्यूह का कसता शिकंजा

**(डॉ. रवीन्द्र अरजरिया)**

जैविक हथियारों के बाद अब इलैक्ट्रनिक चक्रव्यूह के जाल में दुनिया को फंसाने की कवायद तेज होती जा रही है। इजराइल ने इसकी शुरूआत सन् 2010 में ईरान के नतान्ज स्थित परमाणु संयंत्रों को एक शक्तिशाली कम्प्यूटर वायरस के द्वारा भौतिक और तकनीकी क्षति पहुंचा कर प्रत्यक्ष रूप में की थी। उसके बाद यह क्रम चल निकला। वायरस बनाने से लेकर उनके व्यापक प्रयोग तक के अनुसंधान में दुनिया के तकनीक सम्पन्न देश जुट गये। सन् 2024 के सितम्बर माह की 17 तारीख को लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह सदस्यों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पेजर्स पर इजाराइल ने पूर्व निर्धारित षड़यंत्र के तहत साइबर इलैक्ट्रानिक अटैक किया। पेजर्स में विस्फोट होते चले गये। आहत होते लोगों की संख्या में इजाफा होता चला गया। अगले दिन 18 सितम्बर को आतंकवादियों द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले वॉकी-टॉकी में विस्फोटों का सिलसिला शुरू हुआ। इन विस्फोटों के पीछे की तकनीक ने दुनिया को एक बार फिर चौंका दिया। इन इलैक्ट्रानिक डिवाइस पर एक खास कोडिंग में संदेश भेजा गया था जिससे बैटरी ओवरहीट हुई और अंदर लगा विस्फोटक फट गया। घटना को इजराइल के तकनीकी अनुसंधान और मोसाद की पकड ने दूर से ही अंजाम तक पहुंचाया। वर्तमान में इसी तरह की बानगी देश में देखने को मिल रही है। राजधानी सहित अनेक हिस्सों में ई-रिक्शा की लिथियम बैटरी को रिमोटली हैक किये जाने की घटनायें सामने आ रहीं हैं। बीएटी-बीएमएस तथा ईपोच ली इओन जैसे चाइनीज मोबाइल ऐप्स के माध्यम से शराराती तत्वों ने ई-रिक्शों को निशाना बनाया। ई-रिक्शों में उपयोग होने वाली आधुनिक लिथियम बैटरी निर्माताओं ने उनमें ब्लूटूथ-बेस्ड बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम यानी बीएमएस लगा दिया जिसे ब्लूटूथ के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। बैटरियों की आपूर्ति करने वाली कम्पनियों ने तकनीक डिजाइन में ब्लूटूथ षडयंत्र सहित अनेक नकारात्मक साइबर प्रक्रियायें जोडी गईं हैं ताकि आवश्यकतानुसार उनका उपयोग निहित इच्छित लक्ष्य भेदन हेतु किया जा सके। फिलहाल इस तकनीक के माध्यम से शरारती तत्व दूर से ही वाहनों को लॉक कर रहे हैं। साइबर हैकिंग और चालकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए सरकार ने बैटरी हैक करने वाले इन संदिग्ध ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एपल एप स्टोर से हटाने के आदेश दे दिये हैं। यह महज तत्काल मिलने वाली राहत है। इस बानगी ने आने वाले समय की विकराल विभीषिका का स्पष्ट संकेत दे दिया है। इन बैटरियों को जब शरारती तत्वों द्वारा केवल मोबाइल के एप से ब्लूटूथ को माध्यम बनाकर नियंत्रित किया जा सकता है तो फिर बैटरियों के निर्माताओं द्वारा विकसित की गई इस तकनीक के अन्य फीचर बैटरियों में ब्लास्ट जैसी घटनायें भी आसानी से कर सकते होंगे। यह मामला केवल ई-रिक्शा तक ही सीमित नहीं है। कार, स्कूटी, बस, ट्रेन, हेलीकाप्टर, हवाई जहाज सहित अनेक इलैक्ट्रानिक उपकरणों में भी इसी तरह की बैटरियों का धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है। अत्याधुनिक बैटरियों का नाम पर सुविधाओं का अम्बार दिखाने वाली अनेक कम्पनियों अपने पूर्व निर्धारित षडयंत्र के तहत आमजन तक घातक पहुंच बनाने में जुटीं हैं। बैटरियों को ओवर हीट करके विस्फोट करने वाली तकनीक तो प्रयोग के तौर पर आजमाई गई प्रतीत होती है जो पूरी तरह सफल हुई।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

## वर्ग पहेली 6145

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| | ■ | 10 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 11 | | | ■ | 12 | 13 | |
| 14 | | | ■ | 15 | ■ | | ■ |
| | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| 20 | 21 | | | ■ | ■ | 22 | |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1966 के दिन इस भारतीय महिला ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था (5)
5. अव्यक्त मधुर ध्वनि (2)
7. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
8. एक ही समय होने वाला (5)
10. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
11. निजका, आत्म का (3)
12. संज्ञा या सर्वनाम की वह स्थिति जो वाक्य में क्रिया के साथ उसका संबंध बतलाती है, करने वाला (3)
14. पहर-पहर पर बजने वाला घंटा, जल्दी-जल्दी बजने वाला शब्द, भोर का घंटा (3)
16. साज या वाद्य बजाने की क्रिया (3)
18. भ्रम, संदेह, संशय, भय (2)
20. रत्न, मणि, नग, नगीना (4)
22. अल्प, थोड़ा, न्यून (2)
23. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
24. सद्गति को प्राप्त करवाना (3)

**(ऊपर से नीचे**

1. पढ़ने वाला, पाठक, कुलाध्यक्ष (3)
2. नृत्य में उसके काल और क्रिया का परिणाम (2)
3. रिसाने में प्रवृत्त करना (4)
4. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
5. एक युग प्रवर्तक देवता, पुराणानुसार 432000 वर्षो तक इस देवता का अधिकार रहेगा (2)
6. अत्यंत दुबला-पतला, लंबी गर्दन वाला एक जलपक्षी (4)
9. वेश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक (3)
10. निश्चित, बेफिक्र, असावधान (5)
11. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
13. यह नाम सितार वादन के साथ जुड़ा है (5)
14. घोर शब्द करना, आर्तनाद करना (4)
15. निरूत्तर, चुप होने का भाव (2)
17. एक प्रकार की बांस की चटाई (3)
19. हसरत, तमन्ना, अभिलाषा, वांछा (3)
21. अपान वायु, हवा (2)

### वर्ग पहेली 6144 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | हि | र | से | न | ■ | क | म |
| ला | ल | ■ | वा | क | प | टु | ता |
| न | ग | ज | ■ | ब | ल | ■ | धि |
| ■ | ना | न | प | ज | ■ | डं | का |
| सो | ■ | ■ | ह | न | न | ■ | र |
| ह | ल | च | ल | ■ | सी | धा | ■ |
| ब | ला | ■ | वा | जि | ब | ■ | धा |
| त | ट | ■ | न | ■ | ■ | मौ | र |

## आज का राशिफल

### मेष

आज पैसों के मामलों में आपको थोड़ा धीरज रखना होगा। जल्दबाजी में कोई चीज न खरीदें और किसी को उधार देने से भी बचें। आपका रुका हुआ पैसा मिलने में थोड़ा समय लग सकता है, इसलिए परेशान न हों। आज की छोटी-छोटी बचत आगे चलकर आपके बहुत काम आएगी। दफ्तर में आज काम का बोझ बढ़ सकता है।

### वृष

आज यात्रा, पढ़ाई या परिवार से जुड़े कुछ जरूरी खर्चे सामने आ सकते हैं। किसी भी नए काम में धन लगाने से पहले अपने बजट की पूरी रूपरेखा तैयार कर लें। अपने हुनर को निखारने या कोई नई बात सीखने से आपके भविष्य को बहुत मजबूती मिलेगी। प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में थोड़े बहुत उतार-चढ़ाव आ सकते हैं, लेकिन आपका उत्साह साथियों को जोड़े रखेगा।

### मिथुन

आज अपनी बचत की योजनाओं को दोबारा देखने और फालतू के खर्चों को कम करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। आपकी सोची-समझी प्लानिंग ही आपके पैसों को सुरक्षित रखेगी। बाजार की अफवाहों या दूसरों की बातें सुनकर कहीं भी धन लगाने का फैसला न लें।

### तुला

आपकी आर्थिक स्थिति ठीक बनी हुई है। फालतू के खर्चों से दूर रहें और अपनी बचत पर ध्यान दें। अपनी पुरानी योजनाओं को दोबारा देखने के लिए अच्छा दिन है। धन का कोई बड़ा फैसला लेने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करना आपके लिए बहुत फायदेमंद रहेगा। आपका भरोसा और काम करने की शक्ति बढ़ेगी।

### वृश्चिक

आज आर्थिक मामलों में आपका भरोसा अच्छा रहेगा। फिर भी दिखावे या सुख-सुविधा की महंगी चीजों पर जरूरत से ज्यादा खर्च न करें। आपकी आय बनी हुई है, बस एक सही बजट बनाकर चलने से आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपका कोई नया विचार आगे चलकर कमाई का जरिया बन सकता आपके अच्छे गुण आज कामकाज में साफ दिखाई देंगे।

### धनु

आज घर-परिवार की जरूरतों पर कुछ धन खर्च हो सकता है। जोखिम भरे कामों में पैसा लगाना अभी टाल दें। तुरंत मिलने वाले फायदे के चक्कर में पड़ने के बजाय अपने बजट को संभालने पर ध्यान देना ज्यादा ठीक रहेगा। नौकरी-बिजनेस में आज स्थितियां थोड़ी बदल सकती हैं, जिससे काम के समय में बदलाव करना पड़ सकता है।

### कर्क

आज पूरे नियम के साथ बनाई गई पैसों की योजना आपके मन को बहुत शांति देगी। दूसरों को प्रभावित करने के लिए कोई भी महंगी चीज खरीदने से बचें। कोई पुराना रुका हुआ आर्थिक मामला आज सुलझने की तरफ बढ़ेगा, जिससे आगे चलकर आपको बड़ी राहत मिलेगी। आज नए लोगों से मिलना-जुलना आपके भविष्य के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है।

### सिंह

आज पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला भावनाओं में बहकर बिल्कुल न लें। साझेदारियों के काम में पूरी तरह खुलापन रखें और धन के लेन-देन को साफ रखें। धीरे-धीरे और नियम से की गई छोटी बचत भी आने वाले समय में बहुत बड़े और अच्छे परिणाम लेकर आएगी। आज टीम के साथ मिलकर चलना और सहयोग करना आपके लिए बहुत जरूरी रहेगा।

### कन्या

आज आर्थिक लक्ष्यों को लेकर आपकी सोच बहुत अच्छी रहेगी। फालतू के खर्चों पर पूरी तरह रोक लगाएं और लंबे समय की आर्थिक मजबूती पर ध्यान दें। पूरी पड़ताल करने के बाद किया गया निवेश ही आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

### मकर

आज आपको पैसों का प्रबंधन बहुत ही नियम के साथ करने की सीख दे रही है। बिना पूरी जानकारी के धन का कोई भी जोखिम उठाना आपके हक में नहीं रहेगा। सूझबूझ और सही प्लानिंग से आगे बढ़ने पर आपको अपनी आय को और बेहतर करने के अच्छे मौके मिल सकते हैं। आपका पूरा ध्यान और लगन आज आपको कार्यक्षेत्र के बड़े और मुश्किल कामों को भी अच्छे से संभालने में मदद करेगी।

### कुंभ

आज आर्थिक मामलों को लेकर आपका नियम से चलना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बना हुआ है। टैक्स, बीमे या लंबे समय के निवेश से जुड़े कामों को व्यवस्थित करने के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। किसी से भी नया कर्ज लेने से बचें और अपनी बचत को बढ़ाने पर पूरा ध्यान दें। आपके भरोसेमंद स्वभाव के कारण दफ्तर के लोग और बड़े अधिकारी आपका बहुत आदर करेंगे।

### मीन

आज पैसों के हर मामले में सावधानी रखें। किसी भी नए कागज या समझौते पर दस्तखत करने से पहले उसकी हर बात अच्छे से पढ़ लें। भावनाओं में आकर पैसों का कोई फैसला न लें, आगे की सोच रखना ही आपको लाभ देगा। आज आपको पुराने छूटे हुए कामों को पूरा करना पड़ सकता है या पुरानी गलतियों को सुधारना होगा। इसमें थोड़ी मेहनत लग सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



# यूथ वनडेः श्रीलंका के खिलाफ 'द्रविड़' ने जड़े 87 रन

**हम्बनटोटा।** भारत के महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने भारत अंडर-19 टीम की तरफ से खेलते हुए सोमवार को श्रीलंका अंडर-19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे मैच में 87 रन बनाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 67 गेंदों की इस पारी में 1 छक्का और 9 चौके लगाए, लेकिन टीम मैच गंवा बैठी। सोमवार को महिंदा राजपक्षे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अन्वय द्रविड़ की इस शानदार पारी की बदौलत भारतीय टीम ने 285 रनों का विशाल स्कोर बनाया, लेकिन श्रीलंका ने इस मैच को 8 विकेट शेष रहते अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने पहला मैच 4 विकेट से जीता था, लेकिन अब तीन मुकाबलों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का अंतिम मैच 9 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाना है। इसके बाद 13 जुलाई से दो अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हम्बनटोटा में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 47.2 ओवरों में 285 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम ने 11 के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कुशाग्र ओझा ने वीके विनीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 गेंदों में 67 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। विनीत 45 गेंदों में 4 चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अन्वय द्रविड़ बल्लेबाजी के लिए उतरे और अर्जुन राजपूत के साथ पांचवें विकेट के लिए 126 गेंदों में 144 रन जुटाए। अर्जुन 81 गेंदों में 10 बाउंड्री के साथ 76 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अन्वय ने 87 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। श्रीलंकाई खेमे से गिमहान मेंडिस ने 8.2 ओवरों में 41 रन देकर सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि कविजा गमागे ने 2 विकेट निकाले। एक विकेट सेथमिका सेनेविरात्ने के हाथ लगा।

### ● विशाल स्कोर के बावजूद भारत की हार

इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने 48 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस टीम को 25 के स्कोर पर दुलनिथ सिगेरा (14) के रूप में शुरुआती झटका लग गया था। इसके बाद दिमंथा महाविथाना ने सेनुजा वेकुनागोडा के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करते हुए जीत की नींव रख दी।

## उप्र में जन्मे विनायक शुक्ला बने ओमान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान

**मस्कट।** ओमान क्रिकेट ने भारतीय मूल के विकेटकीपर-बल्लेबाज विनायक शुक्ला को पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया है। टीम के उप-कप्तान रहे शुक्ला ने जतिंदर सिंह की जगह ली है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत में हुए आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ओमान की कमान संभाली थी। ओमान क्रिकेट ने विनायक शुक्ला को कप्तान इसलिए चुना है, क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में टीम की तरक्की और सफलता में अहम भूमिका निभाई है। ओमान क्रिकेट ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए नए कप्तान की घोषणा करते हुए कहा, 'एक नए अध्याय की शुरुआत। ओमान क्रिकेट गर्व के साथ विनायक शुक्ला को ओमान पुरुष क्रिकेट टीम का कप्तान घोषित करता है।' पिछले कुछ वर्षों में टीम की तरक्की और सफलता में अहम योगदान देने के बाद, 32 वर्षीय विनायक अब राष्ट्रीय टीम को अगले अध्याय में ले जाने की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



### टी20 सीरीजः जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान

# वैभव-रिंकू को मौका

### ● सैमसन बाहर



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 मुकाबलों की सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में एक बार फिर 15 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया है। तिलक वर्मा टीम के उप-कप्तान होंगे। वैभव सूर्यवंशी आयरलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों की टी20 सीरीज का हिस्सा थे, लेकिन वहां उन्हें मौका नहीं मिल सका। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में भी वह प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे। आखिरकार, दूसरे मुकाबले में वैभव को मौका दिया गया, जिसके साथ 15 साल और 99 दिन की उम्र में वैभव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बन गए थे। हालांकि, अपने डेब्यू मैच में वैभव 14 रन ही बना सके थे। मैच फिनिशिर रिंकू सिंह ने टी20 टीम में वापसी की है। इनके अलावा, प्रिंस यादव, यश ठाकुर और अशोक शर्मा भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। अशोक शर्मा ने आईपीएल 2026 में अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से सुर्खियां बटोरी थीं। हर्ष दुबे और वरुण चक्रवर्ती को स्पिन गेंदबाज के तौर पर टीम में शामिल किया गया है, लेकिन इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा रहे अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को मौका नहीं दिया गया। विकेटकीपिंग का जिम्मा ईशान किशन और प्रभसिमरन सिंह को सौंपा गया है। संजू सैमसन इस सीरीज से बाहर हैं।

दोनों देशों के बीच 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्थित हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टी20 सीरीज के तीनों मैच खेले जाने हैं।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, वरुण चक्रवर्ती, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में नितीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को शामिल किया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बदलाव

# रेड्डी की जगह दुबे टीम में शामिल



**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने जा रही तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज से पहले चोटिल नितीश कुमार रेड्डी की जगह सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर शिवम दुबे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दुबे इंग्लैंड में जारी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि दुबे वनडे सीरीज के लिए भी वहीं रुकेंगे, क्योंकि रेड्डी अभी भी क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं।

रेड्डी के रिहैबिलिटेशन के कारण उन्हें पहले ही आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और जिम्बाब्वे के विरुद्ध आगामी तीन मुकाबलों की सीरीज से बाहर कर दिया गया था। देवजीत सैकिया ने कहा, 'सिलेक्शन कमिटी ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में नितीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को चुना है।

#### भारत की अपडेटेड वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार, शिवम दुबे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डूरंड कप 2026 की ट्रॉफियों का किया अनावरण



**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को डूरंड कप 2026 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में आयोजित किया गया। इस मौके पर भारतीय नौसेना प्रमुख (चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ) एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति मुर्मू और नौसेना प्रमुख ने संयुक्त रूप से डूरंड कप की ट्रॉफियों का अनावरण किया। ट्रॉफियों के अनावरण के साथ ही डूरंड कप 2026 के 'ट्रॉफी टूर' की आधिकारिक शुरुआत भी हो गई। इस ट्रॉफी टूर के माध्यम से टूर्नामेंट की ट्रॉफियों को विभिन्न स्थानों पर ले जाया जाएगा, जिससे देशभर के फुटबॉल प्रशंसकों के बीच प्रतियोगिता को लेकर उत्साह बढ़ाया जा सके। डूरंड कप भारत के सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक माना जाता है। राष्ट्रपति भवन में ट्रॉफियों का अनावरण इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है।

## जैनिक सिनर ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, मोचिजुकी को सीधे सेटों में हराया

**लंदन।** दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के क्वालिफायर शिंटारो मोचिजुकी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6(0), 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यह लगातार पांचवां मौका है जब सिनर ने विंबलडन के अंतिम आठ का टिकट हासिल किया है। इस जीत के साथ सिनर ओपन एरा में ग्रास कोर्ट मेजर के पांचवें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ 11वें खिलाड़ी हैं। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों में केवल सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे खिलाड़ी हैं। मैच की शुरुआत में जापान के शिंटारो मोचिजुकी ने शानदार खेल दिखाया और कुछ मौकों पर सिनर को दबाव में भी डाला। उन्होंने पहले ब्रेक प्वाइंट हासिल किया, लेकिन सिनर ने तुरंत वापसी कर ब्रेक बचा लिया। हालांकि, सिनर ने जल्द ही मोचिजुकी की सर्विस तोड़कर पहले सेट को 6-3 से अपने नाम कर लिया।



दूसरे सेट में मुकाबला काफी रोमांचक रहा। मोचिजुकी ने अपनी सर्विस पर बेहतर नियंत्रण दिखाया और शुरुआती गेम में कोई पॉइंट नहीं गंवाया। उन्होंने लंबे रैलियों में भी सिनर को चुनौती दी। सात-ड्यूस तक गेम पहुंचा और सिनर को ब्रेक के मौके भी मिले, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। 4-4 की स्थिति तक मोचिजुकी ने मैच को बराबरी पर बनाए रखा और सिनर को कड़ी टक्कर दी।

# अभिषेक शर्मा की तस्वीर से छेड़छाड़!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर अभिषेक शर्मा की तस्वीर और पहचान के कथित अनधिकृत इस्तेमाल से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणियां की हैं। अदालत ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि डिजिटल दौर में पर्सनैलिटी राइट्स (व्यक्तित्व अधिकार) और मानहानि के मामलों के बीच एक बेहद पतली रेखा होती है और कई बार दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए दिखाई देते हैं। अभिषेक शर्मा ने अदालत में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि उनकी तस्वीर, नाम और पहचान का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया। याचिका में यह भी दावा किया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उनकी तस्वीर में बदलाव कर भ्रामक सामग्री तैयार की गई।

### एआई से तस्वीर बदलने का आरोप

सुनवाई के दौरान अभिषेक शर्मा की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि मूल तस्वीर में क्रिकेटर अपने मैनेजर के साथ थे, लेकिन एआई तकनीक का इस्तेमाल कर उसकी शक्ल और संदर्भ बदल दिया गया। उनका कहना था कि यह सिर्फ सामान्य फोटो प्रकाशित करने का मामला नहीं, बल्कि एआई के जरिए छेड़छाड़ कर क्रिकेटर की छवि का अनधिकृत इस्तेमाल किया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, बदली गई तस्वीर लोगों के बीच गलत संदेश देती है और उनके व्यक्तित्व का बिना अनुमति व्यावसायिक एवं डिजिटल इस्तेमाल करती है।

### कोर्ट की अहम टिप्पणी

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने कहा, 'हम रोज ऐसे मामले देखते हैं, जहां मानहानि और पर्सनैलिटी राइट्स के बीच बेहद पतली रेखा होती है। यह क्षेत्र अभी विकसित हो रहा है। दोनों के बीच कुछ हद तक ओवरलैप भी है। कई बार मानहानि से जुड़ी सामग्री में पर्सनैलिटी राइट्स का पहलू भी शामिल हो सकता है।'

# अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान का निधन





**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट को मंगलवार को बड़ा झटका लगा, जब टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और देश में क्रिकेट की नींव रखने वाले खिलाड़ियों में शामिल शापूर जादरान का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी साझा करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया।

शापूर जादरान पिछले जनवरी से भारत के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा देखभाल (आईसीयू) में भर्ती थे। पिछले साल अक्टूबर में अफगानिस्तान में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उनके भाई घमई जादरान और पूर्व कप्तान असगर अफगान उन्हें इलाज के लिए भारत लेकर आए थे।

जादरान हेमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे। यह ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) असामान्य रूप से सक्रिय होकर शरीर के ही अंगों पर हमला करने लगती है। परिवार के अनुसार, उनकी हालत एक गंभीर संक्रमण के कारण और बिगड़ गई थी। उनके भाई घमई जादरान ने पहले बताया था, 'यह बेहद गंभीर संक्रमण था। उनके पूरे शरीर में संक्रमण फैल गया था, जिसमें टीबी (तपेदिक) भी शामिल थी। संक्रमण उनके मस्तिष्क तक पहुंच गया था।' कुछ समय के लिए उनकी हालत में सुधार हुआ और उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई थी, लेकिन संक्रमण दोबारा तेजी से फैल गया। इसके बाद उन्हें फिर से आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां 39वें जन्मदिन से एक दिन पहले उन्होंने अंतिम सांस ली।

### अफगान क्रिकेट के शुरुआती नायकों में थे शापूर

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 'गहरे दुख और शोक के साथ अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान के निधन पर शोक व्यक्त करता है। शापूर जादरान अफगानिस्तान क्रिकेट की नींव रखने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। उनके समर्पण, जुनून और अटूट प्रतिबद्धता ने हमारे देश में क्रिकेट के विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

बोर्ड ने आगे कहा, 'अपने पूरे करियर के दौरान शापूर ने सम्मान, साहस और गर्व के साथ अफगानिस्तान क्रिकेट की सेवा की। मैदान के बाहर भी वह युवा खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के लिए प्रेरणा थे। उनका संघर्ष, दृढ़ संकल्प और खेल के प्रति प्रेम आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देता रहेगा।'

### विश्व कप की ऐतिहासिक जीत के हीरो बने थे

शापूर जादरान का नाम अफगानिस्तान क्रिकेट के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। 2015 वनडे विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में उन्होंने अंतिम ओवर में विजयी रन बनाकर अफगानिस्तान को विश्व कप इतिहास की पहली जीत दिलाई थी। जीत के बाद मैदान पर हाथ फैलाकर उनका जश्न मनाना आज भी अफगान क्रिकेट के सबसे यादगार पलों में गिना जाता है।

# सहयोग शिविर में 22 विभागों ने मौके पर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## 148 आवेदनों में 109 का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन, लाभुकों को ई-श्रम, राशन व आयुष्मान कार्ड का वितरण, डीएम ने विधायक प्रमोद कुमार सिंह को पौधा एवं शॉल भेंटकर किया सम्मानित

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को मदनपुर प्रखंड की नीमा अजान पंचायत में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने विधायक प्रमोद कुमार सिंह को पौधा एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया, जबकि जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी पौधा एवं शॉल देकर सम्मानित किया। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं पंचायत स्तर तक पहुंचकर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। इसी उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सभी पंचायतों में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक 'सहयोग पोर्टल' के माध्यम से भी किसी भी समय अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। यदि किसी को ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाई होती है तो शिविर में मौजूद विभागीय स्टॉलों पर कर्मी आवेदन दर्ज कराने में सहायता करते हैं।



डीएम ने बताया कि नीमा अजान पंचायत से पहले 124 आवेदन प्राप्त हुए थे, जबकि शिविर के दौरान यह संख्या बढ़कर 148 हो गई। इनमें से 109 आवेदनों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। वहीं 7 जुलाई को जिलेभर में आयोजित सहयोग शिविरों के माध्यम से 1,182 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निष्पादन की प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर जारी है। उन्होंने ग्रामीणों से भूमि विवाद, नल-जल योजना, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत योजना सहित किसी भी सरकारी योजना से संबंधित शिकायत या समस्या होने पर आवेदन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश शिविर में आवेदन नहीं हो सके तो प्रखंड कार्यालय में भी आवेदन जमा किया जा सकता है।

रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि पहले छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को जिला मुख्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती थी। अब सरकार प्रशासन को पंचायत स्तर तक पहुंचाकर लोगों को उनके गांव में ही सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि 22 विभागों के स्टॉल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार सभी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर के दौरान विधायक, जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लाभुकों के बीच ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण भी किया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सात निश्चय-2 के तहत नल-जल योजना, कौशल विकास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, शिक्षा एवं राजस्व विभाग सहित 22 विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दवा वितरण, नेत्र परीक्षण, रक्त जांच, आयुष्मान भारत कार्ड तथा यूडीआईडी कार्ड से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी आवेदक को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इस अवसर पर वरीय उपसमाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बारिश बनी काल : एनएच-139 पर डिवाइडर से टकराई बाइक, 21 वर्षीय युवक की मौत

- सिर में गंभीर चोट लगने के बाद गया रेफर किया गया था
- हरिहरगंज के सुल्तानी गांव का रहने वाला था मृतक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार-झारखंड सीमा से सटे एनएच-139 फोरलेन पर हुए सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बारिश के कारण सड़क गीली होने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई। गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के लिए गया ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानी गांव निवासी महेंद्र रजक के 21 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार रजक के रूप में हुई है। बताया गया कि विमलेश किसी काम से हरिहरगंज बाजार गया था। लौटने के दौरान कौवाखोह रजवार मोड़ के पास बारिश से फिसलन भरी सड़क पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरिहरगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि विमलेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में भी पिता और भाइयों का सहयोग करता था। उसकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बारिश के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# हत्या के दोषी पिता-पुत्र को उम्रकैद, कोर्ट ने लगाया 10-10 हजार का जुर्माना

**औरंगाबाद(एसवीवी.सं.)**। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश (नवम) ने दाउदनगर थाना कांड संख्या-299/23 (एसटीआर-557/23 एवं जीआर-227/23) से जुड़े चर्चित हत्या मामले में दोषी करार दिए गए पिता-पुत्र को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही न्यायालय ने आदेश दिया कि न्यायिक हिरासत में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। अपर लोक अभियोजक (एपीपी) राजाराम चौधरी ने बताया कि न्यायालय ने चौरम, दाउदनगर निवासी शिवम कुमार एवं उसके पिता रंजीत चंद्रवंशी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अपने आदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), औरंगाबाद को पीड़ित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है। गौरतलब है कि 23 जून 2026 को न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया था। अभियुक्त शिवम कुमार घटना के समय से ही न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

# दो पंचायतों में लगे सहयोग शिविर, 60 आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को दो पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। विपरीत मौसम के बावजूद ग्रामीणों ने शिविरों में बढ़ - चढ़कर भाग लिया। गोरडीहा पंचायत सरकार भवन में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक चले प्रथम सत्र में 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 30 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह उपस्थित रहे। वहीं संसा पंचायत सरकार भवन में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चले दूसरे सत्र में 72 आवेदन आए, जिनमें से 30 का निष्पादन किया गया। इस प्रकार दोनों शिविरों में कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 60 आवेदनों का निपटारा किया गया।

# बारिश के बाद खाद के लिए उमड़ी किसानों की भीड़, बंद मिला इफको बाजार का काउंटर




निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

आर्द्रा नक्षत्र के अंतिम चरण में हुई झमाझम बारिश के बाद किसानों की खेतों में बुआई की तैयारी तेज हो गई है। इसी के साथ खाद की मांग भी बढ़ गई है। मंगलवार को रफीगंज स्थित इफको बाजार में खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान पहुंचे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। किसानों के अनुसार, बारिश के बीच घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद इफको बाजार का काउंटर और शटर बंद मिला। किसानों ने आरोप लगाया कि भीड़ बढ़ने पर इफको बाजार के कर्मियों ने अंदर से काउंटर और शटर बंद कर दिया। बारिश में भीगते हुए लाइन में खड़े किसानों में रामदास मिस्त्री, रोहन यादव, प्रदीप चौहान, केशव दास, पुष्पा देवी और राजमुनी देवी समेत कई किसान शामिल थे। उनका कहना था कि वे सुबह से खाद मिलने की उम्मीद में इंतजार कर रहे थे, लेकिन वितरण शुरू नहीं किया गया। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जब इफको बाजार में खाद उपलब्ध नहीं रहती, तब किसान सेवा केंद्र के नाम पर लाइसेंसधारी निजी दुकानदार अधिक कीमत पर खाद बेचकर किसानों का शोषण करते हैं। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद प्रभावशाली होने के कारण ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। किसानों ने बताया कि इफको बाजार से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक किसान सेवा केंद्र भी बंद मिला, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई।

इस संबंध में इफको बाजार के प्रबंधक अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा कि खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि बारिश होने के बाद पूरे प्रखंड के किसान एक साथ खाद लेने पहुंच जाते हैं, जिससे वितरण व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन इन दिनों मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों में व्यस्त है, जिसके कारण भी कुछ व्यवस्थागत दिक्कतें आई हैं। प्रबंधक ने क्षेत्र के अन्य लाइसेंसधारी खाद विक्रेताओं से भी किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने में सहयोग करने की अपील की।

# भाकपा-माले काराकाट जोन की बैठक, 28 जुलाई को

दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.स.)। भाकपा-माले के काराकाट स्तरीय औरंगाबाद-रोहतास जोन की प्रथम बैठक सोमवार को जोनल प्रभारी कॉमरेड अमर जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पोलित ब्यूरो सदस्य एवं सांसद राजाराम सिंह तथा केंद्रीय कमिटी सदस्य सह विधायक अरुण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत दिवंगत कॉमरेड प्रेम सिंह गहलौत, नंदकिशोर सिंह और रामनारायण ठाकुर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। नेताओं ने उनके संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में आगामी 28 जुलाई को कॉमरेड सुब्रादत जौहर का शहादत दिवस सभी शाखाओं में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित कर उनके संघर्ष और विचारों को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। सके अलावा, खेगरामस के देशव्यापी सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए अभियान को और तेज करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी शाखाओं एवं लोकल कमिटियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने पर भी सहमति बनी, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जा सके।

## न्यूज बाइट्स

### विवादित जमीन पर निर्माण को लेकर बढ़ा विवाद

**अम्बा (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। अम्बा गांव में एक विवादित जमीन पर निर्माण के प्रयास को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव गहरा गया है। मामला केवाला की भूमि एवं आवागमन के रास्ते से जुड़ा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विवाद न्यायालय में लंबित रहने के बावजूद विपक्षी पक्ष विवादित भूमि पर बांस-बल्ला गाड़कर छप्पर बनाने का प्रयास कर रहा है। उनका कहना है कि यदि निर्माण हुआ तो कई परिवारों का मुख्य रास्ता बंद हो जाएगा। अम्बा निवासी राकेश कुमार ने अंचलाधिकारी को दिए आवेदन में बताया कि उनके पिता ने खाता संख्या-19, प्लॉट संख्या-134 के तहत छह डिसमिल भूमि खरीदी थी। इस भूखंड के एक हिस्से को लेकर औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में वाद संख्या 67/2020, 49/2022, 70/2023, 19/2023 एवं 691/2001 के तहत मामले विचाराधीन हैं। उन्होंने दावा किया कि इस विवाद से संबंधित मामला पटना उच्च न्यायालय में भी लंबित है तथा वहां से भी आवश्यक आदेश जारी किए जा चुके हैं।

### सहयोग शिविर, 72 में से 47 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। ओबरा प्रखंड की खुदवा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय कलेन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं के समाधान के लिए कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 47 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिविर की अध्यक्षता खुदवा पंचायत की मुखिया रागिनी देवी ने की, जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना कुमार ने किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम, अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार, खुदवा थानाध्यक्ष सुशील कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बिहार सरकार की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। इसके तहत पंचायत स्तर पर ही विभिन्न विभागों के अधिकारी कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका त्वरित समाधान कर रहे हैं। तेज बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंचे और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए।

